100
प्रमुखस्वामी महाराज
शताब्दी महोत्सव

वर्ष : 4 अंक: 42 मूल्य : 4 रु.

RNI No.-DELHIN/2019/78266

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org

# मदरलैण्ड वॉइस

सोमवार, 17 अक्टूबर 2022

राष्ट्र प्रेमियों का दैनिक समाचार पत्र

दिल्ली से प्रकाशित एवं जयपुर, लुधियाना, चंडीगढ़, पटना, रायपुर, देहरादून, शिमला में प्रसारित

## भाजपा गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिला, युवा, और किसान की पार्टी: नड्डा

### पंच परमेश्वर सम्मेलन में भाजपाध्यक्ष ने किया संबोधित

नई दिल्ली, एजेंसी। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने दिल्ली के रामलीला मैदान में पंच परमेश्वर सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि भाजपा गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिला, युवा, और किसान की पार्टी है। उन्होंने कहा कि जो राजनीतिक पार्टियां इतनी बड़ी संख्या में जनसभा नहीं कर पाती हैं, उतनी हमारे यहां कार्यकताओं का सम्मेलन हो जाता है। बड़े राजनीतिक दल का दावा करने वाली पार्टियां रामलीला मैदान में जनसभा नहीं कर पाती और बीजेपी का कार्यकर्ता सम्मेलन यहां होता है। हमारी उत्पत्ति 1950 के दशक में हुई। सारी पार्टियों के आचार, विचार, तौर-तरीके और सोच बदल गई, समाजवादी समाजवादी नहीं रहे, कम्युनिस्ट कम्युनिस्ट नहीं रहे और इंडियन नेशनल कांग्रेस ना इंडियन ना नेशनल ना ही कांग्रेस रह गई, बस भाई बहन की पार्टी बन गई।




नड्डा ने कहा कि आयुष्मान भारत के अंतर्गत हमने गरीबों को पांच लाख रुपये तक का स्वास्थ्य बीमा सुनिश्चित किया है। देश भर में करोड़ों गरीबों को आयुष्मान भारत स्वास्थ्य कार्ड दिया गया है। लेकिन दुख के साथ कहना पड़ता है कि दिल्ली में केजरीवाल ने गरीबों को आयुष्मान भारत योजना से वंचित रखा है। ऐसी हैं केजरीवाल सरकार की क्रांतिकारी नीतियां, जिसे जनता को ध्यान में रखना चाहिए। केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में घोटाले पर घोटाला किया है। आज केजरीवाल सरकार, घोटालों की सरकार बन गई है। केजरीवाल तुमने दिल्ली को किया बेहाल, अब तुम्हे दिल्ली से जाना होगा, भाजपा को यहां आना होगा। सेवा भाव, संतुलन, संयम, समन्वय, सकारात्मक, सद्भावना और संवाद के आधार पर भाजपा का कार्यकर्ता समाज की सेवा कर रहा है। हम वो पार्टी हैं जो गांव, गरीब, दलित, वंचित, शोषित, महिला, युवा, किसान को मजबूती प्रदान कर रही है। भाजपा में आज लोक सभा में 302 एमपी हैं। राज्य सभा में 92 एमपी हैं, हमारे 1,395 विधायक हैं। देश के 18 राज्यों में एनडीए की सरकार है, जिसमें 12 में पूर्ण बहुमत से भाजपा सरकार है। भाजपा एक वैचारिक पार्टी है, कैडर बेस पार्टी है। हमने कहा पंच परमेश्वर, हर बूथ से पांच कार्यकर्ता आएगा तो ये हमारा पंच परमेश्वर सम्मेलन हो जाता है। जब हम कहते हैं बूथ समिति तो यही संख्या पांच लाख हो जाती है। ये ताकत अगर किसी में है तो वो भाजपा में है।

जेपी नड्डा ने कहा कि जो राजनीतिक पार्टियां इतनी बड़ी संख्या में जनसभा नहीं कर पाती हैं, उतनी तो हमारे यहां कार्यकताओं का सम्मेलन हो जाता है। अपने आप को बड़े राजनीतिक दल का दावा करने वाली पार्टियां भी रामलीला मैदान में जनसभा नहीं कर पाती हैं, वहीं भाजपा का कार्यकर्ता सम्मेलन इस मैदान में होता है।

## अब बैंक खुद चलकर गरीब के घर जाएंगे: मोदी

### देश को 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स की पीएम ने दी सौगात



नई दिल्ली, एजेंसी। देश के बैंकों में हो रहे तकनीकीकरण के चलते डिजिटल बैंकिंग ने खासी प्रगति की है। भारत में बैंकिंग सुविधाओं को देश के आखिरी व्यक्ति तक पहुंचाने के मकसद से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स (डीबीयूएस) को लॉन्च कर दिया है। पीएम मोदी ने सुबह 11 बजे वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए जम्मू कश्मीर की 2 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स समेत देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स उद्घाटन किया। इस मौके पर पर पीएम मोदी ने कहा कि सभी देशवासियों को शुभकामनाएं, बैंकिंग सेक्टर और आरबीआई के सभी कर्मचारियों को बधाई देता हूं। डिजिटल बैंकिंग यूनिट आधुनिक भारत की दिशा में बढ़ता हुआ कदम है। ये सेवाएं कागजी, लिखा-पढ़ी और अन्य झंझटों से मुक्त होगी। ये डिजिटल बैंकिंग सेवाएं पहले से ज्यादा आसान होगी। गांव में शहर में, छोटे शहर में पैसे भेजने से लेकर लोन लेने तक सब कुछ आसान हो जाएगा।

पीएम मोदी ने कहा, 'बैंकिग व्यवस्था को सुधारना, मजबूत करना और उसमें पारदर्शिता लाना हमारा उद्देश्य है। लोगों का सशक्तिकरण हमारी सरकार का लक्ष्य है।' बैंक खुद चलकर गरीब के घर जाएंगे इसके लिए हमें बैंक और गरीबों के बीच की दूरी कम करनी होगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि हमने बैंकिग सेवाओं को दूर-सुदूर में, घर-घर तक पहुंचाने को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। आज भारत के 99 फीसदी से ज्यादा गांवों में पांच किमी के अंदर कोई न कोई बैंक ब्रांच, बैकिंग आउटलेट या बैंकिंग मित्र मौजूद है।

भारतीयों के जीवन को आसान बनाने का जो अभियान देश में चल रहा है, डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स उस दिशा में एक और बड़ा कदम है। ये ऐसी विशेष बैंकिंग व्यवस्था है, जो मिनिमम डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर से मैक्सिमम सेवाएं देने का काम करेगी। डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स के शुरू होने से अब सेविंग अकाउंट खोलने, पासबुक प्रिंट करने, विभिन्न बैंक योजनाओं निवेश करने और लोन के लिए आपको बैंक जाने की जरूरत नहीं होगी। अब घर के पास ही यह सुविधा मिलने वाली है।

## संक्षिप्त समाचार

### इजिप्ट में भारतीय प्रवासियों से जयशंकर ने की भेंट

काहिरा, एजेंसी। भारत के विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मिस्त्र (इजिप्ट) में भारतीय प्रवासियों से मुलाकात कर भारत हो रहे बदलावों पर चर्चा की हैं। इस परिवर्तन से लोग अपनी आकांक्षाओं को हासिल कर पा रहे हैं। उन्होंने दोनों देशों के बीच पारंपरिक रूप से मजबूत संबंधों में प्रगति के बारे में भी लोगों को अवगत कराया। काहिरा में भारतीय समुदाय के साथ शनिवार को संवाद के दौरान, जयशंकर ने भारत में व्यापार और निवेश, सम्पर्क, शिक्षा, स्वास्थ्य और कई अन्य क्षेत्रों में नए अवसरों को लेकर बात रखी। विदेश मंत्री ने कहा कि इस साल दिलचस्प घटनाक्रम यह हुआ है कि लंबे वक्त के बाद मिस्त्र ने भारत से गेहूं का आयात करना शुरू कर दिया। उन्होंने कहा, मिस्त्र के बारे में अच्छी बात यह है कि व्यापार यथोचित रूप से संतुलित रहा है। इसलिए दोनों पक्षों में (इस दिशा में) और अधिक करने की इच्छा है। जयशंकर ने रेखांकित किया कि भारत और मिस्त्र के बीच रिश्ते अच्छे हैं और इनमें अपार संभावनाएं हैं। काहिरा में भारतीय दूतावास की वेबसाइट के मुताबिक, मिस्त्र में भारतीय समुदाय की संख्या 3200 है जिनमें से अधिकतर लोग राजधानी में ही रहते हैं। कुछ लोग अलेक्जेंड्रिया, पोर्ट सईद और इस्माइलिया में भी रहते हैं। इसमें बताया गया है कि भारत के ज्यादातर नागरिक या तो भारतीय कंपनियों में काम करते हैं या फिर विभिन्न बहुराष्ट्रीय कंपनियों के साथ जुड़े हैं। करीब 400 भारतीय विद्यार्थी मिस्त्र में पढ़ रहे हैं जिनमें से 275 विद्यार्थी अल अजहर विश्वविद्यालय में पढ़ाई कर रहे हैं जबकि शेष ऐन शम्स मेडिकल विश्वविद्यालय और काहिरा विश्वविद्यालय से शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं। जयशंकर ने भारत के राष्ट्रीय हितों को आगे बढ़ाने और क्षेत्र में देश की छवि को आकार देने के लिए प्रवासी भारतीयों का आभार जताया। एक सवाल के जवाब में जयशंकर ने कहा कि भारत में विभिन्न विशिष्ट क्षेत्रों में निवेश को प्रोत्साहित करने के लिए आज विभिन्न योजनाएं हैं। विदेश मंत्री ने कहा, ऐसे कार्यक्रम हैं जो देश में नवाचार का समर्थन करने और स्टार्टअप को प्रोत्साहित करने के लिए बनाए गए हैं। इसलिए, हमें निश्चित रूप से उम्मीद है कि आने वाले वर्षों में भारत औरअधिक आत्मनिर्भर तथाअधिक मजबूत बनेगा। जयशंकर ने कहा कि कई देशों में कोविड के दौरान चीजें ठप हो गई थी क्योंकि आपूर्ति श्रृंखला काम नहीं कर रही थी। उन्होंने कहा कि आज यूक्रेन में संघर्ष के कारण आपूर्ति श्रृंखला में फिर व्यवधान आने की आशंका है, भोजन की कमी है और ऊर्जा को लेकर कठिनाइयां हैं। उन्होंने कहा कि भारत जैसे देश के लिए यह सब एक सबक है। उन्होंने कहा कि भारत एक बड़ा देश है जहां की आबादी भी बड़ी है और देश में आजीविका में छोटे से बदलाव होने से भी लोगों को असर पड़ता है। मंत्री ने कहा, हमें उनकी रक्षा करने के तरीके खोजने होंगे ताकि उन्हें अनावश्यक रूप से मुश्किओं का सामना न करना पड़े और इसके लिए यह और भी महत्वपूर्ण है कि हम देश में ही क्षमता का निर्माण करें। उन्होंने यह भी कहा कि 'भारत कई देशों के लिए चिकित्सा केंद्र' है और न सिर्फ पड़ोसी देशों से बल्कि, खाड़ी, पूर्वी अफ्रीका तथा मध्य एशिया से भी लोग अपना इलाज कराने के लिए भारत आते हैं।

## एमबीबीएस से शुरूआत की, अगले दिनों में इंजीनियरिंग और मैनेजमेंट की पढ़ाई भी मातृ भाषा में होगी : अमित शाह

भोपाल, एजेंसी। देश में पहली बार मध्य प्रदेश में हिन्दी में एमबीबीएस कोर्स की शुरूआत हो गई है। केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह ने रविवार को इसका शुभारंभ किया व प्रथम वर्ष की मेडिकल की हिन्दी पुस्तकों का विमोचन किया। भोपाल के लाल परेड ग्राउंड में आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा समेत अन्य मंत्री और नेता मौजूद रहे।

इसके साथ ही मध्य प्रदेश देश का ऐसा पहला राज्य बन गया है, जहां एमबीबीएस की पढ़ाई अब हिन्दी में होगी। गृह मंत्री ने कहा भारत के शिक्षा क्षेत्र के लिए आज का दिन बहुत ही महत्वपूर्ण है। इतिहास के पन्नों में यह दिन सुनहरे अक्षरों में अंकित होगा। नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति के जरिए पीएम मोदी ने छात्रों की मातृभाषा पर ज्यादा जोर दिया है।

यह एक ऐतिहासिक निर्णय है। मुझे गर्व होता है कि मध्य प्रदेश की भाजपा सरकार ने देश में सबसे पहले मेडिकल शिक्षा हिंदी भाषा में शुरू कर प्रधानमंत्री मोदी के सपने को पूरा करने का काम किया है। गृहमंत्री अमित शाह ने कहा जो लोग मातृभाषा के समर्थक हैं, उनके लिए आज का दिन गौरव का दिन है। तकनीकी और चिकित्सा शिक्षा में हिंदी पाठ्यक्रम की शुरूआत कर भाजपा सरकार ने इतिहास रचा है। सरकार के इस प्रयास ने उन्हें भी जवाब दिया है, जो इस कदम को असंभव बता रहे थे। केंद्रीय गृह मंत्री ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के सोचने की प्रक्रिया अपनी मातृभाषा में ही होती है। नेल्सन मंडेला ने कहा था कि यदि व्यक्ति से उसकी मातृभाषा में बात करें तो वह बात उसके दिल में पहुंचती है। दुनियाभर के शिक्षाविदों ने मातृभाषा में शिक्षा को महत्व दिया है। भारत में भी मेडिकल, इंजीनियरिंग, मैनेजमेंट और कानून की पढ़ाई हिंदी के साथ देश के अलग-अलग राज्यों की मातृभाषा में होगी। विश्वास सारंग ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कुशल नेतृत्व में आजादी के 75 वर्षों बाद चिकित्शा शिक्षा के क्षेत्र में ऐतिहासिक परिवर्तन हो रहा है। हिंदी भाषा में मेडिकल शिक्षा की शुरूआत करने में मध्य प्रदेश देश का पहला राज्य है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हिंदी माध्यम से पढ़ने वाले हमारे ग्रामीण क्षेत्र के बच्चे चाहकर भी डॉक्टर नहीं बन पाते हैं, क्योंकि अंग्रेजी भाषा उनके सपने को पूरा करने में सबसे बड़ी बाधा बनती है। मध्य प्रदेश में अब हिंदी माध्यम के बच्चे भी डॉक्टर बन सकेंगे। आजादी के बाद जिनके हाथों में सत्ता थी उन्होंने देश में अंग्रेजी की मानसिकता को खत्म नहीं होने दिया।

## गुजरात चुनाव के लिए आप ने जारी की 12 उम्मीदवारों की 5वीं सूची, अब तक 53 नाम घोषित

अहमदाबाद, एजेंसी। गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के लिए आम आदमी पार्टी (आप) ने रविवार को अपनी पांचवीं सूची जारी कर दी है। इस सूची में 12 उम्मीदवारों के नाम शामिल हैं। 'आप' की ओर से इन्हें मिलाकर अब तक 53 उम्मीदवारों का नाम का ऐलान किया जा चुका है।

182 सीटों वाली गुजरात विधानसभा के लिए साल के अंत तक चुनाव होने की उम्मीद है। 'आप' की इस 5वीं लिस्ट में भुज सीट से राजेश पंडोरिया, इडर सीट से जयंतीभाई परनामी, निकोल सीट से अशोक गजेरा, साबरमती सीट से जसवंत ठाकोर, टंकारा सीट से संजय भटसाना, कोडिनार सीट से विजयभाई मकवाना, महुधा सीट से राजीवभाई सोमाभाई वाघेला, बालासीनोर सीट से उदयसिंह चौहान, मोरवा हदफ सीट से बानाभाई दामोर, झालोड़ सीट से अनिल गरासिया, डेडियापाड़ा सीट से चैतर वसावा और व्यारा सीट से बिपिन चौधरी को उतारा गया है।

आप की गुजरात इकाई ने रविवार को ट्वीट कर कहा, गुजरात विधानसभा चुनाव 2022 के तहत आम आदमी पार्टी की पांचवीं सूची में स्थान हासिल करने वाले सभी उम्मीदवारों को बधाई और शुभकामनाएं! अभी बदलाव की जरूरत है! एक मौका दीजिए। बता दें कि, वर्ष 2017 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने राज्य में 99 सीटें हासिल की थी, जबकि कांग्रेस को 77 सीट मिली थीं। भाजपा ने अधिकतर शहरी क्षेत्रों में जीत दर्ज की थी, जबकि कांग्रेस ने ग्रामीण क्षेत्रों में बेहतर प्रदर्शन किया था। गौरतलब है कि 182 सदस्यीय गुजरात विधानसभा के लिए इस साल के अंत में चुनाव होने हैं और राज्य में भाजपा, कांग्रेस और 'आप' के बीच त्रिकोणीय मुकाबला होने की उम्मीद है।

इस बार के यह चुनाव बेहद अहम हैं क्योंकि भाजपा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के गृह राज्य में सत्ता बरकरार रखना चाहती है, जबकि कांग्रेस राज्य में पिछले 27 साल से सत्ता से बाहर रहने के चलते विधानसभा चुनाव में जीत दर्ज करने की उम्मीद लगाए है। वहीं, इस बार आम आदमी पार्टी भी राज्य के चुनावी मुकाबले में उतर चुकी है। भाजपा गुजरात में 1995 से लगातार सत्ता में हैं। मोदी राज्य के 22वें मुख्यमंत्री बने और लगातार 13 सालों तक इस पद पर बने रहे।

## कांग्रेस अध्यक्ष चुनाव के लिए वोटिंग आज, बनाए गए 68 बूथ, सोनिया दिल्ली में, राहुल बेल्लारी में डालेंगे वोट

नई दिल्ली, एजेंसी। कांग्रेस के अध्यक्ष पद के लिए सोमवार 17 अक्टूबर को मतदान किया जाएगा। देश की सबसे पुरानी पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस के नए अध्यक्ष के लिए होने वाले मतदान को लेकर संगठन के स्तर पर तैयारियां कर ली गई हैं। देशभर के 9800 डेलीगेट्स ह्यवोटरह्ल के लिए 40 पोलिंग स्टेशन और 68 बूथ देशभर में बनाए गए हैं। कांग्रेस केंद्रीय चुनाव प्राधिकरण के चेयरमैन मधुसूदन मिस्त्री ने बताया कि कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड में भी बूथ बनाया गया है, जिसमें करीब 50 मतदाता अपना मतदान करेंगे।

कांग्रेस वर्किंग कमिटी के सदस्य 24 अकबर रोड पर स्थित पार्टी मुख्यालय पर वोट डालेंगे। कांग्रेस की अंतरिम अध्यक्ष सोनिया गांधी, पूर्व प्रधानमंत्री मनमोहन सिंह और पार्टी महासचिव प्रियंका गांधी कल कांग्रेस



मुख्यालय में मतदान करेंगे। वहीं कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी बेल्लारी में अपना वोट डालेंगे। राहुल गांधी इस समय भारत जोड़ो यात्रा में कर्नाटक में हैं। बेल्लारी में भारत जोड़ो यात्रा कैंप में वोटिंग की व्यवस्था की गई है। वहां पोलिंग बूथ बनाया गया है, जिसमें करीब 50 से अधिक डेलीगेट्स अपना वोट डालेंगे।

दिल्ली कांग्रेस मुख्यालय में करीब 50 नेता मतदान करेंगे। दिल्ली में दो पोलिंग सेंटर बनाए गए हैं। एक दिल्ली प्रदेश कांग्रेस कमेटी ऑफिस में जबकि दूसरा कांग्रेस मुख्यालय 24 अकबर रोड पर बनाया गया है। डीपीसीसी में दो बूथ बने हैं, जहां करीब 280 मतदाता मतदान करेंगे।

## भारत का सभ्यतागत लोकाचार समाज को वापस देना सिखाता है : उपराष्ट्रपति

जयपुर, एजेंसी। देश के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने भारतीय संस्कार की सराहना करते हुए कहा कि भारत का सभ्यतागत लोकाचार समाज को यथासंभव वापस देना सिखाता है। उन्होंने लोगों से समाज में जरूरतमंद और वंचित वर्गों की मदद के लिए कुछ समय देने का भी आग्रह किया। उपराष्ट्रपति धनखड़ ने यहां कहा, ह्यभारत के सभ्यतागत लोकाचार, हमें जितना संभव हो समाज को वापस देना सिखाते हैं। गरीबों के आंसू पोंछना सभी का काम है क्योंकि यह हमारे सृजनकर्ता द्वारा दिया गया आदेश है। यदि आप देंगे, तो आप बहुत कुछ पाएंगेह्ल धनखड़ यहां भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमसीएचआरसी) के रजत जयंती समारोह को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने समाज की सेवा, कैंसर विशेषज्ञता में उत्कृष्टता और इसके विश्व स्तरीय बुनियादी ढांचे के लिए अस्पताल की सराहना की।



उपराष्ट्रपति ने कहा कि बुनियादी ढांचे का निर्माण अपेक्षाकृत आसान है, लेकिन कैंसर रोगियों को अच्छी देखभाल प्रदान करने के लिए गुणवत्तापूर्ण मानव संसाधन, नवीनतम तकनीक, विश्वसनीयता और भावनात्मक प्रतिबद्धता की आवश्यकता होती है। उन्होंने गरीबों और जरूरतमंदों को गुणवत्तापूर्ण और सस्ती स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने में आयुष्मान भारत योजना की सराहना की। इस अवसर पर बीएमसीएचआरसी के अध्यक्ष नवरत्न कोठारी सहित अनेक लोग मौजूद रहे। इससे पहले धनखड़ के सांगानेर हवाई अड्डा पहुंचने पर राज्यपाल कलराज मिश्र ने उनकी अगवानी की और पुष्पगुच्छ भेंट कर उनका अभिनंदन किया। इस मौके पर शिक्षा मंत्री बीडी कल्ला व वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे।

## कर्नाटक की भाजपा सरकार एससी-एसटी विरोधी है : राहुल

बेंगलुरु, एजेंसी। कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने यहां 'भारत जोड़ो यात्रा' को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में भाजपा नीत सरकार 'एससी और एसटी विरोधी' है। कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेतृत्व वाली सरकार पर निशाना साधते हुए उम्होंने आरोप लगाया कि यह सरकार अनुसूचित जाति (एससी) और जनजाति (एसटी) विरोधी है और इसे ह्य40 प्रतिशत कमीशनह्ल वाली सरकार कहा जाता है। गांधी ने यहां ह्यभारत जोड़ो यात्राह्ल को संबोधित करते हुए कहा कि कर्नाटक में भाजपा नीत सरकार ह्यएससी और एसटी विरोधीह्ल है और इन उत्पीड़ित लोगों के खिलाफ अत्याचार में 50 फीसदी की वृद्धि हुई है। गांधी के नेतृत्व में पैदल मार्च के एक हजार किलोमीटर की दूरी तय होने पर बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता और लोग यहां नगरपालिका मैदान में इकट्ठा हुए।

गांधी ने आरोप लगाया कि राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली सरकार को ह्य40 प्रतिशत कमीशनह्ल वाली सरकार कहा जाता है, क्योंकि इसका भुगतान करके कोई भी काम किया जा सकता है। सत्तारूढ़ भाजपा और मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई ने रिश्वत के ऐसे आरोपों को ह्यनिराधारह्ल और ह्यबेतुकाह्ल बताते हुए खारिज कर दिया है। भ्रष्टाचार के आरोपों को लेकर भाजपा नीत सरकार के खिलाफ कर्नाटक में कांग्रेस के निरंतर अभियान की पृष्ठभूमि में राहुल गांधी ने रिश्वतखोरी के आरोप लगाए हैं।

तत्कालीन ग्रामीण विकास और पंचायत राज मंत्री के ईश्वरप्पा पर 40 फीसदी रिश्वत मांगने का आरोप लगाते हुए एक ठेकेदार संतोष पाटिल की आत्महत्या के बाद कांग्रेस ने राज्य में भ्रष्टाचार को चुनावी मुद्दा बनाया है। ठेकेदार की मृत्यु के बाद, ईश्वरप्पा ने अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। इसके बाद कांग्रेस ने 'पेसीएम' अभियानभी शुरू किया। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष गांधी ने आरोप लगाया कि एससी और एसटी समुदायों के कल्याण के लिए आवंटित धन को स्थानांतरित किया गया है। गांधी ने दावा किया, 'आपके 8,000 करोड़ रुपये धन को दूसरे मद में लगाया गया है।' उन्होंने आरोप लगाया, 'अगर आपको पुलिस उप निरीक्षक बनना है, तो आप 80 लाख रुपये देकर इसे प्राप्त कर सकते हैं। अगर आपके पास पैसा है तो आप यहां सरकारी नौकरी खरीद सकते हैं, लेकिन अगर आपके पास पैसा नहीं है तो आपको जीवन में कभी भी नौकरी नहीं मिल सकती है।' कांग्रेस नेता हाल में सामने आए पुलिस उप निरीक्षक भर्ती घोटाले का जिक्र कर रहे थे जिसमें कई लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इसमें कुछ उम्मीदवारों के अलावा अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक अमृत पॉल, कुछ उपाधीक्षक, निरीक्षक, उपनिरीक्षक, कांस्टेबल, भाजपा नेता दिव्या हागार्गी और एक कांग्रेस विधायक के गनमैन शामिल हैं। घोटाला सामने आने के बाद परीक्षा रद्द कर दी गई। गिरफ्तार किए गए उम्मीदवारों ने कथित तौर पर पुलिस को बताया कि उन्होंने नौकरी पाने के लिए 70 लाख रुपये से 80 लाख रुपये का भुगतान किया। गांधी ने कहा, 'यही कारण है कि कर्नाटक सरकार को 40 प्रतिशत कमीशन वाली सरकार कहा जाता है। अगर आपको कोई काम करवाना है, तो 40 फीसदी कमीशन देकर करवा सकते हैं।'

गांधी ने सहकारी बैंकों में और सहायक प्रोफेसर की नियुक्ति में भी घोटाले का आरोप लगाया। वायनाड के सांसद ने सवाल किया कि भाजपा सरकार अनुसूचित जाति के लिए आरक्षण को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 17 प्रतिशत और अनुसूचित जनजातियों के लिए तीन प्रतिशत से सात प्रतिशत करने की न्यायमूर्ति नागमोहन दास आयोग की सिफारिश को लागू क्यों नहीं कर रही है। गांधी ने कहा कि भाजपा कभी भी तत्कालीन हैदराबाद-कर्नाटक क्षेत्र को विशेष दर्जा नहीं देना चाहती थी, जिसे अब कल्याण कर्नाटक के नाम से जाना जाता है।

कांग्रेस नेता ने कहा कि उनकी पार्टी के नेतृत्व वाली सरकार ने संविधान के 371-जे के तहत इस क्षेत्र को विशेष दर्जा दिया, जिससे युवाओं को नौकरी पाने और इंजीनियरिंग, मेडिकल और अन्य पेशेवर कॉलेजों में प्रवेश दिलाने में मदद मिली। उन्होंने देश को कमजोर करने वाली 'घृणा' की विचारधारा के लिए भाजपा और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) की आलोचना की। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने अपने संबोधन में कहा कि देश 'फासीवादी' ताकतों से चुनौतियों का सामना कर रहा है।

## कानून के पेशे को और अधिक समावेशी और सुलभ बनाए जाने की जरूरत : जस्टिस चंद्रचूड़

- जस्टिस चंद्रचूड़ ने कानून की छात्रा को दी सलाह- कानूनी पेशे में नारीवादी सोच को शामिल कीजिए

नई दिल्ली, एजेंसी। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश डीवाई चंद्रचूड़ ने कानूनी पेशे को और अधिक समावेशी और सुलभ बनाए जाने की वकालत करते हुए कानून के छात्रों को शनिवार को सलाह दी कि कानून के किसी पहलू पर विचार करते समय उन्हें अपने भीतर नारीवादी सोच को समाहित करना चाहिए। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने राष्ट्रीय विधि विश्वविद्यालय (एनएलयू) के दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि छात्रों को कानूनी पेशे को अधिक समावेशी और सुलभ बनाने का प्रयास करना चाहिए।

उन्होंने कहा मैं आपको विशेष रूप से सलाह दूंगा कि आप कानून के किसी पहलू पर विचार करते समय अपने भीतर नारीवादी सोच को समाहित करें। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा कि मेरा मानना है कि हम सभी को, जिनमें मैं भी शामिल हूं, कानून को देखने और सामाजिक अनुभवों को लागू करने के मामले में बहुत कुछ सीखना है।

उन्होंने कहा महिला वकीलों को पुरुष-प्रधान पेशे में काम करना चुनौतीपूर्ण लग सकता है, जो अक्सर उनकी चिंताओं और विचारों को समायोजित करने में विफल रहता है, लेकिन समय बदल रहा है और टेक्नोलॉजी ने कानूनी पेशे तक महिलाओं की पहुंच को सुलभ बनाने में बड़ी भूमिका निभायी है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ कहा कि महामारी की एक बड़ी सीख यह है कि जब हम सुनवाई डिजिटल तरीके से करने लगे, तो अदालत में पेश होने वाली महिला वकीलों की संख्या में नाटकीय रूप से वृद्धि हुई। कानून का शासन केवल संविधान या कानून पर निर्भर नहीं है। यह काफी हद तक राजनीतिक संस्कृति और नागरिकों की आदतों पर निर्भर करता है, विशेष रूप से कानून के युवा पेशेवरों के।





# दिल्ली की बिगड़ी कानून व्यवस्था पर ध्यान दें उप राज्यपालः मनीष सिसोदिया

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो से समन मिलने के बाद दिल्ली के उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया ने उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना को चिट्ठी लिखी है। उन्होंने दिल्ली की कानून व्यवस्था को लेकर उप राज्यपाल विनय कुमार सक्सेना पर जोरदार हमला किया है। मनीष सिसोदिया ने कहा है कि दिल्ली में कानून व्यवस्था बहुत खराब है। पिछले कुछ दिनों में रेप और हत्या की घटनाएं हुईं। दिल्ली इस समय अपराधियों की राजधानी बन गई है।

मनीष सिसोदिया के पत्र में लिखा है कि दिल्ली में एक के बाद एक हत्याएं हो रही हैं, जो दिल दहलाने वाली हैं। मनीष सिसोदिया ने इस महीने में हुई वारदातों का विवरण भी उसमें दिया है। उन्होंने उप राज्यपाल सक्सेना से कहा है कि, थोड़ा समय निकालकर दिल्ली की कानून व्यवस्था पर ध्यान दें उप राज्यपाल साहब।

ज्ञात रहे कि केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो ने दिल्ली सरकार की आबकारी नीति को लेकर डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया को सोमवार को पूछताछ के लिए तलब किया है। इसके बाद जहां



डिप्टी सीएम मनीष सिसोदिया ने कहा कि वह सीबीआई हेडक्वार्टर जाएंगे और पूरा सहयोग करेंगे। वहीं, आम आदमी पार्टी ने दावा किया है कि सीबीआई सोमवार को मनीष सिसोदिया को गिरफ्तार करेगी। आबकारी नीति को बनाए जाने और उसके क्रियान्वयन में कथित भ्रष्टाचार के सिलसिले में पूछताछ के लिए मनीष सिसोदिया को तलब किया गया है। दिल्ली सरकार इस नीति को अब वापस ले चुकी है।

आम आदमी पार्टी प्रवक्ता सौरभ भारद्वाज ने कहा, 'मनीष सिसोदिया को सीबीआई ने कल बुलाया है और गिरफ़्तार करेगी। यह कहा जा रहा था कि दस हजार करोड़ का घोटाला हुआ है, अब तक सीबीआई और ईडी 500 जगहों पर छापा मार चुकी हैं। मनीष सिसोदिया के घर 14 घंटे सीबीआई रही, कहीं से भी कुछ नहीं मिला। इसका संबंध गुजरात चुनाव से है, वहां बीजेपी और आप की सीधी टक्कर है। उससे बीजेपी घबराई हुई है।'

साथ ही उन्होंने कहा, ह्यमनीष सिसोदिया के जो कार्यक्रम हैं, उसे रोकने के लिए उन्हें गिरफ़्तार किया जाएगा। लेकिन इससे आप और मजबूत होगी। पहले भी हमारे नेताओं को ऐसे ही नोटिस देकर बुलाकर गिरफ़्तार किया गया है, इसलिए हम कह रहे हैं कि उन्हें गिरफ़्तार किया जाएगा।'

भारद्वाज ने कहा, 'हम डर गए होते तो छुप रहे होते। जितनी गिरफ़्तारी होगी उतना गुजरात में हमारा ग्राफ बढ़ता जाएगा। जैसे-जैसे बीजेपी जुल्म बढ़ाएगी हमारा ग्राफ बढ़ता जाएगा। जैसे आजादी की लड़ाई के लिए कुबार्नी दी गई, वैसी ही कुबार्नी की आज जरूरत है और हम इस कुबार्नी से पीछे नहीं हटेंगे।'

# स्वदेशी मेले में सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान कवियों ने समां बांधा

नई दिल्ली। द्वारका में चल रहे स्वदेशी मेले में विभिन्न स्कूली बच्चों ने अपने हुनर से बहुत ही उत्साह के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम में कचपुड़ी डांस, वैले डांस, देश प्रेम, भक्ति गीत पर नृत्य प्रस्तुत कर दर्शकओ का काफी मनोरजन किया। मेले के मंच से संचालित कवि सम्मेलन का भी आनन्द दर्शकों ने खूब सराहा कर उठाया।

स्वदेश मेले में विभिन्न राज्यों से आए कवियों ने ओजस्वी वाणी से समां बांध दिया, आए हुए कवियों का स्वागत मेला कमेटी के प्रमोद कुमार, रविंद्र सोलंकी, रविंद्र अग्रवाल, रामनिवास दहिया, कौशल मिश्रा, रतन सिंह बिष्ट, संजय सिंह, राहुल भारत, नवीन गर्ग, श्री मती अनीता, श्री मती डॉक्टर पूनम चौधरी, आदि ने सभी कवियों व कवित्री का स्वागत किया गया, भारत माता के चित्र पर माल्यार्पण कर कवि सम्मेलन की शुरूआत हुई,कवि सम्मेलन का सफल संचालन कवि गजेंद्र सोलंकी द्वारा किया गया, राजस्थान से पधारे कवि प्रदीप देसवाल ने देश प्रेम, व भक्ति से ओतप्रोत काव्य पाठ कर दर्शकों की तालियों बटोरी, उत्तर प्रदेश के लखनऊ से पधारे युवा कवि प्रख्यात मिश्रा ने तो राम की महिमा कर राम मंदिर निर्माण पर विशेष गीत गा कर माहौल अपने पछ मे किया जिसको श्रोताओं ने खूब सराहा, वन स मोर... आवाज के साथ तालिया बजाई, दिल्ली पुलिस में कार्यरत व कवि मनीष मधुकर देश भक्ति गीत गा कर सबको मंत्र मुग्ध कर दिया, मंच के संचालक वरिष्ठ कवि गजेंद्र



सोलंकी ने अपनी ओजस्वी वाणी से समां बांध दिया तथा हास्य व्यंग कविताओं का अमृत महोत्सव मनाया, मंच की मुख्य भूमिका निभाई कवित्री डॉक्टर अनामिका अम्बर मेरठ ने गला ठीक न होने पर भी लाजवाब छंद, गीत गा कर सबको मंत्र मुग्ध कर समां बांध दिया, दर्शकों ने खूब सराहा और जमकर तालियां बजाकर स्वागत किया, सभी कवियों को अच्छी काव्य रचना के लिए मेला कमेटी के नीलेंद्र पाठक ने धन्यवाद ज्ञापित किया।

## संक्षिप्त समाचार

### ग्रामीण विरोधी व गांवों को बर्बाद करने वाली योजनाओं का विरोध करने का ऐलान




नई दिल्ली, एजेंसी। नानक हेड़ी में बेघर बच्चों के लिए स्कूल बनाने की योजना का विरोध करने के मामले में जीत हासिल होने पर आज ग्रामीणों अन्य मामलों में भी इसी तरह लड़ाई लड़ने का ऐलान किया। ग्राम पंचायत नानक हेड़ी ने दिल्ली देहात ग्रामीण समिति के बैनर तले आज गांव में दिल्ली देहात के 30 गांवों की सरदारी व दिल्ली ग्राम पंचायत संघ, दिल्ली प्रदेश और 360 गांव खाप की सरदारी व अन्य संगठनों का सम्मान किया। इस दौरान 360 खाप के अध्यक्ष सुरेंद्र सोलंकी व सुरेश शौकीन ने भविष्य में भी गांवों की लड़ाई एकजुट होकर लड़ने का ऐलान किया, वहीं दिल्ली ग्राम पंचायत संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने घोषणा की कि संघ के बैनर तले गांवों के अधिकारों की लड़ाई शुरू हो गई है और इस लड़ाई में सभी शिरकत करें। इस मौके पर संघ के प्रमुख थान सिंह यादव ने कहा कि ग्रामीणों की एकता के कारण दिल्ली सरकार को नानक हेड़ी में बेघर बच्चों के लिए स्कूल बनाने की योजना को वापस लेना पड़ा है। इसी तरह ग्रामीणों को अपने हकों व समस्याओं के लिए एकजुटता का परिचय देने की आवश्यकता है। संघ ने गांवों के हकों व समस्याओं के समाधान के संबंध में 18 सूत्री मांग प्रधानमंत्री से लेकर दिल्ली के मुख्य सचिव तक भेजा गया है। उनको चेतावनी दी कि उनके मांग पत्र पर जल्द कार्रवाई आरंभ नहीं होने पर संघ आंदोलन करेगा। साथ ही कहा कि अब शासन व प्रशासन की गांवों के प्रति अनदेखी व दोयम दर्जे का व्यवहार बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। समारोह में राव सतवीर सिंह ने देहात की एकजुटता पर बधाई दी। वहीं गांव पंचायत नानक हेड़ी के देवेंद्र कुमार व सुरेश कुमार ने विशेष तौर पर सभी का आभार प्रकट किया और हमेशा गांवों की समस्याओं के लिए आवाज बुलंद करने का आग्रह किया। समारोह में 360 खाप के अध्यक्ष चौ. सुरेंद्र सिंह सोलंकी ने कहा कि ग्रामीणों को मतभेद व स्वार्थ छोड़कर गांवों के विकास के लिए आगे आना होगा, तभी सरकार व प्रशासन ग्रामीणों की सुध लेगा।

### दिल्ली एम्स में 1 नवंबर से लागू होंगे ये नियम मरीजों को मिलेगी राहत

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑल इंडिया इंस्टीट्यूट ऑफ मेडिकल साइंसेज दिल्ली में जब से नए निदेशक डॉ. एम श्रीनिवास ने कार्यभार संभाला है तब से कई ऐसे फैसले लिए गए हैं जो न सिर्फ मरीजों के लिए राहत भरे हैं बल्कि एम्स की गुड गवर्नेंस के लिए भी जरूरी हैं। इसी क्रम में दिल्ली एम्स में 1 नवंबर से कुछ बड़े बदलाव किए जा रहे हैं। जिनमें कई मदों में मरीजों से लिया जाने वाला चार्ज बंद करने और सिस्टम अपग्रेड करना शामिल है। हाल ही में दिल्ली एम्स के निदेशक डॉ। श्रीनिवास की ओर से एक आदेश जारी किया गया है। जिसमें अस्पताल में 1 नवंबर से इलेक्ट्रोनिक ह्यूमन रिसोर्सेज मेनेजमेंट सिस्टम लागू करने के लिए कहा गया है।

# साइबर साउथ डिस्ट्रिक्ट के कर्मचारियों ने साइबर ठगों के गिरोह को किया गिरफ्तार : चंदन चौधरी पुलिस उपायुक्त पुलिस, दक्षिण जिला

एक शिकायतकर्ता ने पुलिस स्टेशन साइबर क्राइम, साउथ डिस्ट्रिक्ट में बताया कि 03.09.2022 को उसे अज्ञात नंबर से एक व्हाट्सएप संदेश प्राप्त हुआ जिसने एक लाभदायक व्यवसाय का प्रस्ताव रखा, जिसमें खुद को डेविड जॉनसन के रूप में पेश किया गया, जो कि टोगो देश से संबंधित एक कंपनी का कर्मचारी है जो पशु टीकों के निर्माण के व्यवसाय में लगा हुआ है। उसका कच्चा माल (ग्लूसिक आधारित अर्क) भारत से प्राप्त किया जाता है। उसके बाद उसी व्यक्ति ने आपूर्तिकर्ता विवरण और संपर्क व्यक्ति मिस बिनीता की जानकारी प्रदान की। उसके बाद शिकायतकर्ता को मिस बिनीता ने ईमेल के माध्यम से संपर्क किया, जिन्होंने उन्हें आश्वस्त किया और शुरू में शिकायतकर्ता ने कच्चे माल का एक नमूना आदेश दिया और लगभग रु। 1,80,000/- 09.09.2022 को उसके द्वारा उपलब्ध कराए गए खाते में भेजा गया। उसके बाद शिकायतकर्ता ने 30 लीटर का एक थोक ऑर्डर दिया और जालसाजों द्वारा उपलब्ध कराए गए विभिन्न खाता नंबरों में लगभग 50 लाख रुपये की कुल राशि हस्तांतरित की। जब शिकायतकर्ता को लगा कि उसके साथ लगभग 50 लाख/- रुपए की धोखाधड़ी की गई है तो शिकायतकर्ता ने पुलिस स्टेशन साइबर क्राइम, साउथ डिस्ट्रिक्ट में मामला दर्ज कराया।

मामले की जांच के लिए एक टीम गठित की गयी जिसका नेतृत्व का कार्यभार इंस्पेक्टर अरुण कुमार वर्मा, एसएचओ/साइबर साउथ डिस्ट्रिक्ट को सौंपा गया टीम में एसआई संदीप सैनी, एसआई संजय सिंह, एसआई अंकित, एएसआई जितेंद्र, एचसी विकास, एचसी परवीन, डब्ल्यू / एचसी सीमा, एचसी रजनीश, एचसी इंद्रजीत, एचसी अनिल कुमार और कांस्टेबल अनूप को शामिल किया गया। राजेश कुमार एसपी/ऑपरेशन को टीम का समग्र पर्यवेक्षण कार्य दिया गया।



पूछताछ के दौरान, आरोपी व्यक्ति विजय ढोंडू भांडकोली ने खुलासा किया कि वह प्रवीण उर्फ देवा हिंदुस्तानी (असली नाम) नाम के एक व्यक्ति से मिला, जो सैलून में काम की तलाश में मुंबई आया था। उसने नौकरी देने के बहाने अपना आधार कार्ड ले लिया और नाम बदल दिया और विशाल मोहन शर्मा के नाम से नकली आधार कार्ड तैयार किया जिसमें मुंबई का फर्जी पता (मौजूदा नहीं) था। इसके बाद शर्मा इंटरप्राइजेज के नाम पर कंपनियां खोली और पंजीकृत की गईं और 25 अलग-अलग बैंकों में फर्जी कंपनी के नाम से बैंक खाते भी खोले गए. उसके बाद वे निर्दोष लोगों को लाभदायक व्यवसाय के बहाने बुलाते हैं जो पशु टीकों और कच्चे माल के निर्माण के व्यवसाय में लगा हुआ है। वे फर्जी कंपनी के नाम पर खोले गए बैंक खाते में ठगी का पैसा ट्रांसफर करते थे और पैसे निकाल लेते थे।

जांच के दौरान, उन लाभार्थी खातों का बैंक विवरण प्राप्त किया गया जिनमें ठगी के पैसे ट्रांसफर किए गए थे और सभी खाते महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश और गुजरात के विभिन्न पते पर मेसर्स शर्मा एंटरप्राइजेज के नाम पर पंजीकृत पाए गए थे। इसके बाद कथित मोबाइल नंबरों के सीडीआर, सीएएफ और आईएमईआई विवरण प्राप्त किए गए और उनका गहन विश्लेषण किया गया। उसके बाद टीम तीन भागों में बाटी गयी और महाराष्ट्र, मध्य प्रदेश, गुजरात के लिए रवाना हुई। निगरानी और तकनीकी विश्लेषण के माध्यम से, छापे मारे गए और 02 आरोपी व्यक्तियों अर्थात 1. प्रवीण उर्फ देवा हिंदुस्तानी और 2. विजय ढोंडू भांडकोली को महाराष्ट्र से गिरफ्तार किया गया। इसके अलावा, आरोपी व्यक्ति धर्मेंद्र कुमार मिश्रा को मध्य प्रदेश से गिरफ्तार किया गया था और आरोपी मिहिर हितेंद्र पांचाल को गुजरात से गिरफ्तार किया गया था। उन्होंने उपरोक्त मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार कर ली है।

चंदन चौधरी आईपीएस पुलिस उपायुक्त, दक्षिण जिला, नई दिल्ली ने ब्यूरो चीफ विजय गौड़ को बताया कि आरोपियों के पास से छह मोबाइल फोन, 13 सिम कार्ड, 29 डेबिट/क्रेडिट कार्ड, . नकद रु.7,55,500/-, आरोपी व्यक्ति के बैंक खातों में 15,90,250/- रुपया ग्रहणाधिकार/धारणाधिकार रूप में ,. 1280/- यूरो लियन/विभिन्न बैंक खातों में धारित, . पांच चेक बुक, तीन पासबुक, तीन आधार कार्ड, दो पैन कार्ड एवं शर्मा इंटरप्राइजेज के नाम से एक श्रम विभाग का प्रमाण पत्र बरामद किया गया

चंदन चौधरी आईपीएस ने बताया कि पुलिस स्टेशन साइबर साउथ डिस्ट्रिक्ट के कर्मचारियों ने साइबर ठगों के गिरोह प्रवीण उर्फ देवा हिंदुस्तानी, विजय ढोंडू भांडकोली, धर्मेंद्र कुमार मिश्रा और मिहिर हितेंद्र पांचाल को गिरफ्तार कर सराहनीय कार्य किया है। इन कर्मचारियों को इस सराहनीय कार्य करने के लिए उचित पुरस्कार भी दिया जा रहा है।

# मुख्यमंत्री सीवर सड़क तो ठीक नहीं कर पाए गुड़गांव को ग्लोबल सिटी का खिताब देंगे-आम आदमी पार्टी

» मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। गुरुग्राम 16 अक्टूबरआम आदमी पार्टी नेता कई महीनों से गुडगांव के मूलभूत सुविधाओं की सच्चाई उजागर कर रहे हैं - कूड़े के ढेर , टूटी सड़कें, ब्लॉक सीवर और जलभराव जैसे गंभीर समस्याएं आम नागरिक की जिंदगी को नर्क बना रही हैंह्ल इन मुद्दों पर हरियाणा सरकार जमीन पर काम तो कुछ कर नहीं रही लेकिन मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर गुडगांव को सिंगापुर और दुबई जैसे ग्लोबल सिटी की श्रेणी में गिन रहे हैं। आम आदमी पार्टी नेताओं ने इस पर आपत्ति जताई कि केवल भाषणों में और अखबारों में गुडगांव मिलेनियम सिटी , गारबेज फ्री सिटी और ग्लोबल सिटी बन चुका है लेकिन जमीन पर कोई विकास नहीं देख रहे। केवल बिल्डरों द्वारा शानदार बिल्डिंग बनाने से कोई शहर मिलेनियम सिटी नहीं कहलाता। उन बिल्डिंगों के बाहर पानी की निकासी होनी चाहिए, सीवर साफ होने चाहिए, और जब तक सड़कें गड्ढे मुक्त ना हो महंगी गाड़ियां भी फेल हो जाती हैं।

वार्ड 4 के सेक्टर 21 में नुक्कड़ सभा के दौरान संयोजक सुरेंद्र तंवर ने कहा भाजपा शासन में प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, पार्षद केवल शब्दों में ही विकास दिखा रहे हैंह्ल यह विकास जमीन पर ना दिखाई दे रहा है और ना लोगों तक पहुंच रहा हैह्ल शशिपाल यादव ने कहा गुडगांव के निवासियों से पूछिए आधे घंटे की बारिश में जब पूरा शहर जल थल हो जाता है तो कितनी कठिनाई से लोग अपने घर पहुंचते हैंह्ल किसी की गाड़ी खराब तो किसी के बेसमेंट में पानी भर जाता हैह्ल माओं को चिंता रहती है कि कोई छोटा बच्चा सीवर के पानी में ना बह जाएह्ल ऐसे में मुख्यमंत्री का ग्लोबल सिटी वाला बयान हास्यपद नहीं गुड़गांव के लोगों के साथ एक भद्दा मजाक है।

वार्ड 4 के सतवीर यादव ने याद दिलाया हाल ही में गुडगांव को बनवारी में सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट के मामले में गुडगांव शहर को 100 करोड रुपए का जुमार्ना भरना पड़ाह्ल गुड़गांव के नागरिकों का दुर्भाग्य देखिए एक तरफ ऐसी सरकार जो अपना काम सही से नहीं करती और दूसरी तरफ उन्हीं के कुकर्मों का जुमार्ना भी हमारे ही टैक्सों से भरा जा रहा है।

# वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे पर गुरुग्राम होटल ली मेरिडियन में इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसिया ने प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से एनेस्थीसिया डॉक्टर के बारे में जागरूकता का संदेश दिया

» सतबीर शर्मा, मदरलैंड संवाददाता

गुरुग्राम। वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है. प्रतिवर्ष इस दिन एनेस्थीसिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं.वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे पर गुरुग्राम में इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसिया ने गुरुग्राम में प्रेस कांफ्रेंस के माध्यम से संदेश दिया की सर्जरी से पहले अपने एनेस्थीसिया डॉक्टर के बारे में जाने। डॉक्टर नवीन मल्होत्रा इंडियन सोसाइटी ऑफ एनेस्थीसिया के राष्ट्रीय अध्यक्ष का कहना है की अब जमाना बदल गया है मेडिकल साइंस भी बहुत एडवांस हो गई है उस कड़ी में



एनेस्थीसिया डॉक्टर भी बहुत एडवांस हो गए है।उन्होंने आगे बताया कि ऑपरेशन और सर्जरी में एनेस्थीसिया का विशेष महत्व होता है. बिना एनेस्थीसिया के किसी भी सर्जरी को अंजाम नहीं दिया जा सकता. पिछले कुछ सालों में एनेस्थीसिया में काफी बदलाव हुए हैं. यही वजह है कि बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स का रुझान इस फील्ड की ओर अधिक बढ़ा है. हालांकि. पहले की भांति अब एनेस्थीसिया देना काफी आसान हो गया है. पहले एनेस्थीसिया देने के लगभग एक दिन बाद होश आता था लेकिन बदलती चिकित्सा पद्धति के चलते अब कुछ ही घंटों में पेशेंट्स को होश आ जाता है। डॉक्टर विवेक सलूजा अध्यक्ष गुरुग्राम का कहना है की एनेस्थीसिया का एक डॉक्टर की लाइफ में अहम रोल होता है जिसे सेलिब्रेट करने के लिए विश्व एनेस्थीसिया डे मनाया जाता है. इस दिन सर्जरी में एनेस्थीसिया के महत्वपूर्ण योगदान और उपलब्धियों के प्रति लोगों को जागरुक किया जाता है. वर्ल्ड एनेस्थीसिया डे हर साल 16 अक्टूबर को मनाया जाता है. प्रतिवर्ष इस दिन एनेस्थीसिया के प्रति जागरूकता फैलाने के लिए दुनियाभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं. आज पेसेंट को भी जागरूक होने की जरूरत है और हर इंसान का ऑपरेशन कराने से पहले अपने डॉक्टर के बारे में जान लेना जरूरी है। ऑपरेशन थिएटर में एंटी के साथ एनेस्थीसिया डॉक्टर का बहुत बड़ा महत्व है एनेस्थीसिया डॉक्टर के बारे में आपको नहीं पता होगा तो आप कैसे जान पाएंगे कि मेरा इलाज सही होगा या नहीं। डॉक्टर वेंकटगिरी उपाध्यक्ष का कहना है लंबे समय की प्रैक्टिस के बाद एनेस्थीसिया डॉक्टर त्यार होता है। हर हॉस्पिटल में आज एनेस्थीसिया डॉक्टर की जरूरत है सभी नागरिकों को ऑपरेशन से पहले अपने डॉक्टर से बात चीत करनी चाहिए। प्रेस कॉन्फ्रेंस में मुख्य रूप से अध्यक्ष डॉक्टर विवेक सलूजा, जनरल सेक्रेटरी डॉक्टर विनीत गुप्ता, ट्रेजर डॉक्टर अमित कुमार ,डॉक्टर संगीता ,डॉक्टर शैली मित्तल, डॉक्टर बलकार, डॉक्टर योगेंद्र , डॉक्टर अजीत सिंह ,डॉक्टर,अंजली राकेश,डॉक्टर वीरेंद्र शर्मा,डॉक्टर राजीव गुप्ता,डॉक्टर सुनील कुमार सेठी आदि उपस्थित थे।

# डीन प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय के मार्गदर्शन में संपन्न हुआ अन्तर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस

स्वामी विवेकानन्द सुभारती विश्वविद्यालय मेरठ के सरदार पटेल सुभारती विधि संस्थान में 'अन्तर्राष्ट्रीय ई-कचरा दिवस' के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय, संकायाध्यक्ष सुभारती विधि संस्थान के मार्ग दर्शन में किया गया।

'ई-कचरा' विषय पर उपस्थित दर्शकों से बात करते हुए मुख्य वक्ता डॉ. विजय दत्त संस्थापक 'वीद्रोणा फाउण्डेशन ने बताया कि आज जिस तरह से देश दुनिया में इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों का चाव बढ़ता जा रहा है, वो गैजेट जहर बनकर हमारे वातावरण में वापस आ रहे हैं जो न केवल पर्यावरण बल्कि हमारे स्वास्थ्य के लिए भी एक बड़ा खतरा बनते जा रहे हैं। हम अपने घरों और उद्योगों में जिन इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स सामानों को इस्तेमाल के बाद फेंक देते है, वही बेकार फेंका हुआ कचरा इलेक्ट्रॉनिक वेस्ट कहलाता है। ई-कचरे की समस्या तब उत्पन्न होती है जब वैज्ञानिक तरीके से ई-कचरे का उचित तरीके से कलेक्शन नही किया जाता है। साथ ही इनके



अनयोजित निपटान किये जाने के वजह से पानी मिट्टी और हवा जहरीले होते जा रहे है जो स्वास्थ्य के लिए भी हानिकारक होते जा रहे है। इलेक्ट्रोनिक कचरे से सम्बंधित प्रावधान कब किये गये आदि प्रश्न पूछे जिनका उत्तर अम्बिका, अंजुरी, उषब, विशाल एवं देवराज द्वारा संतोषजनक तरीके से दिया गया। प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय, संकायाध्यक्ष सुभारती विधि संस्थान ने कहा कि ग्लोबल ई-वेस्ट मॉनिटर रिपोर्ट, 2020 के अनुसार, वर्ष 2019 में पूरे विश्व में रिकॉर्ड 53.6 मिलियन मीट्रिक टन इलेक्ट्रॉनिकअपशिष्ट एकत्र हुआ, जो केवल पांच वर्षों में ही 21 प्रतिशत बढ़ गया है।ग्लोबल ई-वेस्ट रिपोर्ट 2020 के अनुसार भारत में वर्ष 2019 में 3.2 मिलियनटन ई-अपशिष्ट एकत्र हुआ और चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका के बाद भारतई-अपशिष्ट पैदा करने वाले देशों में तीसरे स्थान पर हैं।

सुभारती लॉ कॉलिज के निदेशक पूर्व न्यायमूर्ति राजेश चन्द्रा ने कहा कि ई-अपशिष्ट की इस लगातार बढ़ती समस्या का कुशलतापूर्वक समाधान करने हेतु भारत सरकार ने बहुत सारे प्रावधान बनाये है, और ई-अपशिष्ट प्रबंधन और संभलाई नियमों का दृढता पूर्वक पालन करायें जाने की आवश्यकता है।

डीन प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय ने विजय गौड़ ब्यूरो चीफ को बताया कि कार्यक्रम में प्रो.(डॉ.) रीना बिश्नोई, डॉ. सारिका त्यागी, डॉ. प्रेम चन्द्र, एना सिसौदिया, रामेष्ठ धर द्विवेदी, प्राची गोयल, शालिनी गोयल, अजुंम जहां, रवि सक्सेना आदि शिक्षक गण उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन आफरीन अल्मास द्वारा किया गया।

# कश्मीर से कन्यकुमारी जाने वाली रोलर स्केटिंग यात्रा का दिल्ली सिंधु बॉर्डर आगमन

» मदरलैंड संवाददाता

नई दिल्ली, सभी लोगो को सूचित किया जाता है की विश्व पर्यटन दिवस 27 सितम्बर को रोलर स्केटिंग यात्रा कश्मीर से प्रारम्भ हुई थी और 25 दिसंबर को इसका कन्याकुमारी में समापन है। इस रोलर स्केटिंग यात्रा में 20 सदस्य है और इसी के लिए अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने कशी प्रान्त की महिला जागरण प्रमुख सोनी चौरसिया और उनके मेंटर राजेश डोगरा और उनकी टीम के लिए 15 अक्टूबर को 3 बजे से स्वागत एवं वंदन का इंतजाम किया था।

यह स्वागत ग्राहक शक्ति का स्थान शोध एवं प्रशिक्षण संसथान कार्यालय में किया गया था।

इस रोलर स्केटिंग यात्रा का उद्देश्य यह है की एक छोर को दूसरे छोर से जोड़ते हुए ढाई इंच के पहियों पर यात्रा करके अतुल्य भारत की मुहीम को जन जन तक पोहचना और देश के सांस्कृतिक और मूल्य को बढ़ावा देना जैसे की महिला सशक्तिकरण और सिक्षा, फिट इंडिया, अतुल्य भारत, और स्वच्छ पर्यटन और स्वच्छ भारत

वराणसी रोलर स्पोर्ट्स एसोसिएशन 34 वर्षो से वाराणसी और अपने आस पास के जिलो में राजेश डोगरा



रोलर स्केटिंग स्कूल क माध्यम से काफी संख्या में राष्ट्रीय सेक्टर पशिक्षारण और अंतराष्ट्रीय स्तर पर प्राप्त कर चुके है।

कश्मीर से कन्यकुमारी जाने वाली रोलर स्केटिंग यात्रा का अनुमामित खर्च रू81,19,500 की धनराशि बतायी गयी है।

राजेष डोगरा , सोनी चौरसिया और उनकी टीम ने सभी दिनों का प्लान पहले से ही बना के रखा है जिसमे उन्होंने यह बताया है की वो हर दिन 27 सितम्बर से 25 दिसंबर तक कहा से कहा तक सफर तय करेंगे और हर दिन कितना डिस्टेंस कवर करेंगे।

दिल्ली प्रदेश द्वारा अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत ने उनका और उनकी टीम का बेहतरीन तरीके से स्वागत एवं वंदन किया है।

संक्षिप्त समाचार

## श्रद्धेय नेताजी को श्रद्धांजलि अर्पित करने सैफई पहुंच शिवपाल यादव को शोक संवेदना व्यक्त की: तोहिद



मदरलैंड संवाददाता, सिकंदराराऊ नगर सपा नेता पूर्व चेयरमैन पति इकराम कुरैशी के भतीजे युवा नेता तौहीद कुरैशी ने सैफई पहुंच कर उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री व पूर्व रक्षामंत्री भारत सरकार नेता जी मुलायम सिंह यादव के निधन होने पर दो मिनट का मौन रखकर नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर भावभीनी विनम्र अश्रुपूरित श्रद्धांजलि अर्पित की गई। और प्रगतिशील समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष शिवपाल सिंह यादव से मिलके शोक संवेदना व्यक्त की।

युवा नेता तौहीद कुरैशी ने कहा कि नेताजी ने हमेशा गांव गरीब की राजनीति की सभी जाति धर्म के लोगों को साथ लेकर चले।आम जनता से कई फैसलों ने नेताजी को राष्ट्रीय नेता बना दिया। रक्षामंत्री रहते सबसे बड़ा कार्य शहीद सैनिकों के शवों को सरकारी खर्चे पर घर तक पहुंचाना व राजकीय सम्मान के साथ एक जिला स्तरीय अधिकारी की मौजूदगी में अंत्येष्टि कराना। श्रद्धेय नेताजी मुलायम सिंह यादव को श्रद्धांजलि अर्पित करने देशभर से बड़े-बड़े नेता सैफई पहुंच रहे।

## बीर बालक अमीलाल ने कबड्डी जगत में क्षेत्र का किया नाम, आज भी युवा हो रहे प्रेरित - ओमप्रकाश यादव



मदरलैंड संवाददाता, कनीना। गांव दौगड़ा अहीर में दो दिवसीय वीर बालक अमीलाल मेमोरियल टूनार्मेंट का आगाज शनिवार को हुआ। इसका शुभारंभ प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री ओमप्रकाश यादव ने किया। इस 52वीं टूनार्मेंट में विभिन्न खेल प्रतियोगिता आयोजित की गई। इस अवसर पर बालक अमीलाल के चित्र पर पुष्प अर्पित करते हुए मंत्री ओमप्रकाश यादव ने कहा कि छोटी सी उम्र में वीर बालक अमीलाल नेशनल कबड्डी चैंपियन बने थे। उन्होंने प्रदेश व देश में कबड्डी प्रतियोगिता में अपना लोहा मनवाया। वे साल 1952 में गांव बहुल्लोलरी में चल रही कबड्डी प्रतियोगिता में जोर-आजमाइश करते हुए भगवान को प्यार हो गए थे। उनकी उपलब्धियों को लेकर आज भी युवाओं में प्रेरित करने के लिए खेल प्रतियोगिता निरंतर गांव में जारी है। इसके लिए आयोजक बधाई के पात्र है। आज इस प्रतियोगिता को 52वीं साल हो चुकी है। उन्होंने कहा कि युवा इस होनहार अमीलाल के पदचिन्हों पर चलकर खेल जगत में अपना, परिवार व क्षेत्र का नाम रोशन करें, यह शुभकामनाएं है। उन्होंने कहा कि मनुष्य को खेलों में अवश्य भाग लेना चाहिए। खेल से न केवल मनुष्य का शारीरिक विकास होता है, अपितु बौद्धिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के दौरान अटेली के विधायक सीताराम यादव ने कहा कि वीर बालक अमीलाल का कबड्डी के क्षेत्र में बहुत बड़ा नाम था। उन्होंने अपनी अल्प आयु में ही अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया था। विधायक ने कहा कि आज ऐसे बहादुर नेशनल कबड्डी चैम्पियन की याद में आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेकर अपने आपको गौरवानित महसूस कर रहे है। कबड्डी खेल जगत में उनके नाम को सदा याद रखा जाएगा। इस मौके भाजपा नेता मामनसिंह, जयवीर यादव, रमेश कोबरा, सरपंच प्रतिनिधि होशियार, अशोक बोहरा, वेदप्रकाश आर्य, महेंद्र सिंह ठेकेदार सहित अनेक लोग मौजूद थे।

# खेतों में पानी भरा रहने से किसान बुआई को तरसे, नहीं मिल सकी क्षतिपूर्ति

» **मयंद मोहन, मदरलैंड संवाददाता**



नूंह/मेवात। जिला में अधिकांश इलाकों में भूमिगत जल खारी होने के अलावा गिरता भू जल स्तर व सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने से जिला के अधिकांश किसान अभी भी बारिश आधारित परम्परागत फसलों की सिंचाई कर रहे हैं।

हैरत की बात देखने को यह मिल रही है कि लगातार दो वर्ष से हो रही बेमौसमी बारिश से जिला की सैंकडों एकड़ भूमि में में खड़े पानी व सेम समस्या से खरीफ व रबी की फसल तक बिजाई नहीं कर सके जबकि किसानों ने शासन-प्रशासन के अलावा मासिक बैठकों में आवाज बुलंद करने के बाद जहां समस्या का समाधान नहीं हो सका वहीं, दूसरी ओर प्रभावित किसानों को क्षतिपूर्ति तक मुहैया नहीं कराई जा सकी हैं।

किसान जानू नंगली, हरीकेश, रतीपाल, जगदेव इंडरी, ब्रहमा पंडित, चरण सिंह इंडरी, जमशेद नवाबगढ, कमरूदीन, युनुस, इलियास, साहून बडेलाकी आदि किसानों ने बताया कि जिला में अधिकांश इलाकों में भूमिगत जल खारी होने के अलावा गिरता भू जल स्तर व सिंचाई के पर्याप्त साधन न होने से जिला के अधिकांश किसान अभी भी बारिश आधारित परम्परागत फसलों की सिंचाई कर रहे हैं। लेकिन दो वर्षो से बेमौसमी बारिश से किसान रबी व खरीफ की फसल को नहीं बो पाये जबकि सरकार ने आज तक क्षतिपूर्ति के लिए कोई खास कदम नहीं उठाये हैं। उन्होंने बताया कि उनके खेतों में पानी भरा हैं लेकिन रबी की सरसों की फसल का समय निकल गया है और गेंहू की फसल के लिए भी दिक्कतें हो रही हैं। बगैर बिजाई वह परेशान हैं।

इस बारे में एसडीएम नूंह अश्वनी कुमार के मोबाईल फोन पर सम्पर्क करने पर घण्टी तो दनदनाती रही लेकिन कोई जवाब ना मिलने से उनका तर्क संगत नहीं हो सका। वहीं,दूसरी ओर नगराधीश सिद्वार्थ दहिया ने रविवार देर सांय माना कि जिला के कई इलाकों में हो रहे जलभराव की समस्या समाधान के लिए डीडीपीओ को आवश्यक दिशा निर्देश दिये गये हैं।

## तावडू शहरवासियों को दीपावली से पूर्व मिला नायब तोहफा, दो अन्य फीडर बनाए



» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। जिला के उभरते छोटे शहर तावडू की बिजली समस्या समाधान के लिए डीएचबीवीएन की स्थानीय इकाई ने तावडू शहर में दो अन्य फीडर बनाए हैं यानि की शहर में अब चार फीडर काम करेंगे। इससे बिजली कट से निजात मिलेगी।

उल्लेखनीय है कि, 66 केवीए बिजली घर से शहर की व्यवस्था कायम करने के लिए शहर-1, शहर -2 फीडर काम रहे थे, शहर का विस्तार होने से व्यवस्था में रोजाना खामी आने से सुधारीकरण के लिए कारणवश तमाम शहर की बिजली काटनी पड़ रही थी लेकिन बिजली विभाग ने दीपावली पर्व से पूर्व तावडू शहर की बिजली व्यवस्था के लिए दो नए फीडर लगाये हैं। बिजली अधिकारी की माने तो इससे बिजली व्यवस्था व कट से निजात मिलेगी।

उधर, नए फीडरों का सोमवार को विधायक कुंवर संजय सिंह शुभारंभ करेंगे। कार्यकम को लेकर बिजली विभाग अवकाश के रोज लगे हुए हैं।

इस बारे में डीएचबीवीएन तावडू एजीएम संदीप कुंडू ने रविवार सांय माना कि तावडू शहर की बिजली व्यवस्था कायम करने के लिए बिजली विभाग ने दीपावली पर्व से पूर्व तावडू शहर की बिजली व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए दो नए फीडर लगाये हैं। जबकि शहर-1 व शहर -2 फीडर पहले ही काम कर रहे हैं और सोमवार को विधिवत तौर से विधायक इनका शुभारंभ करेंगे।

## जिला में स्ट्रीट लाइट व्यवस्था ठप, अधिकारी ,पार्षद मौन

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। प्रकाश का पर्व दीपावली को कुछ ही दिन शेष बचे हैं लेकिन जिला के नूंह नगर परिषद के अलावा तावडू,पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका नपा क्षेत्रों में विभाग द्वारा करोड़ों रुपये की राशि खर्च किये जाने के बावजूद नागरिक स्ट्रीट लाइट सुविधा से वंचित हैं और स्ट्रीट लाइट न होने से अंधेरा छाया रहता है जिससे जहां चोरी की घटनाएं हो रही है तो वहीं, ऊबड़ खाबड़ रास्तों से लोग चोंटिल हो रहे हैं। विभागीय ठेकेदार लाइटों को ठीक करने में असमर्थ साबित हो रहे हैं। जिससे सरकारी कोष का भी जमकर दुरुपयोग हो रहा है। शहरवासियों ने समस्या समाधान के लिए प्रशासन तक गुहार लगाई हुई हैं लेकिन आज तक समस्या का समाधान नहीं हो सका है। गोपाल पंडित, राजू कटारिया, गुलशन जैन, सुरेन्द्र जैन, अरसद ग्वालिदिया वकील, जावेद, संजय आदि ने बताया कि इसको अधिकारियों व ठेकेदारों की मनमानी कहें अथवा लापरवाही, जो करोड़ों रुपये खर्च किये जाने के बाबजूद भी नागरिक स्ट्रीट लाइट सुविधा से महरूम हैं। जबकि विभाग प्रति माह लाखों रुपये स्ट्रीट लाइट व्यवस्था पर खर्च कर रहा है। शहरी क्षेत्र में अधिकांश स्ट्रीट लाइटें खराब पड़ी हुई हैं। इसके अलावा मुख्य मार्गों पर स्थापित एलईडी लाइट भी ठप हैं। जो लाईट ठी हैं वह चालू ही रहती है जो दिन-रात जलती रहती हैं। जबकि मात्र 10 रू0 का स्वीच तक लगाने का बजट विभाग के पास नही हैं। उन्होंने बताया कि नूंह नप, पुन्हाना व फिरोजपुर झिरका नपा क्षेत्रों में जून माह में निकाय चुनाव हो गए हैं लेकिन इसके बावजूद भी पार्षदों की नींद नहीं टूटी है और वह अपनी चुनावी वायदे भूल बैठे हैं।

## आम आदमी पार्टी द्वारा नगर में तिरंगा पदयात्रा का आयोजन

» **मदरलैंड संवाददाता**




बढ़ापुरः आगामी निकाय चुनाव को दृष्टिगत रखते हुए आम आदमी पार्टी द्वारा नगर में तिरंगा पदयात्रा का आयोजन किया गया तिरंगा पदयात्रा के उपरांत मोहल्ले में आयोजित एक बैठक में आम आदमी पार्टी के वक्ताओं ने सरकार को महंगाई और बेरोजगारी के मुद्दे पर जमकर कटाक्ष किए।

निकाय चुनाव की सरगर्मियां तेज होते हैं राजनीतिक दल भी मैदान पकड़ने शुरू हो चुके हैं जिसका जीता जागता उदाहरण रविवार को देखने को मिला रविवार को प्राइवेट बस स्टैंड से आम आदमी पार्टी की एक तिरंगा पदयात्रा का शुभारंभ बिजनौर जिला अध्यक्ष तेजपाल सिंह जिला सह प्रभारी अबरार अहमद के नेतृत्व में निकाली गई जिसमें दर्जनों की संख्या में महिलाओं एवं पुरुषों ने भाग लिया प्राइवेट बस स्टैंड से आरंभ हुई तिरंगा पदयात्रा नगर के मुख्य बाजार से होते हुए पुलिस चौकी कलहर वाली मस्जिद नगर पंचायत कार्यालय के सामने से होते हुए सब्जी मंडी चौक के बाद आर्य इंटर कॉलेज पर आकर समाप्त हुई तिरंगा पदयात्रा के बाद आम आदमी पार्टी के नगर अध्यक्ष नौशाद अंसारी के आवास पर आयोजित बैठक में पार्टी के वक्ताओं ने सरकार पर जमकर निशाना साधा बेरोजगारी एवं महंगाई के मुद्दे पर सरकार पर जमकर कटाक्ष किए तिरंगा पदयात्रा में जिला महासचिव जितेंद्र सिंह जिला उपाध्यक्ष सरवर सेक्स जिला प्रवक्ता मास्टर हरिश्चंद्र इंजीनियर प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष जावेद निषाद महिला प्रकोष्ठ से सरिता रानी कहकशा परवीन सहित अर्जुन सिंह टिंकू कुमार बिट्टू कुमार सरदार ख्वाजा मोहम्मद शकील आदि लोग मौजूद रहे सुरक्षा की दृष्टि से नगर पुलिस चौकी इंचार्ज गजेंद्र उप निरीक्षक संजीव सिंह पुलिस बल के साथ तिरंगा पदयात्रा के साथ मौजूद रहे।

## नूंह शहर इन दिनों विस्फोट के ढेर पर बैठा, गैस सिलेंडरों की रिफलिंग की दुकानों से हो सकता है बड़ा हादसा

» **मदरलैंड संवाददाता**

नूंह/मेवात। नूंह शहर इन दिनों विस्फोट के ढेर पर बैठा हुआ हैं, प्रशासनिक लापरवाही से नूंह शहर में कोई बड़ा हादसा हो सकता हैं। दरअसल, नूंह शहर के कुरैशी मस्जिद के अलावा अन्य जगह गैर कानूनी रूप से खुली एलपीजी गैस भरने की दुकानों में हल्की सी असावधानी से अप्रिय घटना घट सकती हैं जिससे भारी जान-माल की क्षति की बात से इंकार नहीं किया जा सकता। यहां दर्जनभर दुकानों पर एलपीजी के बड़े-बड़े गैस सिलेंडर रखे होते हैं और यह खुले में ही बगैर किसी सुरक्षा मानक के छोटे गैस सिलेंडरों में गैस भरने का काम कर रहे हैं। कुछ वर्ष पूर्व नूंह के संजय सिनेमा के पास एक गैस भरने की दुकान में इसी तरह से आग लगने से भारी नुकसान हुआ था और कईयों की जान बड़ी मुश्किल से बच पाई थी। लेकिन अब प्रशासन की नाक की नीचे यह सब काला काम चल रहा है और प्रशासन किसी बड़ा हादसा होने का इंतजार में हैं।

हैरानी की बात यह देखने को मिल रही है कि कई गैस एजेंसियों की गाडियां इन दुकानों पर आकर गैर सिलेंडर उतारकर ब्लैक में बेचती हैं और यह दुकानदार इन गैस सिलेंडरों को भी मोटा मुनाफा कमाकर अन्य रेहडी वालों को बेचते हैं। नूंह के पंजाबी मार्किट में यह नजारा देखने को मिल सकता है। खादय आपूर्ति विभाग के अफसर इस मार्किट के आसपास मंडराते रहते हैं लेकिन चंद चांदी के सिक्कों के खातिर वह भी अपनी आंखे मूंद लेते हैं। शहरवासियों ने जिला प्रशासन से इस पर विशेष ध्यान करके तुरंत प्रभाव से उचित कार्रवाई की मांग की हैं।

## त्योहारी सीजन में हांसी पुलिस ने किए सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध

» **मनमोहन शर्मा, मदरलैंड संवाददाता**



हांसी। पुलिस अधीक्षक हांसी नितिका गहलोत के निदेर्शानुसार जिला पुलिस हांसी ने आने वाले त्योहारी समय को देखते हुए हांसी की सबसे व्यस्त मार्केट बड़सी गेट , बजरिया चौक , दिल्ली गेट ,उमरा गेट तिकोना पार्क , पुराना बस स्टैंड में ट्रैफिक व्यवस्था और सुरक्षा के पुख्ता प्रबंध किए गए हैं।

त्योहारी समय में आमजन बाजारों में खरीददारी करते है और बाजारों में काफी भीड़ रहती है। कुछ असामाजिक तत्व इसका फायदा उठाने को फिराक में रहते है।

दीपावली के अवसर पर मुख्य बाजारों में भीड़ के दौरान सुरक्षा की दृष्टि से पुलिस सुरक्षा प्रबन्ध किया गया है ।

पुलिस जिला ने यातायात की सुचारू रूप से चलाने के लिए बाजार के मुख्य मार्गो पर पुलिस के नाके लगाए गए है। जहा से मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित होगा।

बड़सी गेट , उमरा गेट , तिकोना पार्क , पुराना बस स्टैंड , बजरिया चौक ,

इसके साथ ही आमजन की सुरक्षा के लिए बाजार में पैदल गस्त पार्टियों की भी नियुक्ति की गई है । व पुलिस के कर्मचारी सादी वर्दी में तैनात रहेगे ।

जो मार्केट में गस्त के साथ असमाजिक तत्वों पर भी नजर रखेंगे ताकि किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना न हो।

मार्केट में चार पहिया वाहनों का प्रवेश वर्जित किया गया है। मार्केट में खरीददारी करने आने वाले नागरिकों के साथ दुकानदारों के लिए पार्किंग की भी व्यवस्था की गई है।

प्रशासन द्वारा किसी भी व्यक्ति को पटाखे बेचने की अनुमति नहीं दी हैं ।

सभी प्रबन्धक थाना को निर्देश दिए हैं कि कोई भी पटाखे बेचता हैं उस पर सख्त से सख्त कानूनी कार्यवाही की जाये ।

पुलिस अधीक्षक महोदया ने सभी थाना प्रभारियों को निर्देश दिए है कि किसी भी प्रकार का चार पहिया वाहन मार्केट में प्रवेश नहीं करेगा।

इसके साथ ही पुलिस अधीक्षक महोदया ने हांसी पुलिस की तरफ से सभी नागरिकों को धनतेरस और दीपावली की शुभकामनाएं दी है।

## नामांकन पत्र के दौरान पुलिस वेरिफिकेशन व डोमिसाइल सर्टिफिकेट की जरूरत नहीं : उपायुक्त

» **मदरलैंड संवाददाता**

नारनौल। राज्य चुनाव आयोग, हरियाणा ने स्पष्ट किया है कि पंचायती राज संस्थाओं के चुनाव लड़ने वाले नागरिकों को नामांकन पत्र के दौरान पुलिस वेरिफिकेशन तथा डोमिसाइल सर्टिफिकेट की कोई जरूरत नहीं है। मतदाता सूची में उम्मीदवार का नाम होना जरूरी है। सभी आरओ को इस संबंध में आज ही निर्देश जारी कर दिए गए हैं।

यह जानकारी देते हुए उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी (पंचायत) डॉ जयकृष्ण आभीर ने बताया कि पुलिस वेरिफिकेशन तथा डोमिसाइल आदि के कारण उम्मीदवारों को अनावश्यक असुविधा हो रही है। इसके साथ ही उनके समय और पैसे की बबार्दी भी हो रही है। इसी को ध्यान में रखते हुए आयोग ने स्पष्ट निर्देश जारी किए हैं।

आयोग ने स्पष्ट किया है कि पंच, सरपंच, पंचायत समिति के सदस्य या जिला परिषद के किसी भी पद के लिए नामांकन दाखिल करने के लिए स्थानीय पुलिस से किसी पूर्ववृत्त/चरित्र सत्यापन की आवश्यकता नहीं है। उम्मीदवारों द्वारा केवल लंबित आपराधिक मामलों या दोष सिद्ध हुए आपराधिक मामलों का स्व-सत्यापित विवरण जहां नामांकन फॉर्म के साथ फॉर्म 4-ए में जमा करना आवश्यक है। इसके साथ ही फॉर्म 4-8 में स्व-सत्यापित हलफनामा भी प्रस्तुत किया जाना है। जिला परिषद और पंचायत समिति के उम्मीदवारों के शपथ पत्र फॉर्म 4-ए और 4-बी में मजिस्ट्रेट/शपथ आयुक्त/नोटरी पब्लिक से सत्यापित होना आवश्यक है।

उन्होंने बताया कि चुनाव लड़ने वाले के खिलाफ कम से कम दस साल के लिए दंडनीय अपराध के आरोप तय नहीं किए गए होने चाहिए। इसके अलावा किसी भी प्राथमिक कृषि सहकारी समिति, जिला केंद्रीय सहकारी बैंक, जिला प्राथमिक सहकारी कृषि ग्रामीण विकास बैंक और बिजली बिलों के बकाया का भुगतान का डिफाल्टर नहीं होना चाहिए। इसके अलावा हरियाणा सरकार द्वारा निर्धारित शैक्षणिक योग्यता और उनके निवास स्थान पर शौचालय होना चाहिए। उम्मीदवार का संबंधित ग्राम पंचायत, पंचायत समिति या जिला परिषद की मतदाता सूची में नाम दर्ज होना चाहिए।

उपायुक्त ने बताया कि इन निदेर्शों का कड़ाई से अनुपालन के लिए सभी रिटर्निंग अधिकारियों/सहायक रिटर्निंग अधिकारियों को निर्देश जारी कर दिए गए हैं। निदेर्शों की एक प्रति जिले में डीसी/एडीसी/सीईओ, जिला परिषद, एसडीओ (सिविल), तहसीलदार/नायब तहसीलदार, बीडीपीओ और डीआईपीआरओ के कार्यालयों में नोटिस बोर्ड पर भी प्रदर्शित कर दी गई है।

# सम्पूर्ण समाधान में शिकायतों के बावजूद नहीं हो रहा समाधान

» **अवनीश त्यागी, मदरलैंड संवाददाता**

बिजनौर। विद्युत विभाग के अधिकारियों की हीलाहवाली के चलते चार साल पहले कागजों पर कनेक्शन कटे दो नलकूप अब भी लगातार पानी उगल रहे हैं। वास्तव में इसे लापरवाही की पराकाष्ठा ही कहा जाएगा कि विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के आदेश व निर्देश का पालन कराने में कनिष्ठ अधिकारी कर्मचारी फेल साबित हो गए। दअरसल दो भाइयों ने 15 जुलाई 2016 को 7.5 हॉर्स पावर के दो अलग निजी नलकूप फर्जी तरीके से लगवा लिए। जिस गांव की जमीन के कागजात के आधार पर कनेक्शन स्वीकृत हुए, नलकूप वहां न लगवा कर दूसरे गांव में, वो भी दूसरे की जमीन पर लगा लिए। एक साल बाद शिकायत हुई तो जांच के आदेश कछुआ चाल से चलते रहे। चार साल पहले दोनों नलकूपों के कनेक्शन काटे गए, लेकिन सिर्फ कागजों पर! दोनों ही कनेक्शन आज भी बदस्तूर धड़ल्ले से चल रहे हैं। विभागीय आदेश के अनुपालन में सामान विभागीय भंडार गृह में जमा नहीं कराया गया। इनके द्वारा खपत की जा रही बिजली के बिल की भरपाई कौन करेगा? मामले की शिकायत तहसील दिवस में की गई है।

**सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर की शिकायत**

जानकारी के अनुसार 04 दिसंबर 2017 को ग्राम सदूपुरा निवासी सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर सोमदत्त ने तत्कालीन पुलिस अधीक्षक से लिखित शिकायत करते हुए बताया कि ग्राम फरीदपुर सल्लू स्थित 100 बीघा जमीन में से 48 बीघा का बैनामा कराया था। दाखिल खारिज की कार्रवाई के दौरान रफीक अहमद पुत्र अब्दुल हमीद, नफीस अहमद पुत्रगण अब्दुल हमीद अहमद निवासी ग्राम सदूपुरा ने एतराज किया, जिसका मुकदमा रेवन्यु बोर्ड तक चला। हालांकि बाद में दाखिल खारिज भी हो गया। सेवानिवृत्त पोस्ट मास्टर सोमदत्त की शिकायत के अनुसार उक्त दोनों ने बिजली स्वीकृत कराई ग्राम सदुपुरा की जमीन के लिए जबकि जिस जमीन पर प्रार्थी के बोरिंग में नलकूप लगाया, वह फरीदपुर सल्लु में है। इस प्रकार रफीक अहमद व नफीस अहमद ने जालसाजी, हेराफेरी व झूठा शपथ पत्र देकर बिजली कनेक्शन ले लिया ताकि प्रार्थी की जमीन पर मालिकाना हक जाहिर कर सके। सरकारी विभागों में प्रार्थना पत्र घूमता रहा। फिर 03 फरवरी 2018 को उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बिजनौर जसवीर सिंह ने 33/11 केवी उपकेंद्र गंज के अवर अभियंता बहराम सिंह को उक्त दोनों कनेक्शन गलत स्थान पर संचालित होने की जानकारी देते हुए अविलंब उतारने और अवगत कराने के निर्देश दिए।

**तीन दिन में मांगी थी रिपोर्ट**

इसके बाद विद्युत वितरण खण्ड बिजनौर के तत्कालीन अधिशासी अभियन्ता किताब सिंह ने 09 अप्रैल 2018 को निजी नलकूप संख्या 225/5027/130124 के लिए रफीक अहमद व निजी नलकूप संख्या 225/5027/130125 के लिए नफीस अहमद पुत्रगण हमीद निवासी ग्राम सदूपुरा बिजनौर को नोटिस जारी किया। इसमें कहा गया कि उनके द्वारा दिनांक 15 जुलाई 2016 को सामान्य योजना के अन्तर्गत 7.5 हॉर्स पावर के उक्त दो निजी नलकूप हेतु अनुबन्ध किया गया था। शिकायत प्राप्त होने पर जांच में पाया गया कि उनके द्वारा फर्द ग्राम सदुपुरा की लगायी गयी है जबकि निजी नलकूप ग्राम फरीदपुर सल्लू में स्थापित किए गए हैं। इससे स्पष्ट होता है कि उनके द्वारा विभाग को गुमराह करके संयोजन प्राप्त किया गया है। यह भी कहा कि पत्र प्राप्ति के 03 दिन के अन्दर स्पष्ट करें कि उनके द्वारा गलत फर्द क्यों लगायी गयी हैं,अन्यथा उनके विरूद्ध कानूनी कार्यवाही करते हुए संयोजन निरस्त कर दिया जायेगा।

**अधिशासी अभियंता के निर्देश ताक पर**

17 मई 2018 को तत्कालीन अधिशासी अभियंता ब्रह्मपाल ने उक्त दोनों कनेक्शन काटने के संबंध में कार्यालय से पत्र जारी किया। उपखंड अधिकारी विद्युत वितरण उपखण्ड द्वितीय बिजनौर को उक्त दोनों कनेक्शन काटने और नलकूप की समस्त सामग्री उतारकर विभागीय भंडार गृह में जमा कराने के निर्देश दिए। उन्होंने अधीक्षण अभियंता विद्युत वितरण मंडल बिजनौर के साथ ही उक्त दोनों कनेक्शन धारकों को भी इसकी एक प्रति सूचनार्थ भेजी। अब किसी प्रकार दोनों नलकूपों के कनेक्शन कट तो गए, लेकिन सिर्फ कागजों पर! असलियत में दोनों ही कनेक्शन आज तक बदस्तूर धड़ल्ले से चल रहे हैं। आज तक अधिशासी अभियंता ब्रह्मपाल के आदेश के अनुपालन में सामान विभागीय भंडार गृह में जमा नहीं कराया गया। एक बात और विचारणीय है कि तकरीबन चार साल से जिन दो निजी नलकूप का कनेक्शन कथित रूप से कटा हुआ है, उनके द्वारा खपत की गई बिजली के बिल का भुगतान कौन और कब करेगा? साथ ही विभाग के राजस्व की भरपाई कौन करेगा?

**दोनों ही भाइयों के खिलाफ दर्ज हैं कई केस**

उक्त दोनों ही भाई शातिर किस्म के बताए जाते हैं। उनके खिलाफ वर्ष 1987 से लेकर 2019 तक कई थानों में मुकदमे दर्ज हैं। इनमें हत्या, जान से मारने की धमकी, फ्राड आदि के थाना शहर कोतवाली में आठ व थाना स्योहारा में एक मुकदमा शामिल है।

**SDO ने भी माना..**

सम्पूर्ण समाधान दिवस में प्राप्त शिकायत को सुन कर एसडीओ विद्युत वितरण खंड प्रथम बिजनौर प्रदीप कुमार ने 27 मई 2022 की निस्तारण रिपोर्ट में बताया था कि एसडीओ विद्युत वितरण खंड द्वितीय, बिजनौर सचिन रस्तोगी द्वारा 25 मई 2022 को दी गई जांच आख्या के अनुसार 7.5-7.5 हार्सपावर के उक्त दोनों ट्यूबवेल संचालित हैं और करीब पांच वर्ष पूर्व डिस्मेंटल किए जाने के आदेश के बावजूद बिजली चोरी कर ये ट्यूबवेल चलाए जा रहे हैं।

**पुलिस की ओर से नहीं दी जा रही सुरक्षा?**

27 मई 2022 और 18 अगस्त 2022 को पीड़ित द्वारा समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र दिया गया। दोनों बार ही विद्युत विभाग के अधिकारियों ने पुलिस तथा प्रशासन से उक्त मामले में सहयोग मांगा। आरोप है कि एक बार भी सुरक्षा मुहैया नहीं कराई गई। अब पीड़ित ने एक बार फिर समाधान दिवस में प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किया है।

## संक्षिप्त समाचार

### सरकार का लक्ष्य देश के कोने-कोने में डिजिटल बैंकिंग के लाभ पहुंचानाः महाराज



हरिद्वार, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा हरिद्वार सहित देश के 75 जनपदों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा रविवार को देश के 75 जनपदों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से राष्ट्र को समर्पित किया। इसी कड़ी में हरिद्वार के योग विहार, देवपूरा स्थित एचडीएफसी बैंक की डिजिटल बैंकिंग यूनिट को भी केन्द्रीय राज्य मंत्री अजय भट्ट और प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज की मौजूदगी में बैंक ग्राहकों के लिए समर्पित किया गया। इस अवसर पर वहां उपस्थित सभी लोगों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा इन डिजिटल बैंकिंग इकाइयों की उपयोगिता पर दिये गये उद्बोधन को भी गंभीरता से सुना। इस मौके पर प्रदेश के कैबिनेट मंत्री और जनपद के प्रभारी मंत्री सतपाल महाराज ने कहा कि बैंकिंग सुविधाओं को देश के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचाने के उद्देश्य से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए 75 डिजिटल बैंकिंग यूनिट्स को लांच किया। उन्होने कहा कि इस वित्त वर्ष के बजट भाषण में देश के वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने आजादी के 75 वर्ष पूरे होने की उपलक्ष्य में देश के 75 जिलों में 75 डीबीयू स्थापित करने की घोषणा की थी उसी क्रम में हरिद्वार में भी डिजिटल बैंकिंग यूनिट को स्थापित किया गया है। श्री महाराज ने कहा कि डीबीयू की स्थापना करने के पीछे सरकार का लक्ष्य देश के कोने-कोने में डिजिटल बैंकिंग के लाभ जनता तक पहुंचाना है। इस योजना में देश के सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को कवर किया गया है। उन्होंने कहा कि सरकार के इस प्रयास में 11 सरकारी बैंकए 12 निजी बैंक और एक स्माल फाइनेंस बैंक भाग ले रहे हैं। इस अवसर पर पूर्व कैबिनेट मंत्री मदन कौशिक, एचडीएफसी बैंक अधिकारी सहित अनेक लोग उपस्थित थे।

### आम आदमी पार्टी की गढ़वाल मंडल की बैठक संपन्न



देहरादून, एजेंसी। आज आम आदमी पार्टी के प्रदेश कार्यालय आराघर चैक पर गढ़वाल मंडल के प्रदेश उपाध्यक्षों, जिलाध्यक्षों, विधानसभा प्रभारियों, एवं पूर्व विधानसभा प्रत्याशियों के साथ बैठक संपन्न हुई। अधिक जानकारी देते हुए गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद ने बताया कि प्रदेश सह- प्रभारी राजीव चैधरी द्वारा संगठन को मजबूत करने के उद्देश्य से इस मीटिंग का आयोजन किया गया, साथ ही अपने नगर निकाय के चुनाव के मद्देनजर भी उन्होंने पदाधिकारियों को टिप्स दिए। इस दौरान प्रदेश सह प्रभारी राजीव चैधरी ने कहा कि सभी पदाधिकारी को यह सुनिश्चित करना होगा की आगामी चुनावों को देखते हुए उनकी भागीदारी क्या है एवं प्रत्येक बैठक धरने-प्रदर्शन में प्रतिभाग करना होगा, साथ ही अपने पद का निर्वहन करते हुए क्षेत्र में उतर कर कार्यकर्ताओं को संगठित करना एवं जनता की आवाज उठाना उनकी जवाबदेही होगी। राजीव चैधरी ने आगे कहा कि कोई भी व्यक्ति पद लेने के बाद यह ना सोचें कि काम खत्म हो गया, बल्कि पद के साथ वफादारी निभाते हुए पार्टी के लिए काम करें एवं संगठन को कैसे मजबूत किया जा सकता है इस पर विचार करते हुए आचरण करें। उन्होंने सभी से आपसी समन्वय बढ़ाने पर भी जोर दिया। इस दौरान प्रदेश संगठन समन्वयक जोत सिंह बिष्ट, सह समन्वय डीके पाल, प्रदेश उपाध्यक्ष नरेश शर्मा, उमा सिसोदिया, आजाद अली, आरपी रतूड़ी, डिंपल सिंह, प्रेम सिंह, हिम्मत सिंह बिष्ट, गढ़वाल मीडिया प्रभारी रविंद्र सिंह आनंद, युवा विंग प्रदेश अध्यक्ष नितिन जोशी, प्रदेश सचिव पाठक, नासिर खान, मनोहर लाल पहाड़िया, योगेंदर चैहान, पुष्पा चैहान, सुशील सैनी, सीपी सिंह आदि मौजूद रहे।

# उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का शुभारम्भ

- केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान, सीएम धामी, उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने किया शुभारंभ
- बाल वाटिका से प्रारम्भिक शिक्षा में उत्तराखण्ड में इसकी सबसे पहले शुरूआत की जा चुकी है




देहरादून, एजेंसी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान एवं मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को मुख्यमंत्री आवास स्थित मुख्य सेवक सदन में उच्च शिक्षा में शैक्षणिक सत्र 2022-23 के लिए राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 का शुभारम्भ किया। इस अवसर पर उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित थे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने देश में सबसे पहले राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू करने के लिए उत्तराखण्ड सरकार को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आज उत्तराखण्ड में उच्च शिक्षा में इसका शुभारम्भ किया गया है। बाल वाटिका से प्रारम्भिक शिक्षा में उत्तराखण्ड ने ही इसकी सबसे पहले शुरूआत की। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी एवं शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत को बधाई भी दी। उन्होंने कहा कि देवभूमि उत्तराखण्ड विद्वानों की भूमि है। इस देवभूमि से नई शिक्षा नीति के बेहतर क्रियान्वयन के लिए अभी अनेक विचार आयेंगे। अब प्रयास करने होंगे कि आने वाले समय में शत प्रतिशत बच्चे बाल वाटिकाओं में प्रवेश करें। उन्होंने कहा कि किसी भी देश एवं समाज का विकास बेहतर शिक्षा से ही हो सकता है। राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 मानवीय जीवन के सभी पहलुओं को ध्यान में रखकर बनाई गई है। शिक्षा के साथ ही बच्चों के कौशल विकास, उनके व्यक्तित्व के विकास, भाषाई विकास एवं नैतिक मूल्यों पर विशेष ध्यान दिया गया है। शिक्षा व्यक्ति की आत्मनिर्भरता से जुड़ी हुई है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत बच्चों को 03 साल से फार्मल एजुकेशन से जोड़ा जा रहा है। इसके तहत बाल वाटिका शुरू की गई है, बाल वाटिका में 03 साल सीखने के बाद बच्चा पहली कक्षा में प्रवेश करेगा, तब उसकी उम्र 06 साल होगी। बच्चों को नवजात से उनकी 21-22 साल की उम्र तक बेहतर एवं गुणात्मक शिक्षा के लिए उत्तराखण्ड में 40 लाख बच्चों का टारगेट लेकर आगे बढ़ना होगा। स्कूली शिक्षा, उच्च शिक्षा, तकनीकि शिक्षा, मेडिकल, पेरामेडिकल एवं अन्य को मिलाकर 35 लाख की व्यवस्था उत्तराखण्ड के पास पहले से ही है। उन्होंने कहा कि देश डिजिटल इंडिया की ओर तेजी से बढ़ा है। उच्च शिक्षा की दिशा में उत्तराखण्ड में जो नीति बन रही है, वह इस दिशा में बहुत बड़ा कदम है। प्रदेश के नौजवानों को विश्व की आवश्यकता के लिए तैयार कराना, यह उत्तराखण्ड के पास ताकत है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि राज्य में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 को लागू किए जाने के की दिशा में, उच्च शिक्षा विभाग द्वारा प्रभावी एवं चरणबद्ध रूप से सकारात्मक कदम बढ़ाए गए हैं। प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व व मार्गदर्शन में तैयार की गई नई शिक्षा नीति 21वीं सदी के नवीन, आधुनिक, सशक्त और आत्मनिर्भर भारत के निर्माण के नए आयाम खोलने वाली नीति है। इसे देश के ख्यातिलब्ध शिक्षाविदों द्वारा तैयार किया गया है और ये नए भारत की, नई उम्मीदों नई आवश्यकताओं की पूर्ति का सशक्त माध्यम है। यदि हम एक समृद्ध भविष्य चाहते हैं तो हमने अपने वर्तमान को सशक्त बनाना होगा, ठीक इसी प्रकार से यदि हम अपनी आने वाली पीढ़ी को और भी अधिक प्रतिभाशाली बनाना चाहते हैं तो हमें उसके बचपन और उसकी शिक्षा पर आज से कार्य करना होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत ने सम्पूर्ण विश्व को ज्ञान देने का कार्य किया है। हमारे नालंदा और तक्षशिला जैसे अद्वितीय शिक्षा मंदिर पूरी दुनिया में कहीं नहीं थे और यहां से ज्ञान अर्जित करने वालों ने संपूर्ण मानवजाति को एक नई राह दिखाई। हमारे देश में मेधा की कभी कोई कमी नहीं रही और एक से एक विद्वानों और शिक्षाविदों ने भारत की बौद्धिक संपदा को विस्तार दिया। लेकिन कालांतर में आए विदेशी आक्रांताओं और शासकों ने हमारी शिक्षा व्यवस्था पर ही सबसे अधिक चोट की और इसको तहस-नहस कर दिया। उस दौर में व्यवस्थाएं ऐसी बना दी गईं जिसके बाद से पढ़ाई का अर्थ और लक्ष्य केवल और केवल नौकरी पाने तक सीमित हो कर रह गया। उन्होंने कहा कि 2025 में राज्य स्थापना की रजत जयंती मनाई जायेगी। तब तक हम बेस्ट प्रैक्टिस के तौर पर क्या कर सकते हैं, जो देश के लिए आदर्श बने इस दिशा में सभी विभागों को तेजी से कार्य करने होंगे। सूबे के विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने राज्य में एनईपी-2020 लागू किये जाने का श्रेय विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों को दिया। उन्होंने कहा कि इन लोगों की मेहनत का नतीजा है कि आज राष्ट्रीय शिक्षा नीति को लागू किया जा सका। डॉ0 रावत ने बताया कि एनईपी-2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रवेश शुरू कर दिये गये हैं। इसके लिये नई नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किये गये हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि नई नीति के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया साथ ही स्क्रीनिंग कमेटी और कैरिकुलम डिजाइन समिति गठित की गई। जिनकी विभिन्न स्तर पर कई दौर की बैठकों और पब्लिक डोमेन से मिले सुझावों के उपरांत बाद पाठ्यक्रम तैयार किया गया। जिसे सभी विश्वविद्यालयों की बीओएस, एकेडमिक काउंसिल और एग्जिक्युटिव कमेटी द्वारा अप्रूव्ड किया गया। उन्होंने बताया कि नई नीति के तहत छात्र-छात्राओं को च्वाइस बेस्ड क्रेडिट सिस्टम का लाभ मिलेगा और अब वह अपने मनपसंद विषय और विश्वविद्यालय चुन सकेंगे। डॉ. रावत ने बताया कि नए पाठ्यक्रम रिसर्च, इनोवेशन और इंटरप्रेन्योरशिप बेस्ड होंगे। इसमें रोबोटिक्स जैसे एडवांस कोर्स रखे गये हैं। उन्होंने बताया कि को-कैरिकुलम कोर्स के 6 सेमेस्टरों के प्रत्येक सेमेस्टर में भारतीय ज्ञान परम्परा, कम्युनिकेशन स्किल, इन्वायरमेंट, मैनेजमेंट पैराडाइज ऑफ भागवत गीता, योगा, विवेकानंद स्टडीज, पर्सनली डेवलपमेंट, रामचरितमानस, ट्रेडिशनल नॉलेज, वैदिक साइंस और वैदिक गणित जैसे कोर्स भी रखे गये हैं। इस अवसर पर विधायक उमेश शर्मा काऊ, विनोद चमोली, विनोद कण्डारी, मेयर सुनील उनियाल गामा, सचिव शैलेश बगोली, विभिन्न विश्वविद्यालयों के कुलपति, शिक्षा एवं उच्च शिक्षा विभाग के अधिकारी उपस्थित थे।

# केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने की शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास की समीक्षा



देहरादून, एजेंसी। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री आवास में शिक्षा विभाग, उच्च शिक्षा विभाग एवं कौशल विकास की समीक्षा की गई। बैठक में मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी, शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत, शासन के अधिकारी एवं सबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने कहा कि उत्तराखण्ड में नई शिक्षा नीति के सफल क्रियान्वयन एवं शिक्षा व्यवस्था को और बेहतर बनाने के लिए निपुण भारत मिशन के तहत बच्चों को पढ़ने-लिखने, बोलने, व्याख्या करने एवं संख्यात्मकता ज्ञान बढ़ाने के लिए, डायट को भी इस ओर ध्यान देना होगा। शिक्षकों को इसके लिए बेहतर प्रशिक्षण देना होगा। बच्चों की प्रारंभिक बाल्यवस्था देखभाल और शिक्षा का पाठ्यक्रम को रोचक बनाया जाए। टेक्नोलॉजी के माध्यम से ईसीसीई के पाठ्यक्रम को कैसे और रोचक बनाया जा सकता है, इस पर विशेष ध्यान दिया जाए। उत्तराखण्ड के लिए जो पाठ्यक्रम बनाया जा रहा है, इसमें एससीईआरटी के साथ ही एनसीईआरटी की मदद भी ली जा सकती है। केन्द्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि बच्चों को नई-नई स्किल सीखने को मिले, इसके लिए भविष्य की आवश्यकताओं को देखकर स्किल डेवलपमेंट के कोर्स कराए जाएं। उन्होंने कहा कि उत्तराखण्ड में स्किल डेवलपमेंट का हब बनने की क्षमता है।

राज्य के पास प्रतिभाओं की कमी नहीं है, इन प्रतिभाओं को आगे लाने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि राज्य में कौशल विकास से संबंधित जो भी विभाग और संस्थान प्रशिक्षण करवा रहे हैं, उन्हें सिंगल विंडो सिस्टम पर लाए जाने की आवश्यकता है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि उत्तराखण्ड को उत्कृष्ट राज्य बनाने के लिए राज्य सरकार प्रयासरत है। सभी विभागों को अगले 03 साल और आने वाले 10 सालों का रोडमैप बनाने के साथ ही बेस्ट प्रैक्टिस के रूप में अपनी पर्फोर्मेन्स देने के निर्देश दिये गये हैं। उन्होंने कहा कि शिक्षा में गुणात्मक सुधार के लिए लगातार प्रयास हो रहे हैं। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देश दिये कि केन्द्रीय शिक्षा मंत्री द्वारा शिक्षा एवं कौशल विकास के लिए जो सुझाव दिये गये हैं, उनका सही तरीके से क्रियान्वयन किया जाए। विद्यालयी शिक्षा एवं उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने बताया कि एनईपी-2020 के अंतर्गत उच्च शिक्षण संस्थानों में वर्तमान शैक्षणिक सत्र से प्रवेश शुरू कर दिये गये हैं। इसके लिये नई नीति के अनुरूप पाठ्यक्रम तैयार किये गये हैं। विभागीय मंत्री ने बताया कि नई नीति के क्रियान्वयन के लिये राज्य स्तरीय टास्क फोर्स का गठन किया गया साथ ही स्क्रीनिंग कमेटी और कैरिकुलम डिजाइन समिति गठित की गई। जिनकी विभिन्न स्तर पर कई दौर की बैठकों और पब्लिक डोमेन से मिले सुझावों के उपरांत बाद पाठ्यक्रम तैयार किया गया। जिसे सभी विश्वविद्यालयों की बीओएस, एकेडमिक काउंसिल और एग्जेक्युटिव कमेटी द्वारा अप्रूव्ड किया गया। इस अवसर पर अधिकारियों द्वारा प्रस्तुतीकरण के माध्यम से शिक्षा, उच्च शिक्षा एवं कौशल विकास के क्षेत्र में राज्य में की जा रही विभिन्न गतिविधियों का विस्तृत प्रेजेन्टेशन दिया। बैठक में सचिव उच्च शिक्षा शैलेश बगोली, सचिव शिक्षा रविनाथ रमन, सचिव कौशल विकास विजय कुमार यादव, महानिदेशक शिक्षा बंशीधर तिवारी एवं शासन एवं संबधित विभागों के अधिकारी उपस्थित थे।

# नेपाल के राजदूत ने कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से की भेंट



- पर्यटन एवं तीर्थाटन से जुडे. अनेक विषयों पर हुई चर्चा

देहरादून, एजेंसी। नेपाल के राजदूत और वरिष्ठ अर्थशास्त्री डा. शंकर प्रसाद शर्मा ने प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से उनके आवास पर शिष्टाचार भेंट कर विभिन्न विषयों पर चर्चा की। नेपाल के राजदूत और वरिष्ठ अर्थशास्त्री डा. शंकर प्रसाद शर्मा ने रविवार को प्रदेश के कैबिनेट मंत्री सतपाल महाराज से उनके मुनिस्पिल रोड स्थित आवास पर शिष्टाचार भेंट कर पर्यटन एवं तीर्थाटन से जुडे. अनेक विषयों पर चर्चा की। कैबिनेट मंत्री श्री महाराज ने बताया कि वरिष्ठ अर्थशास्त्री डा. शंकर प्रसाद शर्मा इससे पहले अमेरिका में नेपाल के राजदूत भी रहे हैं। वह सिंगापुर के इंस्टीट्यूट ऑफ साउथ ईस्ट एशियन स्टडीज में बतौर वरिष्ठ अर्थशास्त्री भी रहे हैं। इस अवसर पर नेपाल के राजदूत और वरिष्ठ अर्थशास्त्री डा. शंकर प्रसाद शर्मा की पत्नी और पूर्व कैबिनेट मंत्री अमृता रावत भी मौजूद थी।

# पीएम ने 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयां राष्ट्र को की समर्पित

देहरादून, एजेंसी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने वित्तीय समावेशन को और अधिक व्यापक बनाने के उद्देश्य से देश के 75 जिलों में 75 डिजिटल बैंकिंग इकाइयों को आज राष्ट्र को समर्पित किया। इस अवसर पर देहरादून स्थित मुख्यमंत्री आवास से मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने भी इस कार्यक्रम में वर्चुअल रूप से प्रतिभाग किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि डिजिटल बैंकिंग ने मानव जीवन को आसान बनाने का कार्य किया है। इस अवसर पर केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, उत्तराखंड के शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत भी उपस्थित रहे।



# साधना से ओजस, तेजस और वर्चस बढता हैं: डॉ. पण्डया



हरिद्वार, एजेंसी। अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्डया ने कहा कि गायत्री साधना में मंत्र संख्या के स्थान पर साधना की गहराई को बढ़ाना चाहिए। साधना की गहराई से ही साधक में ओजस, तेजस और वर्चस बढ़ता है और यही साधक को मनोवांछित फल देता है। साधक के व्यक्तित्व को निखारता है। गायत्री परिवार के अभिभावक डॉ. पण्डया शांतिकुंज में अंतेवासी कार्यकर्त्ताओं की एक विशेष संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि आगामी तीन वर्षों में ग्रह नक्षत्रें के विपरीत प्रभावों से लेकर कई अन्य प्रतिकूल परिस्थिति के लक्षण दिख रहे हैं। इन परिस्थितियों से अपने परिवार को गायत्री साधना से उत्सर्जित ऊर्जा से बचाया जा सकता है। गायत्री मंत्र के साथ सूर्य की उपासना करने से ग्रहों की अनुकूल बढ़ेगी। यह क्रम साधना बैंक बनाने की तरह है। इन तीन वर्षों में अरबों गायत्री मंत्र की साधना होनी है। आप सभी अभी से अपनी साधना में संख्या के साथ गहराई को बढ़ाने में जुट जाइये। उन्होंने कहा कि साधना के साथ सत्साहित्यों का नियमित स्वाध्याय, चिंतन और मनन करें तथा आत्मीयता विस्तार के लिए अपने अंदर सकारात्मक पक्षों का विस्तार करें और नकारात्मक विचारों को कूड़े की तरह बाहर निकाल फेंके। गायत्री परिवार के अभिभावक डॉ. पण्डया ने कहा कि मन को साधने में साधना के साथ आहार संयम का विशेष योगदान है। शांतिकुंज की अधिष्ठात्री शैलदीदी ने गायत्री परिवार की संस्थापिका वंदनीया माता भगवती देवी शर्मा की जन्मशताब्दी वर्ष 2026 तक चलने वाले साधना अनुष्ठान के क्रम में मनोयोगपूर्वक जुट जाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि साधना ही जीवन की धुरी है। समस्त विश्व को आने वाले संकटों से गायत्री मंत्र की सामूहिक साधना से बचाया जा सकता है। सामूहिक शक्ति ही संघशक्ति का परिचायक है। इस अवसर पर व्यवस्थापक महेन्द्र शर्मा, शिवप्रसाद मिश्र, डॉ. ओपी शर्मा सहित शांतिकुंज के अंतःवासी कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

# सिडकुल क्षेत्र से शातिर बाइक चोर गिरफ्तार

## आरोपी से चोरी की पांच बाइकें बरामद




हरिद्वार, एजेंसी। सिडकुल पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर एक शातिर बाइक चोर को को चोरी की बाइक के साथ दबोचा है। पुलिस ने आरोपी से पूछताछ के दौरान उसकी निशानदेही से चोरी की चार ओर बाइकें बरामद की है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया। सिडकुल थाना प्रभारी निरीक्षक प्रमोद कुमार उनियाल ने बताया कि योगेश कुमार निवासी वेद सिटी पंतजलि योगपीठ बहादराबाद ने 12 अक्टूबर को तहरीर देकर शिकायत की थी कि वह किसी काम के सिलसिले में सिडकुल स्थित हर्बल कम्पनी में आया था, जहां कम्पनी की पार्किंग में उसने अपनी बाइक पार्क की थी, जिसको अज्ञात द्वारा चोरी कर ली गयी। वहीं रोकी कुमार निवासी अतमलपुर बौंगला बहादराबाद ने भी 14 अक्टूबर को तहरीर देकर शिकायत की थी कि उसकी बाइक एकम्स कम्पनी की पार्किंग से चोरी हो गयी। पुलिस ने दोनों घटनाओं में मुकदमा दर्ज कर सीसीटीवी कैमरों की मदद से बाइक चोर की शिनाख्त करते हुए तलाश शुरू कर दी। इसी दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि आन्नेकी पुल के पास एक संदिग्ध बाइक सवार देखा गया है। जिसके पास चोरी की बाइक है। सूचना पर पुलिस ने तत्काल मौके पर पहुंचकर बताये गये हुलिए और बाइक की पहचान के आधार पर संदिग्ध को दबोच लिया। जिससे बाइक के सम्बंध में कागजात दिखाने को बोला गया। लेकिन वह कोई कागजात नहीं दिखा पाया। जिसको पुलिस थाने लेकर पहुंची, जहां पर पूछताछ के दौरान आरोपी ने अपना नाम आलोक तिवारी पुत्र अभिनाश तिवारी निवासी ग्राम औरंगांबाद मैकलगंज लखीमपुर खीरी यूपी बताते हुए खुलाया कि उसके बाइक बाइक चोरी की है। जिसने क्षेत्र से चोरी की है। इसके अलावा आरोपी ने पुलिस को पूछताछ के दौरान सिडकुल क्षेत्र स्थित केविन केयर के पास नाल के समीप झाड़ियों में चोरी की चार ओर बाइके छुपा कर रखने की जानकारी दी। पुलिस आरोपी की निशानदेही से चोरी की चार ओर बाइके बरामद कर ली। पुलिस ने बरामद की गयी पांच बाइकों में दो बाइकें क्षेत्र से चोरी हुई मिली। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ सम्बंधित धाराओं में मामला दर्ज करते हुए मेडिकल के बाद न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया।

# कर्मचारी संघ में मांगों पर गम्भीरता ना दिखाने पर आक्रोश




हरिद्वार, एजेंसी। चतुर्थ श्रेणी राज्य कर्मचारी संघ चिकित्सा स्वास्थ्य उत्तराखंड जनपद हरिद्वार की एक आवश्यक बैठक मेला चिकित्सालय आवासीय परिसर में आयोजित की गयी। बैठक में चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों की लंबित मांगो के निस्तारण एवं कर्मचारियों पर उत्पीड़नात्मक कार्यवाही पद के विपरीत कार्य लिए जाने के लिए की गयी। जिस में कर्मचारियों ने आक्रोशित होकर 15 दिवस के अंदर कार्य नही होने की दशा में आंदोलन की घोषणा करने का निर्णय लिया गया। बैठक की अध्यक्षता दिनेश लखेड़ा प्रदेश अध्यक्ष ने तथा संचालन जिला मंत्री राकेश भंवर ने किया।

जिलाध्यक्ष शिवनारायण सिंह जिलामंत्री राकेश भंवर, प्रदेश ऑडिटर महेश कुमार, जिला ऑडिटर शीशपाल ने कहा कि कर्मचारियों के मांगो के निस्तारण के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी, प्रमुख एवं मुख्य चिकित्सा अधीक्षकों के लिए पिछले माह पत्र लिखा गया था, लेकिन अभी तक कोई भी कार्यवाही मांगो के निस्तारण के लिए नही हुई है। कर्मचारियों के एसीपी का लाभ दिया जाना, वर्दी भत्ता वेतन में लगाया जाना, कर्मचारियों से पदों के विपरीत कार्य लिया जाना, 6 माह से एक वर्ष बीत जाने पर भी मृतक आश्रित कार्मिको की नियुक्ति उनके देयकों को नही दिया जाना, सेवानिवर्त कर्मचारियों के भुगतान में भी देरी का किया जाना, कर्मचारियों के आवासों के लिए नई सीवर लाइन, आवासों की रंगाई, पुताई, मरम्मत, चिकित्सा प्रतिपूर्ति के बिलों का भुगतान आदि को लेकर पत्र पर कार्यवाही ना होने को लेकर कर्मचारियों में आक्रोश व्याप्त है जो कभी भी आंदोलन का रूप ले सकता है। बैठक में 15 दिवस का समय दिया जायेगा, नहीं तो आंदोलन का समस्त उत्तरदायित्व जिले के स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों का होगा। बैठक को संबोधित करते हुए प्रदेश अध्यक्ष दिनेश लखेड़ा, प्रदेश कार्य समिति सदस्य राजेंद्र तेश्वर, सलाहकार मूलचंद चैधरी ने कहा कि कर्मचारियों की मांग जो प्रदेश स्तर पर लम्बित है स्टाफ नर्सेस की भांति पोष्टिक आहार भत्ता, कर्मचारियों की पदोन्नति लेब सहायक, डार्करूम सहायक, ओटी सहायक, लिपिक के पदों पर काफी समय से लंबित है। जिसके लिए मुख्यमंत्री और स्वास्थ्य मंत्री से भी संघ द्वारा अनुरोध किया गया है किंतु महानिदेशालय, शासन द्वारा कार्यवाही में विलम्ब किया जा रहा है जोकि न्यायोचित नही है जल्द ही मांगो पर गंभीरता पूर्वक विचार करने का अनुरोध किया गया। बैठक में सोमप्रकाश, शीशपाल, मूलचंद चैधरी, महेश कुमार, राकेश भंवर, विक्रम राणा, रूपेश, मुनेश कुमार, दिनेश लखेड़ा, सुरेश चंद्र, राजेंद्र तेश्वर, रजनी, संतोष कुमारी, मुन्नी देवी, निर्मला, शिवनारायण सिंह, सचिन आदि मौजूद रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### जयदेव चंडीगढ़ गांधी स्मारक निधि भवन के निदेशक नियुक्त



मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़ । जयदेव को चंडीगढ़ गांधी स्मारक निधि, (पंजाब,हरियाणा, हिमाचल,पट्टी कल्याणा,पानीपत) सेक्टर 16 का निदेशक नियुक्त किया गया है। जयदेव खादी ग्रामोद्योग आयोग,भारत सरकार के निदेशक रह चुके हैं। उन्हें देवराज त्यागी के स्थान पर निदेशक नियुक्त किया गया है। ये पद 31 जनवरी से खाली था। जयदेव ने अपना केरियर गांधी और खादी विचार धारा के अंतर्गत पानीपत में में प्रशिक्षण से प्रारंभ किया। जयदेव विभिन्न खादी एवं ग्रामोद्योग आयोग के विभिन्न पदों पर कार्यरत के बाद सेवानिवृत्त हुए। यहां ये उल्लेखनीय है कि चंडीगढ़ गांधी स्मारक निधि पंजाब,हरियाणा एवं हिमाचल प्रदेश की शाखा है,जिसका संचालन पट्टी कल्याणा,पानीपत के अंतर्गत है। ये जानकारी गांधी स्मारक निधि के सचिव आनंद कुमार शरण ने दी। उन्होंने बताया ये नियुक्ति संस्था के अध्यक्ष संजय सिंह की मंजूरी से की गई है।

### विजताओ को कमल साइकिल की ओर से उपहार में दी साइकिल




मदरलैंड संवाददाता, लुधियाना। दिवाली के अवसर पर वीनस लेडीज क्लब की ओर से एक मिनट गेम्स खिलाई गई इस अवसर पर क्लब की प्रधान धीरा मेहरा और उप प्रधान पवनीत पाहवा ने बताया कि दिवाली के अवसर पर सभी क्लब मेंबर्स के साथ गेम्स के साथ साथ लक्की ड्रा भी निकाले गए जिसमे विजाताओ को कमल साइकिल की डायरेक्टर निशा की ओर से दो साइकिल उपहार में दी गई वही एक्टी प्रो हेल्थ प्लस मखाना पाउडर की ओर से भी उपहार बाटे गए।

### स्कूलों में एक सप्ताह तक चलने वाला ग्रीन दिवाली अभियान हुआ लॉन्च




मदरलैंड संवाददाता, चंडीगढ़। यूटी प्रशासन के पर्यावरण विभाग की ओर से शहर की स्वयंसेवी संस्था युवसत्ता के सहयोग से सेक्टर–44 डी स्थित सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल और गवर्नमेंट मॉडल सीनियर सेकेंडरी स्कूल, सेक्टर–25 से शहर के स्कूलों में एक सप्ताह तक चलने वाले 'ग्रीन दिवाली अभियान' को लॉन्च किया। पटाखा मुक्त दिवाली मनाने सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग न करने और स्वच्छ और ग्रीन चंडीगढ़ के संदेश को एक हजार से अधिक युवा स्टूडेंट्स तक पहुंचाने के उद्देश्य से यह अभियान शुरू किया गया है। इस मौके पर एनविस डॉयरेक्टर और साइंटिस्ट बृज भूषण मुख्य अतिथि के तौर पर मौजूद थे। इस अवसर पर उपस्थित प्रमुख लोगों में युवसत्ता–एनजीओ के संस्थापक प्रमोद शर्मा और सेंट जोसेफ सीनियर सेकेंडरी स्कूल की प्रिंसिपल मोनिका चावला मौजूद थीं।

### नगर परिषद ने भेजा 17 होटल संचालकों को नोटिस, मचा हड़कंप

मदरलैंड संवादाता, नारनौल। नगर परिषद ने 17 होटल संचालकों को नोटिस जारी किया है। नोटिस जारी करने के बाद होटल संचालकों में हड़कंप मच गया है। होटल संचालकों को दिए गए नोटिस में बताया गया है कि वे गैरकानूनी तरीके से होटलों का संचालन कर रहे हैं। नारनौल नगर परिषद की ओर से 17 होटल संचालकों को नोटिस थमाया गया है इन होटल में छिपी ढाबा नियर पुलिस लाइन नारनौल, ओम होटल निजामपुर रोड, देव रेजिडेंसी हीरो हौंडा चौक, पंजाबी रेस्टोरेंट्स महावीर चौक, सैनी होटल कैलाश नगर, होटल अपार रेवाड़ी रोड, सांवरिया रूम एंड फूड कोर्ट हौंडा चौक, डीआरके होटल पुरानी कचहरी, रॉयल टयूलिप होटल, अनंता होटल रेवाड़ी रोड, आरआर होटल पंचायत भवन, चांदनी मिडवे सिंघाना रोड, सन प्लाजा रेवाड़ी रोड, विलेज रिजॉर्ट रेवाड़ी रोड, राव स्टेट महावीर चौक और होटल सूर्य विलास रेवाड़ी रोड शामिल हैं। होटल मालिकों को दिए गए पत्र में लिखा गया है कि नगर परिषद के बिल्डिंग इंस्पेक्टर व जूनियर इंजीनियर द्वारा जांच करने पर पाया गया कि ये होटल अनऑथराइज्ड हैं तथा तय मापदंडों पर आधारित नहीं बनाए गए हैं। वहीं पर्यावरण प्रदूषण के नियमों के अनुसार भी उन्होंने परमिशन नहीं ले रखी। इन होटल संचालकों को अपनी बात रखने के लिए 18 अक्टूबर को शाम 3 बजे नगर परिषद बुलाया गया है।

# सुंदर शाम अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद आप मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा का बड़ा बयान

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। सुंदर शाम अरोड़ा की गिरफ्तारी जे बाद आप मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा का बड़ा बयान-सुंदर शाम अरोड़ा द्वारा अर्जित कालीकमाई द्वारा बनाई गई बेनामी संपत्ति उनकी कॉलोनियां , शॉपिंग मॉल , स्कूल , हस्पताल एवं अन्य आधारों की भी गहराई से जांच करवाएगी आप सरकार * ***पूर्व कैबिनेट मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा की विजिलेंस द्वारा 50 लाख रुपए रिश्वत देने के मामले में गिरफ्तारी होने पर पंजाब के मौजूदा कैबिनेट मंत्री ब्रह्म शंकर जिंपा ने अपनी प्रतिक्रिया देते हुए कहा की उन्हें भगवंत मान सरकार पर गर्व है जिन्होंने इतने काबिल एवं ईमानदार अफसर नियुक्त किए। सुंदर शाम अरोड़ा ने अपने कार्यकाल में घोटाले करके जितनी बेनामी संपत्तियां बनाई उसकी जांच को प्रभावित करने के लिए विजिलेंस विभाग को रिश्वत देना इस बात का बहुत बड़ा सबूत है अगर वह सच्चे होते तो जांच होने देते ना की जांच अधिकारियों को पैसे के दम पर खरीदने की कोशिश करते। हालांकि उनकी अपनी कांग्रेस की सरकार में उन पर लगे मोहाली जेसीटी लैंड घोटाला एवं अन्य घोटालों के चलते उन्हें मंत्रिमंडल से निलंबित कर दिया गया था। परंतु चुनावों के बाद व ई डी के डर से वह भारतीय जनता पार्टी में शामिल हो गए थे। यह भारतीय जनता पार्टी पर भी बड़ा सवालिया निशान है कि उन्होंने पंजाब में ऐसे कई भ्रष्ट नेताओं को अपनी पार्टी में शामिल कर अपनी सत्ता के प्रति लालच को दिखाया है। जिंपा ने कहां की आम आदमी पार्टी की सरकार सुंदर शाम अरोड़ा द्वारा अर्जित कालीकमाई द्वारा बनाई गई बेनामी संपत्ति उनकी कॉलोनियां , शॉपिंग मॉल , स्कूल , हस्पताल एवं अन्य आधारों की भी गहराई से जांच करवाएगी और इस मामले में जो जो भी अफसर दोषी पाए गए उन पर भी कड़ी से कड़ी कार्रवाई की जाएगी



**विजीलैंस ब्यूरो के ए.आई.जी. को एक करोड़ रुपए रिश्वत की पेशकश**

विजीलैंस ब्यूरो पंजाब ने देर रात पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा को उस समय पर गिरफ्तार कर लिया जब वह ब्यूरो के एक सहायक इंस्पेक्टर जनरल ( ए.आई.जी. ) को 50 लाख रुपए की रिश्वत की पेशकश कर रहा था।

इस सम्बन्धी मीडिया को जानकारी देते हुए विजीलैंस ब्यूरो पंजाब के मुख्य निदेशक श्री वरिन्दर कुमार ने बताया कि इस सम्बन्धी पूर्व मंत्री के खिलाफ विजीलैंस ब्यूरो के ए.आई.जी. उडन दस्ता, पंजाब, मनमोहन कुमार के बयानों पर भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 8 अधीन एफ.आई.आर नंबर 19, तारीख 15-10-2022 को दर्ज करके गिरफ्तार कर लिया गया है।

उन्होंने आगे बताया कि एआईजी मनमोहन कुमार ने ब्यूरो को शिकायत की है कि अरोड़ा ने 14 अक्तूबर, 2022 को उनसे मुलाकात की और उसके विरुद्ध चल रही विजीलैंस जांच में मदद करने के लिए उसको एक करोड़ रुपए की पेशकश की है।

विजीलैंस ब्यूरो के प्रमुख ने आगे कहा कि पूर्व मंत्री ने अगले दिन 15 अक्तूबर 2022 को 50 लाख रुपए मौके पर देने और बकाया रकम बाद में देने की बात की है।

उन्होंने बताया कि ए.आई.जी ने इस संबंधी मुख्य डायरैक्टर को अवगत करवा दिया, जिन्होंने मुलजिम मंत्री के खिलाफ रिश्वतखोरी का केस दर्ज करने के हुक्म दे दिए। इस मामले में अरोड़ा को रिश्वत देते हुए गिरफ्तार करके उसके पास से 50 लाख रुपए बरामद किये गए हैं। इस मामले की अगली जांच जारी है।

विजिलैंस पुलिस ने अरोड़ा को अदालत में पेश किया है। जहां उनका 19 अक्टूबर तीन दिन का रिमांड हासिल हुआ है। कोर्ट के बाहर परिवार को मिलते हुए भावुक हुए नजर आए।

- विजीलैंस द्वारा पूर्व मंत्री सुंदर शाम अरोड़ा 50 लाख रुपए की रिश्वत देने के दोष अधीन गिरफ्तार
- सुंदर शाम अरोड़ा की गिरफ्तारी के बाद आप मंत्री ब्रह्म शंकर जिम्पा का बड़ा बयान

## माता विपन प्रीत कौर ने सिंह साहिब को किया सम्मानित



» हरप्रीत सिंह, मदरलैंड संवाददाता

- जप तप समागम सोमवार को गुरुद्वारा सिंह सभा सब्जी मंडी में शामिल होने की करी अपील... माता विपन प्रीत

लुधियाना। बाबा कुंदन जी भलाई ट्रस्ट की ओर से माता विपन प्रीत कौर के निवास स्थान पर कीर्तन समागम करवाया गया जिसमें सिंह साहिब ज्ञानी परमवीर सिंह तख्त श्री हजूर साहिब वालो ने कथा विचार कर संगतों को निहाल किया इस मौके पर माता विपन प्रीत कौर ने गुरुद्वारा सिंह सभा सब्जी मंडी के प्रधान बाबा अजीत सिंह और सिंह साहिब को सारोपा डालकर सम्मानित किया और अपील की सभी संगतों से सोमवार को गुरुद्वारा सिंह सभा सब्जी मंडी में जप तप चोपेहरा समागम में सभी पहुंच कर हिस्सा ले गुरु ग्रंथ साहिब जी का आशीर्वाद लेकर अपनी झूलिया भरे इस अवसर पर मोहिंदर सिंह आहुजा, जसप्रीत सिंह, सतबीर सिंह, परमदीप सिंह एडवोकेट भी शामिल थे।

## एसडी कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब ने आयोजित की साइक्लोथॉन

» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। सेक्टर-32 स्थित गोस्वामी गणेश दत्त सनातन धर्म कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब की ओर से रविवार को दिवाली के अवसर पर डोनेशन ट्राइव के लिए एक फंड रेजर के तहत अपने प्रमुख कार्यक्रम साइक्लोथॉन 2.0 का आयोजन किया गया। कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ.अजय शर्मा और रोट्रेक्ट क्लब इन चार्ज डॉ. रूचि शर्मा ने साइक्लोथॉन 2.0 को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस मौके पर डॉ. अजय शर्मा ने सभी प्रतिभागियों को अपनी शुभकामनाएं दीं। इसमें



160 से अधिक साइकिल चालकों की ने हिस्सा लिया। साइक्लोथॉन 2.0 का रूट जीजीडीएसडी कॉलेज से सेक्टर 42 स्थित लेक और वापस लेक से कॉलेज था। सभी प्रतिभागियों ने साइक्लोथॉन 2.0 में अपनी ताकत दिखाई। जसकीरत सिंह ने पहला, मुकुल राज और जोतिश्वर सिंह ने क्रमशः दूसरा और तीसरा स्थान हासिल किया। विजेताओं को 25,000 रुपये के पुरस्कार दिए गए। अंत में सभी प्रतिभागियों को सर्टिफिकेट और रिफ्रेशमेंट्स दी गईं। गौरतलब है कि कॉलेज के रोट्रेक्ट क्लब की ओर से इस तरह के फंड रेजर कार्यक्रम पहले भी आयोजित किए जाते हैं।



## पंचकुला में ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने खोली नई अत्याधुनिक एकेएस इंटरनेशनल डीलरशिप



» मदरलैंड संवाददाता

चंडीगढ़। एंग्लियन ओमेगा ग्रुप की कंपनी ओमेगा सेकी मोबिलिटी ने आज पंचकुला में अपनी पहली अत्याधुनिक डीलरशिप का उद्घाटन किया। हरियाणा में कंपनी ने नई डीलरशिप एकेएस इंटरनेशनल का काम-काज शुरू किया है, जो यूनिट नं. ए 3 एवं ए 14, प्लॉट नं. 362, अमरटेक्स बिजनेस सेंटर, इंडस्ट्रियल एरिया, फेज 1 पंचकूला में है। वर्तमान में ओमेगा सेकी मोबिलिटी की हरियाणा में 5 डीलरशिप है और वित्त वर्ष 23-24 तक 30 डीलरशिप खोलने की योजना है।

डीलरशिप के उद्घाटन पर ओमेगा सेकी मोबिलिटी के अध्यक्ष उदय नारंग ने कहा कि पंचकुला में हमारी सबसे बडी डीलरशिप खुलने से हम बहुत प्रसन्न है। यह शोरूम आधुनिक है। उन्होंने कहा कि हम ग्राहकों को बिक्री के बाद हर संभव सहायता देने पर पूरा ध्यान देते है और इस तरह हरियाणा के बाजार में पहुच बढ़ा रहे है। एकेएस इंटरनेशनल के मालिक योगेश कश्यप ने कहा कि ओमेगा सेकी मोबिलिटी से पार्टनरशिप करने और पंचकुला में ओएसएम वाहनों की बड़ी रेंज पेश करने पर हमें गर्व है। पंचकूला डीलरशिप में कंपनी अपने 7 इलेक्ट्रिक कमर्शियल वाहनों का पूरा पोर्टफोलियो पेश करेगी, जिसमे रेज, रेज रैपिड, रेज रैपिड प्रो, रेज+फ्रॉस्ट रेज, स्वाप व रेज+ गारबेज टिपर और पैसेंजर वाहन स्ट्रीम शामिल है। मिटेड एंग्लियन ओमेगा व्यवसाय समूह का सदस्य है, जो मुख्य रूप से भारत और विदेशों में भी ऑटोमोटिव और इंजीनियरिंग उद्योगों के लिए स्टील पार्ट्स का निर्माण करता है। इस समूह ने पिछले 5 वर्षों में मोटर वाहन, इन्फ्रास्ट्रक्चर और उच्च प्रौद्योगिकी डिजाइन और विकास के कई प्रोजेक्ट के साथ इन पर भारी निवेश करते हुए तेजी से विस्तार किया है। इलेक्ट्रिक वाहन का कारोबार समूह की कम्पनी ओमेगा सेकी प्राइवेट लि. संभालती है। कम्पनी ने खुद के शोध-विकास केंद्र में अपने तिपहिया वाहनों का स्वदेशी डिजाइन और विकास किया है। ओमेगा सेकी के रेज+ ब्रांड वाहन भारत की कई प्रमुख ई-कॉमर्स और लॉजिस्टिक्स कम्पनिया इस्तेमाल करती है।

## पंजाब के प्रथम आधुनिक सुविधाओं से लैस फिल्म स्टूडियो का शुभारंभ

» मदरलैंड संवाददाता



चंडीगढ़। पंजाब में अच्छे फिल्म स्टूडियो की कमी और सुविधाओं को देखते हुए क्षेत्र की प्रतिभाशाली महिला व्यवसायी, डिजाइनर नैना कुकरेजा ने अपने पति के सहयोग से जीरकपुर के निकट बनूड़ के तेपला क्षेत्र में एक अति आधुनिक फिल्म स्टूडियो का निर्माण किया है जिसका नाम एन के स्टूडियो है।

स्टूडियो की ऊजार्वान मैनेजिंग डायरेक्टर नैना कुकरेजा ने एक प्रेस वार्ता के दौरान मीडिया को बताया कि एन के स्टूडियो उनकी वर्षों की कड़ी मेहनत एवं सार्थक प्रयासों का नतीजा है जो आज सब के सामने है। उन्होंने बताया कि चार एकड़ में फैले इस स्टूडियो में 8500 स्क्वायर फीट का वातानुकूलित शूटिंग शैड है जिसमे सभी आधुनिक सुविधायें प्रदान की गई हैं। इसके अलावा शूटिंग के लिए 29 अलग-अलग खूबसूरत लोकेशंस भी तैयार की गई हैं जो फिल्म निमार्ताओं को आकर्षित करेंगी।

नैना कुकरेजा ने गर्व से कहा कि मुंबई की तर्ज पर बने इस भव्य स्टूडियो के निर्माण से अब पंजाबी, हिमाचली हरियाणवी फिल्म निमार्ता-निर्देशकों को मुंबई जाकर फिल्म की शूटिंग करने और संगीत वीडियो आदि फिल्माने की जरूरत नहीं पड़ेगी। एक ही कैंपस में उनको सभी सुविधायें उपलब्ध हो जाएंगी।

नैना कुकरेजा पेशे से इंटीरियर डिजाइनर हैं और इस स्टूडियो को उन्होंने डायरेक्टर व प्रोडक्शन डिजाइनर राजेश लटकर के सहयोग से तैयार किया है। इस फिल्म सिटी में रहने के लिए बंगलो, स्कूल, स्विमिंग पूल, हास्पिटल, कैंटीन, रूफ टॉप रेस्तरां, मेकअप रूम और काफी बड़ा ओपन स्पेस है जिसे शूटिंग के दौरान मन मुताबिक ढाला जा सकता है। यह स्टूडियो जीरकपुर - मोहाली से लगभग 15-20 किमी. के दायरे में स्थित है जहां पहुंचना बहुत सुविधा जनक है।

## 7वां दीक्षांत समारोह-2022 सिनेटिक कॉलेज में किया आयोजित

» मदरलैंड संवाददाता

लुधियाना। सिनेटिक कॉलेज, लुधियाना ने वर्ष 2017-20, 2018-21 और 2019-22 के बैचों में पास होने वाले विद्यार्थियों के लिए एक भव्य समारोह में अलंकरण समारोह का आयोजन किया, जहां छात्रों को कोविड -19 महामारी की समाप्ति के बाद तीन पास होने वाली कक्षाओं को मिलाकर डिग्री प्रदान की गई।

दीक्षांत समारोह का आयोजन कैंपस ऑडिटोरियम में ही किया गया था जिसमें विभिन्न कोर्स के लगभग 450 छात्रों को डिग्री प्रदान की गई। तीनों बैच के स्नातकों की सुविधा के लिए दो सत्रों में डिग्री प्रदान की गई। पहला सत्र 2017-20 और 2019-22 बैच के उत्तीर्ण छात्रों को डिग्री देने के लिए आयोजित किया गया था। सत्र की शुरूआत श्रीमती मृदुला जैन, संस्थापक और अध्यक्ष, शिंगोरा टेक्सटाइल्स लिमिटेड , संस्थापक और अध्यक्ष, डॉ. विश्वदीप गोयल, फोर्टिस ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के जोनल डायरेक्टर और मि. जोरावर सिंह मंडियां, चेयरमैन बुढेवा शुगर मिल और श्री रंजोत सिंह ग्रेवाल, चेयरपर्सन डिसेंट पब्लिक स्कूल की उपस्थिति में हुई।



2019-22 बैच के छात्रों के लिए आयोजित दूसरे सत्र की अध्यक्षता सीआईसीयू के अध्यक्ष श्री उपकार सिंह आहूजा और डॉ. जयवीर सिंह, एमडी हुंजन अस्पताल, डॉ. जे.के. शर्मा, पूर्व सीओओ, टेक्नोलॉजी बिजनेस इनक्यूबेटर, आईआईटी रोपड़ और श्रीमती सुषमा शर्मा, चेयरपर्सन स्प्रिंग बेल्स डे बोर्डिंग स्कूल हुई।

दीक्षांत समारोह में बोलते हुए डॉ. सिनेटिक कॉलेज के एमडी और प्रिंसिपल जफर जहीर ने कहा, ₹एसबीएस में, हम अपने छात्रों को लीक से हटकर सोचने और रचनात्मक समस्या हल करने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, विशेष रूप से स्थिरता जैसे मुद्दों पर जो मौजूदा और की उन्नति और कल्याण के लिए महत्वपूर्ण हैं। हम उन्हें सही ज्ञान और कौशल से लैस करते हैं, जो उनकी दृढ़ता, कड़ी मेहनत और दूसरों के लिए सहानुभूति के साथ मिलकर उन्हें अपने जीवन के उद्देश्य और सपनों को प्राप्त करने में मदद कर सकते हैं।₹

सिनेटिक कॉलेज की चेयरपर्सन, डॉ गजाला कादरी ने कहा के ₹स्नातक प्रत्येक छात्र के जीवन में एक महत्वपूर्ण मील का पत्थर है, एसबीएस में, छात्रों को गुणवत्तापूर्ण वितरण से समझौता किए बिना अकादमिक चक्रों को समय पर पूरा करना हमारी प्राथमिकता रही है। हमें अपने प्रतिभाशाली छात्रों पर बेहद गर्व है और वे आगे बढ़ते हुए उनकी बड़ी सफलता की कामना करते हैं।

स्नातक करने वाले छात्रों के साथ अपने अनुभव साझा करते हुए मुख्य अतिथि के रूप में शामिल उपकार सिंह ने कहा, ₹छात्रों को स्टार्ट-अप की ओर अधिक ध्यान केंद्रित करना चाहिए। उन्होंने छात्रों को अपने व्यावसायिक विचारों के साथ आने के लिए प्रेरित किया और उन्होंने आश्वासन दिया कि सीआईसीयू निश्चित रूप से उन्हें मूल धन उपलब्ध कराने में भी मदद करेगा।

दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए श्रीमती. मृदुला जैन ने कहा, ₹जोखिम लेने के लिए यह सही चरण है और एक उद्यमी बनने के लिए किसी को डरना नहीं चाहिए₹। उन्होंने कहा कि अपने आप को कम्फर्ट जोन से बाहर निकालें और खुद को चुनौती दें।

स्नातकों को गणमान्य व्यक्तियों द्वारा उनकी डिग्री प्रदान की गई, श्री. उपकार सिंह, सौ. मृदुला जैन, डॉ. विश्वदीप गोयल, डॉ. जयवीर सिंह हुंजन, श्री. जोरावर सिंह, मो. रंजोत सिंह, डॉ. जे.के. शर्मा, सौ. मोनिका गार, सौ. सुषमा शर्मा। उपस्थित अन्य अतिथियों में मि. संजीव कुमार, प्राचार्य ब्रह्म ऋषि बावरा स्कूल, श्रीमती. बलविंदर कौर, प्राचार्य, परफेक्ट पब्लिक स्कूल, श्री. चरणजीत सिंह, प्राचार्य, एसपीएस अकादमी।

सभी स्नातक छात्र बहुत उत्साहित थे और दीक्षांत समारोह के अंत में छात्रों ने अपने शिक्षकों के साथ सेल्फी क्लिक की और नैतिकता और नैतिकता से समझौता किए बिना राष्ट्र की प्रगति के लिए प्रतिबद्ध होने की आशा करते हैं।

## जिला स्तरीय कब बुलबुल रैली में बच्चों ने दिखाई अपनी प्रतिभा

» संतोष यादव, मदरलैंड संवाददाता



नारनौल। डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल परिसर में जिला स्तरीय कब बुलबुल रैली का आयोजन किया गया। तीन दिवसीय रैली में दूसरे दिन बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। जिसमें करीब 300 बच्चों ने ग्रुप डांस, नाटक, रंगोली, पेंटिंग व अन्य प्रतियोगिताओं में बढ़ चढ़कर भाग लिया। इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में राजकीय महिला महाविद्यालय नारनौल के प्राचार्य डॉक्टर ज्ञानचंद राणा मुख्य अतिथि थे कार्यक्रम की अध्यक्षता स्कूल प्राचार्य मंजू मल्होत्रा ने की। कार्यक्रम में जिला संगठन आयुक्त टेक चंद यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

पुलिस लाइन स्थित डीएवी पुलिस पब्लिक स्कूल ने तीन दिवसीय ज़िला स्तरीय रैली आयोजित की जा रही है। रैली में दूसरे दिन बच्चों की विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इन प्रतियोगिताओं में बच्चों ने बढ़ चढ़कर भाग लिया तथा अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में स्वच्छता पर आधारित नाटक को लोगों ने खूब सराहा। इस नाटक में महात्मा गांधी से लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी तक के स्वच्छता पर किए गए प्रयासों पर जोर दिया गया। कार्यक्रम में एक नन्ही बच्ची द्वारा प्रस्तुत सोलो डांस को भी काफी सराहा गया। इनके अलावा ग्रुप डांस भी आयोजित किए गए। इस मौके पर मुख्य रूप से डॉ हंसराज गुर्जर, मुकेश कुमार, डीपी वीरेंद्र प्रधान, सूबे सिंह, पवित्रा यादव, अंजना पीटीआई, सीमा डीपी और डॉ दीपक भी उपस्थित रहे।

newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# सन्तान की रक्षा का महापर्व है अहोई



डॉ श्रीगोपाल नारसन

अहोई शब्द अनहोनी का अपभ्रंश है, देवी पार्वती अनहोनी को टालने वाली देवी मानी गई है। इसलिए इस दिन वंश वृद्धि और संतान के सारे कष्ट दूर करने के लिए मां पार्वती और सेह माता की पूजा की जाती है।इस बार अहोई अष्टमी को शिव योगः 17 अक्टूबर, प्रातःकाल से लेकर शाम 04 बजकर 02 मिनट तक सिद्ध योगः शाम 04 बजकर 02 मिनट से अगले दिन शाम 04 बजकर 53 मिनट तकसर्वार्थ सिद्धि योगः 18 अक्टूबर, प्रातः 05 बजकर 13 मिनट से प्रातः 06 बजकर 23 मिनट तक रहेगा।

हर मां के लिए अहोई का व्रत उसकी संतान की रक्षा का महापर्व है।तभी तो अहोई माता का व्रत रखने और उनकी मनोयोग से पूजा करने से अहोई मां, उपवास रख रही मां व उनकी सन्तान को लम्बी उम्र का आशीर्वाद देती हैं। संतान की सलामती से जुड़े इस व्रत का बहुत महत्व है। साथ ही इस दिन की पूजा को विशेष पूजा भी कहा जा सकता है। अहोई अष्टमी पर सर्वार्थ सिद्धि योग, शिव और सिद्ध योग बन रहे हैं. ये तीनों ही योग शुभ और मांगलिक कार्यों के लिए अच्छे माने जाते हैं।

अहोई अष्टमी को कालाष्टमी भी कहते हैं।इस दिन मथुरा के राधा कुंड में लाखों श्रद्धालु स्नान करने के लिए पहुंचते हैं। अहोई अष्टमी का व्रत करवा चौथ के चार दिन बाद और दिवाली से आठ दिन पहले रखा जाता है।

अहोई माता की पूजा ऐसे करें-

सुबह के समय जल्दी उठकर सबसे पहले स्नान आदि करें और स्वच्छ वस्त्र धारण करें। अब मंदिर या घर मे पूजा स्थान की दीवार पर गेरू और चावल से अहोई माता यानी कि मां पार्वती और स्याहु व उसके सात पुत्रों का चित्र बनाएं।इसके लिए बाजार में मिलने वाले पोस्टर का इस्तेमाल भी कर सकती हैं। अब एक नए मटके में पानी भरकर रखें, उसपर हल्दी से स्वास्तिक बनाएं, अब मटके के ढक्कन पर सिंघाड़े रखें।



घर में मौजूद सभी बुजुर्ग महिलाओं को बुलाकर सभी के साथ मिलकर अहोई माता का ध्यान करें और उनकी व्रत कथा पढ़ें। सभी के लिए एक-एक स्वच्छ कपड़ा भी रखें। कथा खत्म होने के बाद इस कपड़े को उन महिलाओं को भेंट कर दें। रखे हुए मटके का पानी खाली ना करें इस पानी से दीवाली के दिन पूरे घर में पोंछा लगाएं। इससे घर में बरकत आती है। रात के समय सितारों को जल से अर्घ्य दें और फिर ही उपवास को पूरा करें।

इस दिन अहोई माता की पूजा की जाती है। अहोई अष्टमी का व्रत महिलाएं अपनी संतानों की लंबी आयु के लिए रखती हैं। कुछ महिलाएं इस व्रत को संतान प्राप्ति के लिए भी करती हैं। यह व्रत दिनभर निर्जल रहकर किया जाता है। अहोई माता का पूजन करने के लिए महिलाएं तड़के उठकर मंदिर में जाती हैं और वहीं पर पूजा के साथ व्रत प्रारंभ होता है। यह व्रत चंद्र दर्शन के बाद ही खोला जाता है।

महिलाएं इस दिन सायंकाल भक्ति-भावना के साथ दीवार पर अहोई की पुतली रंग भरकर बनाती हैं। उसी पुतली के पास सेई व सेई के बच्चे भी बनाती हैं। आजकल बाजार से अहोई के बने रंगीन चित्र कागज भी मिलते हैं जिनको लाकर उनकी पूजा की जा सकती है। कुछ महिलाएं पूजा के लिए चांदी की एक अहोई भी बनाती हैं, जिसे स्याऊ कहते हैं और उसमें चांदी के दो मोती डालकर विशेष पूजन किया जाता है।

तारे निकलने के बाद अहोई माता की पूजा प्रारंभ होती है। पूजन से पहले जमीन को स्वच्छ करके, पूजा का चौक पूरकर, एक लोटे में जलकर उसे कलश की भांति चौकी के एक कोने पर रख ते हैं और फिर भक्ति भाव से पूजा करते हैं। साथ ही अहोई अष्टमी की व्रत कथा का श्रद्धा भाव से श्रवण किया जाता है।

कथा, पूजन और आरती के बाद माता को हलवा, पूड़ी और चना चढ़ाया जाता है। कुछ परिवारों में माता को पानी के साथ दूध और कच्चा चावल चढ़ाते हैं।

क्या है अहोई की प्रचलित कथा

बताया गया है कि एक साहूकार के 7 बेटे थे और एक बेटी थी। साहुकार ने अपने सातों बेटों और एक बेटी की शादी कर दी थी. अब उसके घर में सात बेटों के साथ सातबहुंएं भी थीं।

साहुकार की बेटी दिवाली पर अपने ससुराल से मायके आई थी. दिवाली पर घर को लीपना था, इसलिए सारी बहुएं जंगल से मिट्टी लेने गईं. ये देखकरससुराल से मायके आई साहुकार की बेटी भी उनके साथ चल दी।

साहूकार की बेटी जहां मिट्टी काट रही थी, उस स्थान पर स्याहु (साही) अपने साथ बेटों से साथ रहती थी. मिट्टी काटते हुए गलती से साहूकार की बेटीकी खुरपी के चोट से स्याहु का एक बच्चा मर गया. इस पर क्रोधित होकर स्याहु ने कहा कि मैं तुम्हारी कोख बांधूंगी।

स्याहु के वचन सुनकर साहूकार की बेटी अपनी सातों भाभियों से एक-एक कर विनती करती हैं कि वह उसके बदले अपनी कोख बंधवा लें। सबसे छोटीभाभी ननद के बदले अपनी कोख बंधवाने के लिए तैयार हो जाती है। इसके बाद छोटी भाभी के जो भी बच्चे होते हैं, वे सात दिन बाद मर जाते हैं सात पुत्रोंकी इस प्रकार मृत्यु होने के बाद उसने पंडित को बुलवाकर इसका कारण पूछा. पंडित ने सुरही गाय की सेवा करने की सलाह दी।

सुरही सेवा से प्रसन्न होती है और छोटी बहु से पूछती है कि तू किस लिए मेरी इतनी सेवा कर रही है और वह उससे क्या चाहती है ? जो कुछ तेरीइच्छा हो वह मुझ से मांग ले. साहूकार की बहु ने कहा कि स्याहु माता ने मेरी कोख बांध दी है जिससे मेरे बच्चे नहीं बचते हैं. यदि आप मेरी कोख खुलवा देतो मैं आपका उपकार मानूंगी. गाय माता ने उसकी बात मान ली और उसे साथ लेकर सात समुद्र पार स्याहु माता के पास ले चली।

रास्ते में थक जाने पर दोनों आराम करने लगते हैं. अचानक साहूकार की छोटी बहू की नजर एक ओर जाती हैं, वह देखती है कि एक सांप गरूड़ पंखनीके बच्चे को डंसने जा रहा है और वह सांप को मार देती है. इतने में गरूड़ पंखनी वहां आ जाती है और खून बिखरा हुआ देखकर उसे लगता है कि छोटी बहूने उसके बच्चे को मार दिया है इस पर वह छोटी बहू को चोंच मारना शुरू कर देती है।

छोटी बहू इस पर कहती है कि उसने तो उसके बच्चे की जान बचाई है. गरूड़ पंखनी इस पर खुश होती है और सुरही सहित उन्हें स्याहु के पास पहुंचा देती है।

वहां छोटी बहू स्याहु की भी सेवा करती है. स्याहु छोटी बहू की सेवा से प्रसन्न होकर उसे सात पुत्र और सात बहू होने का आशीर्वाद देती है. स्याहु छोटीबहू को सात पुत्र और सात पुत्रवधुओं का आशीर्वाद देती है। और कहती है कि घर जाने पर तू अहोई माता का उद्यापन करना। सात सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देना। उसने घर लौट कर देखा तो उसके सात बेटे और सात बहुएं बेटी हुई मिली। वह खुशी के मारे भाव-भिवोर हो गई। उसने सात अहोई बनाकर सातकड़ाही देकर उद्यापन किया।इस लोक कथा के प्रति माताओ में अटूट आस्था है।

## संपादकीय



### क्या कभी सोचा हैं कि फटाके कितने घातक होते हैं?

हम जब भी कोई उत्सव /मनोरंजन /खुशी व्यक्त करते समय कभी कभी ऐसी सामग्री का उपयोग करते हैं जो स्वयं के लिए भी दुखदायी हो जाती हैं।जैसे एक शादी में एक सज्जन ने बड़े उत्साह से अपनी दुनाली बन्दूक से गोली चलाई और वह धोखे से सही ढंग से न चलकर, एक व्यक्ति जो उसका नजदीकी रिश्तेदार था को लगी और तुरंत मौत हो गयी.शादी में रंग में भंग हुआ और दुनाली चलाने वाला दो तीन वर्षो त(क लापता रहा और मरने वाला अकाल काल के गाल में समां गया।कभी कभी सामाजिक उत्सवों में ये घटनाएं अधिकांश होती हैं।मैचों की जीत हार में इसका उपयोग बहुत होता हैं इसी प्रकार दीवाली तो विशेषकर फाटकों का ही त्यौहार माना जाता हैं। और इसमें उत्साह, उमंग का होना अनिवार्य हैं।आज हम पढ़े लिखे, बौद्धिक हो चुके हैं।क्या हमें जब कोई काम करना होता हैं तो उसमे अपना विवेक जाग्रत कर काम नहीं करना चाहिए. जिस काम से हमें 0% लाभ होता हैं और 100 % हानि होती हैं क्या ऐसा कार्य करना जरुरी हैं? आतिशबाजी बनाने वालों और प्रयोगशाला में काम करने वालों ने मिलकर फाटकों की जाँच की तब पाया गया कि इनमे पारा और सीसा बहुत अधिक पाया जाता हैं जो न केवल हमारे स्वास्थ्य के लिए वरन पर्यावरण के लिए अत्यंत हानिकारक हैं। ये खरतनाक तत्व हमारे शरीर में दस दस वर्ष तक नुक्सान पहुंचाते हैं।यहाँ फटाके चार श्रेणी में रखे गए हैं 1 धमाके वाले -- प्रेसर के लिए भरते हैं गन पाउडर रस्सी बम्ब में।074 % सल्फर और 0.73 % कार्बन मिला रहता हैं ।दूसरे वॉइस टेस्ट (आवाज ) अधिकतम 117 डेसीबल।सामान्य तौर से फटाकों के उपयोग से बचे और मनुष्य 85 डेसीबल तक आवाज सहन कर सकता हैं। 2 रोशनी वाले --हर रंग के लिए अलग अलग साल्ट -- फुलझड़ी में पारा 14।२9 पी पी एम (प्रति 10 लाख ग्राम ) सीसा 16।30 पी पी एम मिला रहता हैं, पारा हमारे पाचन तंत्र को कमजोर करता हैं।सीसा बच्चों के नर्वस सिस्टम और किडनी को नुक्सान पहुंचाता हैं।छह साल के बच्चों और फेफड़ों के मरीजों के लिए घातक होता हैं। फेफड़ों के मरीज आतिशबाजी से दूर रहे। 3 उड़ने वाली --हलकी फ्लू गैस उड़ाती हैं रॉकेट --- 12 रंगों में फूटने वाले रॉकेट में कार्बन 32।68 % मिला होता हैं और इसमें सीसा और पारा पाया गया हैं। रॉकेट के प्रदुषण से कैंसर, अस्थमा, मिर्गी जैसे रोग हो सकते हैं। हाई ब्लड प्रेसर, अस्थमा आदि के मरीज एक मिनिट भी ऐसे फाटकों के बीच न रहे। 4 घूमने वाली -- नाली में से फ्लू गैस निकलती हैं तो घूमती हैं -- चकरी में 100 ग्राम में 0.73 % सल्फर और 8 % कार्बन पाया जाता हैं जो खतरनाक हैं सल्फर और कार्बन दोनों दिल और फेफड़ों के लिए बेहद खतरनाक हैं इनसे निकलने वाला धुआं बीमारी की जड़ हैं।चाकरी की बच्चों को दिखाने के चक्कर में बिलकुल न लाएं। चीनी फाटकों में ज्यादा पोटेसियम क्लोरेट की मात्रा होती हैं, ये तेजी से जलते हैंऔर रोशनी भी ज्यादा निकलती हैं।इसीलिए ये आँखों और फेफड़ों के लिए अधिक खतरनाक हैं। बच्चों को 99% अधिक खतरा रहता हैं।

# उत्सर्जन वृद्धि पर अंकुश लगाने हेतु भारत के सराहनीय प्रयास



प्रहलाद सबनानी

**वर्ष 2030 तक वर्ष 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 30 से 35 प्रतिशत तक कम करना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 45 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है), गैर-जीवाश्म आधारित ऊर्जा के उत्पादन के स्तर को 40 प्रतिशत तक पहुंचाना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 50 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है) और वातावरण में कार्बन उत्पादन को कम करना, इसके लिए अतिरिक्त वन और वृक्षों के आवरण का निर्माण करना, आदि। इन संदर्भों में अन्य कई देशों द्वारा अभी तक किए गए काम को देखने के बाद यह पाया गया है कि जी-20 देशों में केवल भारत ही एक ऐसा देश है जो पेरिस समझौते के अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करता दिख रहा है। जी-20 वो देश हैं जो पूरे विश्व में वातावरण में 70 से 80 प्रतिशत तक उत्सर्जन फैलाते हैं। जबकि भारत आज इस क्षेत्र में काफी आगे निकल आया है एवं इस संदर्भ में पूरे विश्व का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है।**

कई अनुसंधान प्रतिवेदनों के माध्यम से अब यह सिद्ध किया जा चुका है कि वर्तमान में अनियमित हो रहे मानसून के पीछे जलवायु परिवर्तन का योगदान हो सकता है। कुछ ही घंटों में पूरे महीने की सीमा से भी अधिक बारिश का होना, शहरों में बाढ़ की स्थिति निर्मित होना, शहरों में भूकम्प के झटके एवं साथ में सुनामी का आना, आदि प्राकृतिक आपदाओं जैसी घटनाओं के बार-बार घटित होने के पीछे भी जलवायु परिवर्तन एक मुख्य कारण हो सकता है। एक अनुसंधान प्रतिवेदन के अनुसार, यदि वातावरण में 4 डिग्री सेल्सियस से तापमान बढ़ जाय तो भारत के तटीय किनारों के आसपास रह रहे लगभग 5.5 करोड़ लोगों के घर समुद्र में समा जाएंगे। साथ ही, चीन के शांघाई, शांटोयु, भारत के कोलकाता, मुंबई, वियतनाम के हनोई एवं बांग्लादेश के खुलना शहरों की इतनी जमीन समुद्र में समा जाएगी कि इन शहरों की आधी आबादी पर इसका बुरा प्रभाव पड़ेगा। वेनिस एवं पीसा की मीनार सहित यूनेस्को विश्व विरासत के दर्जनों स्थलों पर समुद्र के बढ़ते स्तर का विपरीत प्रभाव पड़ सकता है।



पूरे विश्व में उत्सर्जन वृद्धि के चलते जलवायु में भारी परिवर्तन महसूस किया जा रहा है। विकसित देशों ने आर्थिक प्रगति को गति देने के उद्देश्य से प्राकृतिक संसाधनों का अतिदोहन किया है, जिससे उत्सर्जन वृद्धि अत्यधिक मात्रा में हो रही है। उत्सर्जन वृद्धि को नियंत्रित करने के उद्देश्य से वैश्विक स्तर पर कई उपाय किए जाने का प्रयास किया जा रहा है। परंतु, विकसित देश जिन्हें इस ओर सबसे अधिक ध्यान देना चाहिए वे कम रूचि ले रहे हैं। वहीं दूसरी ओर भारत इस क्षेत्र में अतुलनीय कार्य करता हुआ दिखाई दे रहा है। दरअसल, वैश्विक स्तर पर जलवायु परिवर्तन के सम्बंध में हुए एक समझौते (पेरिस समझौता) के अन्तर्गत, संयुक्त राष्ट्र संघ के सभी सदस्य देश, इस बात पर राजी हुए थे कि इस सदी के दौरान वातावरण में तापमान में वृद्धि की दर को केवल 2 डिग्री सेल्सियस तक अथवा यदि सम्भव हो तो इससे भी कम अर्थात 1.5 डिग्री सेल्सियस पर रोक रखने के प्रयास करेंगे। उक्त समझौते पर, समस्त सदस्य देशों ने, वर्ष 2015 में हस्ताक्षर किए थे। परंतु, कई सदस्य देश, इस समझौते को लागू करने की ओर कुछ कार्य करते दिखाई नहीं दे रहे हैं।


हाल ही में भारत के प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केन्द्रीय मंत्रिमंडल ने संयुक्त राष्ट्र जलवायु परिवर्तन फ्रेमवर्क सम्मलेन (यूएनएफसीसीसी) को सूचना दिए जाने के लिए भारत के राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान या अपडेटेड नैशनली डिटर्मिण्ड कोंट्रीब्यूशन्स (एनडीसी) को मंजूरी दी है। अपडेटेड एनडीसी, पेरिस समझौते के तहत आपसी सहमति के अनुरूप जलवायु परिवर्तन के खतरे का मुकाबले करने के लिए वैश्विक कार्रवाई को मजबूत करने की दिशा में भारत के योगदान में वृद्धि करने का प्रयास करता है। इस तरह के प्रयास, भारत की उत्सर्जन वृद्धि को कम करने के रास्ते पर आगे बढ़ने में भी मदद करेंगे। यह देश के हितों को संरक्षित करेगा और यूएनएफसीसीसी के सिद्धांतों व प्रावधानों के आधार पर भविष्य की विकास आवश्यकताओं की रक्षा करेगा।

भारत ने उत्सर्जन वृद्धि को कम करने के उद्देश्य से बहुत पहले (2 अक्टोबर 2015 को) ही अपने लिए कई लक्ष्य तय कर लिए थे। इनमें शामिल हैं, वर्ष 2030 तक वर्ष 2005 के स्तर से अपने सकल घरेलू उत्पाद की उत्सर्जन तीव्रता को 30 से 35 प्रतिशत तक कम करना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 45 प्रतिशत तक बढ़ा दिया है), गैर-जीवाश्म आधारित ऊर्जा के उत्पादन के स्तर को 40 प्रतिशत तक पहुंचाना (भारत ने अपने लिए इस लक्ष्य को अब 50 प्रतिशत तक बढ़ा लिया है) और वातावरण में कार्बन उत्पादन को कम करना, इसके लिए अतिरिक्त वन और वृक्षों के आवरण का निर्माण करना, आदि। इन संदर्भों में अन्य कई देशों द्वारा अभी तक किए गए काम को देखने के बाद यह पाया गया है कि जी-20 देशों में केवल भारत ही एक ऐसा देश है जो पेरिस समझौते के अंतर्गत तय किए गए लक्ष्यों को प्राप्त करता दिख रहा है। जी-20 वो देश हैं जो पूरे विश्व में वातावरण में 70 से 80 प्रतिशत तक उत्सर्जन फैलाते हैं। जबकि भारत आज इस क्षेत्र में काफी आगे निकल आया है एवं इस संदर्भ में पूरे विश्व का नेतृत्व करने की स्थिति में आ गया है। भारत ने अपने लिए वर्ष 2030 तक 550 ऋह सौर ऊर्जा का उत्पादन करने का लक्ष्य निर्धारित किया है। भारत ने अपने लिए वर्ष 2030 तक 2.6 करोड़ हेक्टेयर बंजर जमीन को दोबारा खेती लायक उपजाऊ बनाने का लक्ष्य भी निर्धारित किया है। साथ ही, भारत ने इस दृष्टि से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर सौर संधि करते हुए 88 देशों का एक समूह बनाया है ताकि इन देशों के बीच तकनीक का आदान प्रदान आसानी से किया जा सके।

आज इस बात को समझना भी बहुत जरूरी है कि सबसे अधिक उत्सर्जन किस क्षेत्र से हो से रहा है। भारत जैसे देश में जीवाश्म ऊर्जा का योगदान 70 प्रतिशत से अधिक है, जीवाश्म ऊर्जा, कोयले, डीजल, पेट्रोल आदि पदार्थों का उपयोग कर उत्पादित की जाती है। अतः वातावरण में उत्सर्जन भी जीवाश्म ऊर्जा के उत्पादन से होता है एवं इसका कुल उत्सर्जन में 35 से 40 प्रतिशत तक हिस्सा रहता है, इसके बाद लगभग 30 प्रतिशत हिस्सा परिवहन साधनों के उपयोग के कारण होता है क्योंकि इनमें डीजल एवं पेट्रोल का इस्तेमाल किया जाता है। इन दोनों क्षेत्रों में भारत में बहुत सुधार देखने में आ रहा है। इस समय देश में सौर ऊर्जा की उत्पादन क्षमता बढ़ाई जा रही है। देश अब क्लीन यातायात की ओर तेजी से आगे बढ़ रहा है। बिजली से चालित वाहनों को प्रोत्साहन दिया जा रहा है एवं मेट्रोपॉलिटन शहरों में मेट्रो रेल का जाल बिछाया जा रहा है। छएऊ बल्बों के उपयोग को बढ़ावा दिया जा रहा है तथा उज्जवला योजना के अंतर्गत ग्रामीण इलाकों में लगभग प्रत्येक परिवार में ईंधन के रूप में गैस के इस्तेमाल पर जोर दिया जा रहा है। इन सभी प्रयासों के चलते देश के वातावरण में उत्सर्जन के फैलाव में सुधार हो रहा है। यह सब अतुलनीय प्रयास कहे जाने चाहिए एवं भारत ने पूरे विश्व को दिखा दिया है कि उत्सर्जन के स्तर को कम करने के लिए किस प्रकार आगे बढ़ा जा सकता है।

भारत सरकार द्वारा देश में स्वच्छ ऊर्जा का उत्पादन बढ़ाने के उद्देश्य से कई प्रकार के नवोन्मेश निर्णय भी लिए जा रहे हैं। उदाहरण के तौर पर नवीकरणीय ऊर्जा को अपनाने के लिए उत्पादन से जुड़ी प्रोत्साहन योजना को लागू करने से इस क्षेत्र में विनिर्माण क्षमताओं और निर्यात को बढ़ावा मिलेगा। इसके साथ ही, नवीकरणीय ऊर्जा में वृद्धि के साथ ही स्वच्छ ऊर्जा उद्योग (ऑटोमोटिव आदि) में कम उत्सर्जन वाले उत्पादों जैसे इलेक्ट्रिक वाहनों और कुशल उपकरणों का निर्माण व हरित हाइड्रोजन जैसी नवीन तकनीकों एवं ग्रीन जॉब्स में भी समग्र वृद्धि होगी। केंद्र सरकार एवं कई राज्य सरकारों ने इस सम्बंध में कई योजनाएं व कार्यक्रम भी शुरू किए हैं। जिसके अंतर्गत जल, कृषि, वन, ऊर्जा और उद्यम, निरंतर गतिशीलता और आवास, कचरा प्रबंधन, चक्रीय अर्थव्यवस्था और संसाधन दक्षता आदि सहित कई क्षेत्रों में सुधार करने की दृष्टि से इन योजनाओं व कार्यक्रमों के तहत उचित उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त उपायों के परिणामस्वरूप, भारत क्रमशः ग्रीन हाउस गैसों के उत्सर्जन से आर्थिक विकास को अलग कर रहा है। अकेले भारतीय रेलवे द्वारा अपने लिए तय किए गए वर्ष 2030 तक शुद्ध शून्य लक्ष्य से उत्सर्जन में सालाना 60 मिलियन टन की कमी आएगी। इसी तरह, भारत का विशाल एलईडी बल्ब अभियान सालाना 40 मिलियन टन उत्सर्जन को कम कर रहा है। इस प्रकार भारत विश्व के विकसित देशों सहित, समस्त देशों को उत्सर्जन वृद्धि पर अंकुश लगने के संदर्भ में राह दिखा रहा है।

# अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस



विद्यावाचस्पति डॉक्टर अरविन्द प्रेमचंद जैन

गरीबी अपने आप में बहुत बड़ा अभिशाप हैं ।गरीबी के कारण मनुष्य को क्या क्या नहीं करना पड़ता हैं ।गरीबी के अनेक कारण होते हैं ।व्यक्ति की गरीबी और देश की गरीबी में बहुत अंतर होता हैं ।आर्थिक संतुलन का न होना के अलावा देश में भ्रष्टाचार और राजनैतिक हस्तक्षेप का होना भी एक महत्वपूर्ण कारक हैं ।रोजगारी और व्यवसाय का समान अवसर न मिलना संभव नहीं हैं ।

गरीबी सिर्फ आमदनी से नहीं शिक्षा और स्वास्थ्य के साथ पोषण लेवल से भी तय होती है।

व्यवहार में सभी के लिए गरिमा २०२२ -२०२३ के लिए गरीबी उन्मूलन के लिए अंतर्राष्ट्रीय दिवस का मुख्य विषय है। मनुष्य की गरिमा न केवल अपने आप में एक मौलिक अधिकार है बल्कि अन्य सभी मौलिक अधिकारों का आधार है। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस का प्रमुख उद्देश्य विकासशील देशों में निर्धनता को समाप्त करना है। यह दिवस गरीबी में रहने वाले लोगों के साथ सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोगों को गरीबी से बाहर लाने के प्रयास पर जोर देता है।

इस दिवस का मनाने का उद्देश्य विश्व समुदाय में गरीबी दूर करने हेतु किये जा रहे प्रयासों के संबंध में जागरूकता बढ़ाना है। अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस का प्रमुख उद्देश्य विकासशील देशों में निर्धनता को समाप्त करना है।

यह दिवस गरीबी में रहने वाले लोगों के साथ सक्रिय भागीदारी के माध्यम से लोगों को गरीबी से बाहर लाने के प्रयास पर जोर देता है। साथ ही, उनके लिए सम्मानजनक जीवन सुनिश्चित करने का प्रयास किया जाता है।

संयुक्त राष्ट्र सतत विकास लक्ष्य में यह बताया गया है कि किसी एक विशेष कारण के चलते नहीं बल्कि भिन्न-भिन्न कारणों की वजह से लोगों को गरीबी में जीवन व्यापन करने हेतु मजबूर होना पड़ता है। केवल आय का साधन एवं आमदनी ही गरीबी का मुख्य कारण नहीं है बल्कि भोजन, घर, भूमि, स्वास्थ्य आदि भी गरीबी के निर्धारण में अहम भूमिका निभाते हैं।

**भारत में गरीबी का कारण**

भारत में गरीबी का मुख्य कारण बढ़ती जनसंख्या, कमजोर कृषि, भ्रष्टाचार, रूढ़िवादी सोच, जातिवाद, अमीर गरीब में ऊंच-नीच, नौकरी की कमी, अशिक्षा, बीमारी इत्यादि है। भारत एक कृषि प्रधान देश है। इसकी एक बड़ी जनसंख्या कृषि पर निर्भर है। खराब कृषि और बेरोजगारी के कारण से लोगों को भोजन की कमी से जूझना पड़ता है। यही वजह है कि महंगाई ने भी पंख फैला रखे हैं। वहीं भारत में गरीबी का एक प्रमुख कारण बढ़ती जनसंख्या भी है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा २२ दिसम्बर १९९२ को हरेक साल १७ अक्टूबर को अंतरराष्ट्रीय गरीबी उन्मूलन दिवस मनाये जाने की घोषणा की गयी। इस दिवस पर भिन्न-भिन्न राष्ट्रों द्वारा गरीबी उन्मूलन हेतु प्रयास, विकास एवं विभिन्न कार्यों और योजनाओं को जारी किया जाता है।

यह दिवस पहली बार साल १९८७ में फ्रांस में मनाया गया था। इस दिवस में लगभग एक लाख लोगों ने मानव अधिकारों हेतु प्रदर्शन किया था। यह आंदोलन एटीडी फोर्थ वर्ल्ड के संस्थापक जोसफ व्रेंसिकी द्वारा शुरू किया गया था।

**गरीबी कैसे मापी जाती है?**

जिस वर्ग या देश में लोगों का जीवन स्तर या प्रति व्यक्ति आय का स्तर कम रहता है वे उच्च निर्वाह स्तर या अधिक प्रति व्यक्ति आय वाले लोगों की तुलना में गरीब माने जाते हैं। लोगों के निर्वाह स्तर को आय एवं उपयोग व्यय के आधार पर मापा जाता है।

**कुपोषण के मामले बढ़े**

भारत में गरीबी मापने के अन्य मापक में खाने के सामान में शामिल चीजें आदि भी शामिल हैं। देश में कुपोषण और खाने पीने की चीजों की बबार्दी को भी गरीबी नापने का एक मापक बनाया गया है। वास्तव में इससे गरीबी में कमी आने की बात सामने नहीं आई है। देश में कुपोषित बच्चों की संख्या गरीबों की कुल संख्या की तुलना में बहुत अधिक है। भारत में पॉवर्टी लाइन (Poverty Line) वास्तव में गरीबों की सही संख्या का अंदाजा नहीं लगा पा रही हैं। इसका एक मतलब यह भी है कि लोग गरीबी रेखा से बाहर आ रहे हैं, लेकिन आमदनी घटने या खर्च बढ़ने की वजह से अपने परिवार को पोषक पदार्थ उपलब्ध नहीं करा पा रहे हैं।

गरीबी को खतम करना असंभव हैं कारण भारत देश कर्मवाद पर भरोसा करता हैं जो जैसा कर्म करता हैं वैसा फल भोगना पड़ता हैं ।पर सरकारों को सुसंगत अवसर मुहैय्या कराना चाहिए ।दूसरा निम्म वर्ग जैसे मजदुर वर्ग बहुत श्रम करता हैं पर बुरी आदतों जैसे शराब पीना ,मांस मच्छली खाना जुआ सट्टा खेलना ,आमदनी के अनुपात खर्च न करना और स्वस्थ्य न रहने के कारण अपव्यय होने से वे गरीब रहते हैं ,जिन्होंने भी अपनी आदतों में सुधार किया वे सुखी और सम्पन्न हुए हैं।

मैत्री भाव जगत में मेरा सब जीवों से नित्य रहे। दीन दुखी जीवों मेरे उर से करुणा- स्त्रोत बहें ।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व संपादक संजय कुमार उपाध्याय द्वारा विवेक पब्लिशर्स, ए 16, सेक्टर 7, नोएडा, जिला गौतमबुद्ध नगर, उत्तर प्रदेश, से मुद्रित एवं 203 एफ 32, विजय ब्लॉक लक्ष्मी नगर, दिल्ली -11 00 92 से प्रकाशित। सभी लेखों आदि से संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है। किसी भी कानूनी वाद-विवाद का निपटारा दिल्ली न्यायालय में ही किया जाएेगा। संपादकः संजय कुमार उपाध्याय। मो.: 8700635881, आर.एन.आई नं. DELHIN/2019/78266

**संक्षिप्त समाचार**

## बड़ैपुरा में धारदार हथियार से युवक पर जानलेवा हमला, युवक बुरी तरह घायल



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। छौड़ाही सहायक थाना क्षेत्र के सहुरी पंचायत अंतर्गत बड़ैपुरा गांव वार्ड नंबर 11 में बीती रात बेखौफ अपराधियों ने एक व्यक्ति पर धारदार हथियार से जानलेवा हमला कर दिया। अपराधियों द्वारा हमला किए जाने में बड़ैपुरा गांव निवासी भुट्टो सहनी के पुत्र बैजू साहनी बुरी तरह घायल हो गया। घायल व्यक्ति द्वारा बताया गया कि मेरे ही गांव के दिनेश सहनी का पुत्र राकेश कुमार के द्वारा मेरे सर पर हथियार से वार किया गया जिसमें मेरा सर फट गया काफी खून बह जाने से मैं बेहोश होकर जमीन पर गिर गया। जब आसपास के लोग वहां जमा हुए तो राकेश कुमार वहां से फरार हो गया। आसपास के लोगों के सहयोग से मुझे आनन-फानन में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र छौड़ाही में भर्ती कर इलाज कराया गया। जिससे मेरी जान बच गई। यह युवक राकेश कुमार पूरे परिवार अपराधिक प्रवृत्ति का है। इससे पहले भी कई बार इसके द्वारा घटना की गई है। फिलहाल घायल व्यक्ति द्वारा घटना की जानकारी छौराही ओपी मे देकर न्याय की गुहार लगाई है।

## सस्ती स्कूल में भी मिलती है बेहतर शिक्षा



मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। तेघरा प्रखंण्ड में शिक्षा के प्रति बच्चो में बढ़ती ललक अभिवावक भी अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दिलाने को कटिवद्ध है। मगर उच्च स्तर के विद्यालय में मोटी रकम देने में असमर्थ है।मगर आत्मनिर्भता के तहद शिक्षित युवाओ द्वारा छोटे से स्कूल खोल कर बच्चो में अच्छी शिक्षा देने का का करती है। ऐसे ही व्यवस्था तेघरा बाजार स्थित नॉलेज इग्लिश एकेडमी की है। स्कूल के निर्देशक रजनीश कुमार चौधरी ने बताया कि शिक्षा दान करने की ललक से मैंने स्कूल की स्थापना की जहाँ समाज के गरीब निर्धन परिवार के बच्चों से मामूली राशि लेकर शिक्षा दी जा रही है। जहाँ स्कूल के बच्चे बड़े स्कूल के छात्र से आयोजित प्रतियोगिता में परचम लहरा रहे है।स्कूल में आयोजित सालाना परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त कर रहे। अच्छे ढंग से स्कूल संचालन में प्राचार्य निक्की कुमारी,शिक्षिका सोनी कुमारी,शिक्षक बम शंकर सिंह का सराहनीय सहयोग है। अर्ध वार्षिक परीक्षा में बच्चो ने 79,83,85 प्रतिशत मार्क्स लाया है। इस अवसर पर आए अभिवावक रामाशीष सिंह,गुलशन कुमार,जुली देवी,रेखा देवी ने बच्चो में सही ढंग से पढ़ाई कराने के लिए स्कूल प्रबन्धन को धन्यवाद दिया है।

## जगदीशपुर के नए अंचलाधिकारी शैलेद्र कुमार बने

मदरलैण्ड संवाददाता, जगदीशपुर। एक मामले में लापरवाही बरतने पर निलंबित किए गए जगदीशपुर अंचलाधिकारी कुमार कुंदन लाल के पद पर नए सीओ का प्रतिनियुक्ति किया गया है। राज्य सरकार से मिले दिशा निर्देश के आलोक में भोजपुर डीएम ने जिले के उदवंतनगर अंचल के अंचलाधिकारी शैलेंद्र कुमार को अगले आदेश तक जगदीशपुर सीओ का कार्यभार संभालने का निर्देश दिया है। शनिवार को, जगदीशपुर अंचल कार्यालय पहुंचकर सीओ शैलेंद्र कुमार ने जगदीशपुर सीओ के रूप में अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। निवर्तमान अंचलाधिकारी कुमार कुंदन लाल ने उन्हें पदभार ग्रहण कराया। पदभार ग्रहण करने के बाद अंचलाधिकारी ने जगदीशपुर अंचल में भूमि सुधार, जरूरी प्रमाण पत्र निर्गत करने तथा विधि व्यवस्था के संधारण में लोगों के सहयोग से बेहतर प्रयास करने की बात कही। जबकि, निवर्तमान सीओ को निलंबन के बाद मुख्यालय प्रमंडलीय आयुक्त कार्यालय पटना प्रमंडल पटना में निर्धारित किया गया है।

## पटना उच्चन्यायालय के न्यायमूर्ति सह निरक्षी जज ने किया तेघरा व्यवहार न्यायालय का निरिक्षण




मदरलैण्ड संवाददाता, बेगूसराय। पटना उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति सह निरीक्षी जज पार्थ शास्त्री ने शनिवार को व्यवहार न्यायालय बखरी का निरीक्षण किया.न्यायमूर्ति के आगमन को लेकर पूरे न्यायालय परिसर में चाक-चौबंद व्यवस्था थी.निर्धारित समय पर न्यायमूर्ति श्री शास्त्री एवं जिला एवं सत्र न्यायाधीश अजय श्रीवास्तव के पहुंचने पर सभी मजिस्ट्रेट एसडीएम राकेश कुमार एसडीपीओ बीडीओ ,सीओ सहित अन्य ने स्वागत किया.इस दौरान न्यायमूर्ति श्री शास्त्री ने कोर्ट परिसर में सभी न्यायालयों के प्रकोष्ठ का निरीक्षण किया तथा कार्यालयों का भी जायजा लिया.तत्पश्चात उन्होंने न्यायिक पदाधिकारियों के साथ बैठक कर व्यवहार न्यायालय भूमि चयन एवं न्यायिक प्रक्रिया को सुचारू ढंग से चलाने में उत्पन्न होने वाली समस्याओं के संबंध में जानकारी ली.न्यायमूर्ति ने न्यायालयों की सुरक्षा व्यवस्था के संबंध में जिला एवं सत्र न्यायाधीश से पूछताछ करने के साथ ही लंबित वादों के निष्पादन की प्रक्रिया को गति देने के मुद्दे पर भी कई टिप्स दिए.इधर अधिवक्ता संघ के सदस्यों ने निरीक्षी जज को अपना एक मांग पत्र सौंपा।

## साहेबनगर पंचायत के सरपंच के निधन पर पंचायत में शोक की लहर

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के सरपंच लीला देवी (73) का रविवार को अपने मनसाही हॉट अवस्थित आवास पर निधन हो गया वे लंबे समय से बीमार थीं, वे अपने पीछे तीन पुत्र और एक पुत्र व नाती पोतों से भरापुरा परिवार छोड़ गईं, उनके निधन की खबर मिलते ही क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई। प्रखंड प्रमुख सीता देवी,जिप प्रतिनिधि खुर्शीद आजाद, मुखिया दिपनारायण पासवान,तज्जमुल हक, शंकर कुमार यादव,शशि कुमार मंडल, मो. जरीफ, मो. मोफिजुद्दीन, गौतम कुमार सिंह, मनोज पासवान, बिदुर पासवान, रमेश पासवान, जितेंद्र पासवान, उपसरपंच रमेश चंद्र यादव, बासुदेव पासवान, प्रदीप सिंह, संजय दास, सदाकत अली आदि ने उनके निधन पर गहरा शोक व्यक्त किया हैं। बताते चलें की लीला देवी 2021 के पंचायत चुनाव में अपने पहले चुनाव में ही सरपंच पद पर जीत हासिल की थी।

# नशे के दलदल में धंस रही फतुहा की युवा पीढ़ी

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। आज नशा सबके सिर चढ़ कर बोल रहा है। आम आदमी इसकी गिरफ्त में जकड़ा हुआ है। आजकल नशे की गिरफ्त में सिर्फ युवक ही नहीं, बच्चे व नवयुवतियां भी आ चुकी है।

**क्यों करते हैं नशा:-**

बच्चों में नशा करने वाले वे बच्चे होते हैं जो कबाड़ या पोलीथिन कचरों के ढेर से इकटठा करते हैं और उन्हें कबाडियों के पास बेचने के बाद नशे के आइटम जैसे तंबाकू युक्त, गुटके, बीड़ी सिगेरट, शराब (कच्ची) बोनफिक्स टायर-टयूब के पंक्चर जोडने वाले एड्हेसिव, या फिर खांसी की दवा टालुईन (इरेजर का घोल) इस्तेमाल करते हैं। पूछने पर ये बच्चे बताते हैं कि नशा करने के बाद उन्हें खूब आनंद आता है हालांकि बच्चे नशे के नुक्सान से अनजान होते हैं। उन्हें तात्कालिक आनंद प्राप्त होता है। उसमें वे मस्त रहते हैं।

इसी तरह पढने वाले युवक एवं युवतियां जो सामान्य, गरीब व धनाढ्य परिवारों के होते हैं, तनाव, बेरोजगारी पैसे की कमी या फिर जीवन में आनंद उठाने के लिए नशे का इस्तेमाल करते हैं।

युवाओं में नशा सिर्फ सिगरेट व शराब सीमित नहीं रहा बल्कि वर्तमान समय में कोकीन ,हेरोइन ,गांजा ,चरस ,नशीली दवाइयाँ आदि का नशा युवाओं को तेजी अपनी गिरफ्त में ले रहा है ।

वही फतुहा में नशे के दलदल में युवा पीढ़ी के पांव धंसते जा रहे हैं।पटना जिले के फतुहा क्षेत्र में इस समय युवाओं से अधिक संख्या में किशोर व छोटे बच्चों की है। इस स्थिति के लिए अभिभावक भी कम दोषी नहीं हैं। यहां स्मैक, डोडा, अवैध शराब व सुल्फा समेत सूखा नशा करने के लिए युवाओं में होड़ है।कस्बे व देहात क्षेत्र के कई गांवों में अवैध नशे का कारोबार धड़ल्ले से जारी है। नशे की लत के कारण कई युवक असमय ही मौत के मुंह के समा चुके हैं। शिकायत के बाद पुलिस कार्रवाई नहीं करती है। फतुहा के कई मुल्लालो में खुलेआमा स्मैक का कारोबार बेरोक-टोक किया जा रहा है। रयपुरा , बिजलीघर , कबीर मठ के सामने , मुकसुदपुर, सैदपुर, सोनारू जैसे कई गांव में अवैध नशे का कारोबार जारी है। ग्रामीणों का कहना है कि आए दिन पुलिस वाले तस्कर के घर देखे जा सकते हैं। आरोप है कि अगर कोई ग्रामीण तस्कर के अवैध धंधे की शिकायत पुलिस से करता है, तो पुलिस उल्टे उसे धमकाती है। नशे की लत में पड़कर कई युवक असमय ही मौत के मुंह में जा रहे हैं। वही फतुहा में शराब तो खुलेआम बिकती है।जैसे लगता है बिहार में शराब बंदी थी ही नही। फतुहा में शराब बंदी बिल्कुल फेल नजर आती है।

## मनसाही हाट में खुले आसमान के नीचे पशु बेचते पशुपालक

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के मनसाही प्रखंड क्षेत्र के साहेबनगर पंचायत के मनसाही हॉट में खुले आसमान के नीचे पशुपालक बेचते हैं पशु । इस मौके पर अनुज यादव,अखिलेश यादव,पवन यादव,बिमल यादव,पिलचा यादव आदि पशुपालक ने बताया कि हम लोग मनसाही हॉट अपना पशु बेचने आए हैं,लेकिन खुले आसमान के नीचे कड़ी धूप में पशु बेचने को विवश हैं, काफी धूप लग रहा हैं, मनसाही हॉट मालिक के द्वारा कुछ भी सुविधा नहीं दिया गया हैं, जिससे कि हमलोग धूप से बच सके जबकि मनसाही हॉट में प्रत्येक रविवार को लाखों का राजश्व की वसूली होती हैं। वहीं हॉट करने वाली महिलाओं को भी काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं,मनसाही हॉट में एक भी सार्वजनिक शौचालय की सुविधा नहीं दिया गया हैं। नहीं चलंत शौचालय की सुविधा दिया गया हैं, महिलाओं को काफी दिक्कत होता हैं, महिलाएं जो बाहर से खरीदारी करने आती हैं,उन्हें शौच करने के लिए हॉट के अगल-बगल के घरों में जाना पड़ता हैं। आसपास के आए पशुपालक ने कहा कि हॉट मालिक अभिलंब हॉट के जमीन पर मनरेगा से वृक्षारोपण करवा दे तो कम से कम धूप से निजात मिल सकता हैं, और मनरेगा से पशु शेड का निर्माण करा दिया जाए तो बरसात के समय में पशु शेड में रुक कर इंतजार कर सकेंगे। वहीं दूरदराज से आए महिलाओं ने कहा कि इस हॉट में शौचालय की सख्त आवश्यकता हैं , हम सभी महिलाओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ता हैं, पशुपालक एवं आसपास के महिलाओं ने कहा कि वृक्षारोपण के साथ पशु शेड का निर्माण एवं शौचालय का निर्माण होना मनसाही हॉट में अति आवश्यक हैं।

## जगदीशपुर अनुमंडलीय अस्पताल में 5 बेड का बनाया गया डेंगू वार्ड

» मदरलैण्ड संवाददाता

- उप अधीक्षक ने कहा- लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए
- अस्पताल में डेंगू किट का व्यवस्था, मरीजों का होगा उपचार

जगदीशपुर। डेंगू को लेकर जारी अलर्ट को देखते हुए आरा-मोहनिया नेशनल हाईवे दुलौर अवस्थित अनुमंडलीय अस्पताल,जगदीशपुर में 5 बेड वाला डेंगू वार्ड बनाया गया है। जिसमें डेंगू किट की व्यवस्था भी की गई है व यहां डेंगू का लक्षण पाए जाने पर उक्त मरीज को रख कर उपचार किया जाएगा। इस संबंध में अनुमंडलीय अस्पताल के उपाधीक्षक डॉ विनोद प्रताप सिंह ने बताया कि डेंगू का प्रकोप दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। ऐसी स्थिति में लोगों को सतर्कता बरतनी चाहिए।उन्होंने कहा कि डेंगू के लक्षण दिखने पर तुरंत अस्पताल में आकर जांच कराना चाहिए।वही, उन्होंने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि अपने आसपास साफ-सफाई का पूरा ख्याल रखते हुए फुल बदन का कपड़ा पहने। गंदगी स्थानों के आस-पास पर बैठने पर परहेज करें। अन्यथा घातक बीमारी के चपेट में आने से जीवन अस्त-व्यस्त हो जाएगा।

## एसडीएम ने ऐतिहासिक शिवजी पोखरा सह छठ घाट का किया निरीक्षण

» मदरलैण्ड संवाददाता



- घाटों पर छठ व्रतियों को मिलेगा उत्तम व्यवस्था
- नपं कार्यपालक पदाधिकारी को दिया गया आवश्यक दिशा निर्देश
- ऐतिहासिक नगरी में एक साथ नगर के श्रद्धालु छठ घाट पर करते हैं महापर्व

जगदीशपुर। ऐतिहासिक धार्मिक और सांस्कृतिक नगरी जगदीशपुर में लोकआस्था के महापर्व छठ पूजा को लेकर प्रशासनिक तैयारी शुरू कर दी गई है।

शनिवार को जगदीशपुर एसडीएम सीमा कुमारी ने नगर के शिवजी सह छठिया पोखरा स्थित छठ घाट का निरीक्षण किया। मौके पर नगर कार्यपालक पदाधिकारी विनय कुमार व जेई रोशन कुमार पांडे मौजूद रहे। एसडीएम द्वारा निरीक्षण के क्रम में छठ व्रतियों के सुविधाओं एवं सुरक्षा से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर विचार विमर्श कर कार्यपालक पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। जिसमें महापर्व छठ पूजा पर घाटों की मरम्मती, रंग-रोगन और साफ सफाई की उत्तम व्यवस्था कराई जाएगी। छठ व्रतियों की सुविधाओं के लिए चेंजिंग रूम का निर्माण, पोखरा में रेड जोन का बैरिकेडिंग के साथ-साथ घाटों पर गोताखोर की व्यवस्था की जाएगी। वही, घाटों के चारों तरफ रोशनी की पर्याप्त व्यवस्था कराई जाएगी और रंगीन लाइट वहां अलग छटा बिखेरेंगी। निगरानी को लेकर वॉच टावर का निर्माण के साथ सीसीटीवी कैमरा और एलईडी स्क्रीन लगेगा। इसके अलावे वाहन पार्किंग को लेकर पार्किंग स्थल बनाया जाएगा। शौचालय की व्यवस्था के साथ जरूरी सुविधाएं उपलब्ध रहेगी।

गौरतलब हो कि जगदीशपुर नगर के शिवजी पोखरा सह छठिया तालाब पर नगरवासी एक साथ छठ का पर्व करते हैं। जिसका मनोरम दृश्य देखते ही बनता है। वही, छठ व्रतियों द्वारा घाटों पर पहुंचकर अपना घाट बनाने का कार्य शुरू कर दिए है।

## पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ0 अखिलेश प्रसाद सिंह का भोजपुर में भव्य स्वागत !

» मदरलैण्ड संवाददाता



पटना। 21 अक्टूबर को आयोजित होने वाले बिहार केसरी डॉ. श्रीकृष्ण सिंह जयंती समारोह कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए राज्यसभा सांसद डॉ. अखिलेश प्रसाद सिंह जी के भोजपुर आगमन पर कांग्रेस नेताओं समेत महागठबंधन के वरिष्ठ नेताओं द्वारा कोइलवर से आरा एवं बिहिया में किया गया भव्य स्वागत स्वागत, समारोह को संबोधित करते हुए पूर्व केंद्रीय मंत्री अखिलेश प्रसाद सिंह ने कहा कि श्री बाबू के मुख्यमंत्री काल में बिहार के विकास की जो गति प्रदान की बिहार को विकास की मुख्यधारा में जोड़ा आज हमें श्री बाबू के पद चिन्हों पर चलते हुए बिहार के गौरव को स्थापित करने के लिए उनके दिखाए रास्ते पर चलने का संकल्प ग्रहण करना चाहिए, सभी भोजपुर वासी को 21 अक्टूबर 2022 को पटना में आयोजित श्री बाबू की जयंती में भाग लेकर श्री बाबू के प्रति अपनी सच्ची श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए श्री बाबू के पद चिन्हों पर चलकर बिहार को विकास की मुख्यधारा में आगे ले जाने का प्रण लेना चाहिए कोईलवर आरा बिहिया में स्वागत करने वाले प्रमुख कांग्रेस नेताओं में शशि भूषण पांडे, पूर्व एमएलए रमाकांत ठाकुर, बच्चन जी, राजेश मिश्रा, आरा बार एसोसिएशन के ज्वाइंट सेक्रेटरी प्रमोद राय अधिवक्ता जिला परिषद के पूर्व सदस्य भोजपुर जिला कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष अशोक राम ,कांग्रेस नेता संतोष पांडे श्रीधर तिवारी आशुतोष ठाकुर ,गजेंद्र चौधरी, राजेंद्र ओझा, सत्य प्रकाश राय ,शिव कुमार सिंह ,कॉपरेटिव बैंक के जिला चेयरमैन सत्येंद्र नारायण सिंह अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सदस्य मनोज कुमार पांडे, बंटी चौधरी जमील खान, शिव शंकर चौबे, मनीष कुमार, आलोक हर्ष, असमंजस यादव, एसपी राय अफजल हुसैन चांद प्रोफेसर बलिराज ठाकुर , उपेंद्र सिंह, शायमसुंदर पांडेय उर्फ बिजली बाबा, मुखिया श्रीकांत तिवारी, रामबचन तिवारी आदि के साथ सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

## सरकार द्वारा फोरलेन में अधिग्रहण किए गए जमीन को ले रैयतों ने पुनर्मूल्यांकन हेतु ए डी एम को दिए आवेदन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। रविवार को मनिहारी अनुमंडल में पागलबाड़ी महियारपुर और कुमारी पुर मौजा के रैयतों द्वारा कटिहार के एडीएम श्री विजय कुमार को आवेदन दिया गया। एडीएम विजय कुमार ने बताया कि रैयतों द्वारा फोरलेन में अधिग्रहण किए गए जमीन को फिर से नापी कर पुनर्मूल्यांकन करने का अनुरोध किया गया है। श्री विजय कुमार ने कहा कि आवेदन ले लिया गया है और इसे आगे कार्रवाई के लिए अग्रसारित कर दिया जाएगा ।कुछ रैयतों से पूछने पर बताया कि फिर से नापी करा कर सरकार उचित मुआवजा दे। नारायणपुर के मो शाहजहां ने बताया कि हमें विभाग द्वारा रू103 का मुआवजा का नोटिस मिला है जो हास्यास्पद लग रहा है ।इस अवसर पर एनएचआई के अरविंद कुमार, अंचल पदाधिकारी राजेश कुमार, एवं ग्रामीण, सैयद मो रईस उद्दीन ,शेख शरीफ ,मुन्ना साह,बद्री साह, अताउर रहमान ,शेख डब्लू, अकबर खान ,मोहम्मद शमीम, अब्दुल गफूर, अशोक गुप्ता, मोहम्मद समसुल ,शाहजहां ,योगेंद्र राम ,रानी कुमारी, फेकू साह ,मुस्तफा, अब्दुल सत्तार, जाकिर, अल्ताफ, राजेंद्र सिंह, अफसाना खातून, रानी देवी, राम सुरेश मंडल, मजबूर रहमान, जमाल, मोहम्मद जौहर, अली वाहिद, सहित अन्य ने उचित मुआवजा का अनुरोध किया।

## 17 को भाजपा का एक दिवसीय धरना

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार। निकाय चुनाव स्थगन के विरोध में दिनांक 17 अक्तूबर 2022 को दिन के 10-00 बजे से समाहरणालय के सामने एक दिवसीय धरना रखा गया है। जिला अध्यक्ष लक्खी प्रसाद महतो के हवाले से बताते हुए भाजपा जिला उपाध्यक्ष बबन कुमार झा ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश के दिशा निर्देश पर बिहार सरकार के आरक्षण विरोधी नीतियों के खिलाफ धरना कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें कटिहार जिला के सभी जनप्रतिनिधि एवं सम्मानित कार्यकर्ता के साथ साथ बिहार सरकार के आरक्षण विरोधी नीतियों के खिलाफ में रहने वाले सारे लोग सम्मिलित रहेंगे।

## अन्तर्राष्ट्रीय ग्रामीण महिला (किसान) दिवस पर संगोष्ठी का हुआ आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। कटिहार जिले के मनिहारी में जिला संयुक्त कृषि कार्यालय मे अन्तर्राष्ट्रीय ग्रमीण महिला (किसान) दिवस के मौके पर कृष एवं ग्रामीण अर्थव्यवस्था मे महिलाओं की महत्वपूर्ण भूमिका को जनजन तक पहुंचाने को लेकर संगोष्ठी का आयोजन किया गया ।इस कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी मनिहारी दया नंद यादव , जिला कृषि पदाधिकारी दिशकर प्रसाद, कृषि विज्ञान केन्द्र की प्रधान व वरीय वैज्ञानिक रीता सिंह ,आत्मा के परियोजना उप निदेशक शशि कांत झा ने संयुक्तरूप से दीप प्रज्जवलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि श्री यादब ने कहा कि ग्रमीण अर्थव्यवस्था ,कृषि सहित प्रायः घरेलू अर्थव्यवस्था सुचारू बनाये रखने मे महिलाओं की महत्ती भूमिका होती है ।उनकी इस योगदान को उजागर करने के उद्देश्य से इस तरह के कार्यक्रम की आवश्यक्ता है ।अपने संवोधन मे जिला कृषि पदाधिकारी श्र दिनकर प्रसाद ने कहा कि इस तरह के कार्यक्रम का उद्देश्य ग्रमीण विकास, कृषि विकास, व ग्रामीण अर्थव्यवस्था मे महिलाओं की भूमिका को रेखांकित करना है ।आत्मा के परियोजना उप निदेशक शशिकांत झा ने कहा कि प्रति वर्ष 15 अक्टूबर को दुनियाभर मे अन्तर्राष्ट्रीय ग्रमीण महिला( किसान) दिवस मनाया जाता है। इसका उद्देश्य कृषि विकास, ग्रमीण विकास, खाद्य सुरक्षा और ग्रमीण गरीबी उन्मूलन मे महिलाओं की भूमिका के प्रति जागरूक करना है। जानकारी दी कि संयुक्त राष्ट्र महासभा द्वारा सर्व प्रथम 18 दिसंबर 2007 को इसकी घोषणा की गयी थी। वर्ष 1995 मे बीजिंग मे आयोजित चौथे विश्व सम्मेलन मे नागरिक समाज संगठनों द्वारा ग्रमीण महिला ( किसान ).दिवस मनाया गया था ।तब से नियमित रुप से हर वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय ग्रमीण महिला( किसान) दिवस 15 अक्टूबर को मनाया जाता है।

अपने संवोधन मे कृषि विज्ञान केन्द्र की वरीय वैज्ञानिक रीता सिंह ने ग्रमीण महिलाओं की आपसी समझ ,कृषि, ग्रमीण अर्थव्यवस्था , ग्रमीण गरीबी उन्मूलन सहित कूटीर उद्योगों मे महत्ती भूमिका के कारण ग्रमीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ कहा जाता है। आरती दत्तत्रेय, अनूजा कुमारी, श्वेता राय, मनीषा कुमारी सहित अनेक महिला कृषकों ने भाग लिया।

# बाल कल्याण समिति ने एक कार्य दिवस में 25 मामले का किया निष्पादन

## जयपुर से सभी बालकों को रेस्क्यू किया गया था ०सभी बच्चों को अभिभावक को किया सुपुर्द

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बाल कल्याण समिति की प्रथम श्रेणी जुडिशल मजिस्ट्रेट की शक्ति पीठ ने एक कार्य दिवस में 25 मामले का निष्पादन किया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार झा ने बताया कि कटिहार जिले के 25 नाबालिक बच्चे रोजगार करने के लिए राजस्थान राज्य के जयपुर के विभिन्न औद्योगिक प्रतिष्ठान कार्य करने के लिए गए हुए थे। जयपुर प्रशासन के द्वारा औद्योगिक प्रतिष्ठान में छापामारी कर बड़ी संख्या में बाल श्रमिकों को अपने संरक्षण में लिया। जिसमें कटिहार जिले के 25 बच्चे शामिल थे। जयपुर प्रशासन के द्वारा राजस्थान सरकार को विधिवत इसकी जानकारी दी। जयपुर बाल कल्याण समिति ने मामले का स्थानान्तरण किया। राजस्थान प्रशासन ने 82 बच्चे को ट्रेन के माध्यम से पटना पहुंचाया। बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष रविंद्र कुमार, सदस्य प्रवीण कुमार झा ने बताया कि समाज कल्याण विभाग के निदेशक ने कटिहार बाल संरक्षण इकाई के सहायक निदेशक को पत्र प्रेषित कर जयपुर राजस्थान से रेस्क्यू किए गए कटिहार के 25 बच्चों को कटिहार ले जाने का निर्देश दिया। निर्देशक के आदेश के आलोक में बाल संरक्षण इकाई कटिहार ने बाल गृह अपना घर पटना के अधीक्षक को पत्र लिखकर बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी पवन कुमार वर्मा, नवरत्न कुमार,चंदन कुमार पाठक, मिस्टर निशांत को बच्चों को कटिहार लाने के लिए पत्र लिखा। बाल संरक्षण इकाई के कर्मी के द्वारा 25 बच्चों को सड़क मार्ग से कटिहार लाया। सभी बच्चे को बाल कल्याण समिति के न्यायिक प्रथम श्रेणी जुडिशल मजिस्ट्रेट की शक्ति पीठ के समक्ष उपस्थित किया। समिति ने सभी बालकों का दस्तावेज सहित प्रपत्र-17 लिया। सभी दस्तावेज का अवलोकन किया गया। समिति ने सभी उपस्थित किए गये बालकों से बातचीत किया ।समिति ने जिला बाल संरक्षण इकाई एवं बाल गृह के परामर्शी से सभी बच्चे का काउंसलिंग करायी। काउंसलिंग के पश्चात बालक के अभिभावकों के द्वारा दाखिल दस्तावेज एवं बालक के द्वारा पहचान करने के पश्चात समिति ने निर्णय लिया कि बालक के सर्वोत्तम हित को ध्यान में रखते हुए अभिभावकों के संरक्षण में देने की प्रक्रिया किया गया। बाल कल्याण समिति की प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी की शक्ति पीठ में रविंद्र कुमार, प्रवीण कुमार झा, रोशन कुमार, प्रियंका कुमारी शामिल रहे ।सहयोग में बाल संरक्षण पदाधिकारी सुधीर कुमार एवं मो0 इरशाद,शहनाज अख्तरी,बीणा गिरि, सहित बाल संरक्षण इकाई तथा बाल गृह के कर्मचारी रहे।

## संक्षिप्त समाचार

### विद्युत तार टूट कर गिरा भारी नुकसान



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। बिहार के कटिहार में कोढ़ा थाना क्षेत्र के नेशनल हाईवे 31 किनारे जुराबगंज मुसापूर चौक के समीप बिजली के 11 हजार क्षमता वाले तार टूटने से भीषण आग लग गई। जिसके चपेट में तीन माल वाहक पिकप और एक होटल पुरी तरह जल कर खाक हो गया। घटना के वाद चारो तरफ अफरा-तफरी का माहौल बन गया घटना में लाखों रुपए की संपत्ति जलकर नष्ट होने का अनुमान लगाया जा रहा है।बताया जाता है। कि मुसापुर निवासी सुमन शर्मा के ट्रांसपोर्ट पर खड़ी 11हजार का बिजली का तार गिरा गया और आग लगी आग देखते देखते बेकाबू होकर पिंकअप में तथा बेलोरो जलने लगा साथ ही होटल को जला दिया होटल में रखे सिलेंडर के फटने से आसपास के क्षेत्र में दहशत का माहौल बन गया स्थानीय लोगों की मदद से काफी जद्दोजहद के बाद आग पर काबू पाया गया बाद में दमकल भी गाड़िया घटनास्थल पर पहुंची लेकिन तबतक आग पर काबू पर लिया गया था। बिजली के तार टूटने से आग लगने की घटना के वाद आक्रोशित लोगों ने बिजली विभाग के खिलाफ राष्ट्रीय राजमार्ग को जाम कर दिया मौके पर कोढ़ा पुलिस पदाधिकारी एवं बुद्धिजीवियों ने आक्रोशित लोगों को समझा-बुझाकर जाम को हटाया।

### प्राणपुर प्रखंड के बाबूपुर गांव में खाना बनाने के दौरान लगी आग चार घर जले



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के प्रखंड क्षेत्र के गौरीपुर पंचायत अंतर्गत वार्ड सात के बाबूपुर गांव में खाना बनाने के दौरान आग लग जाने से गणेश यादव, भोथर यादव, राजेश यादव, संतोष यादव के चार घर व घर में रखे सारा सामान जलकर राख हो गया स्थानीय ग्रामीणों के सहयोग से आग पर काबू पाया गया तब तक सारा सामान जलकर राख हो चुका था।वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि आगलगी की घटना में लगभग पांच लाख रुपए का क्षति पहुंचा है। वहीं स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि अगलगी से पीड़ित परिवार अत्यंत ही गरीब व भूमिहीन है। किसी तरह मेहनत मजदूरी कर जीवन यापन करते हैं।उक्त घटना की सूचना पाकर गौरीपुर के मुखिया प्रमोद कुमार सिंह ने घटना स्थल पहुंचकर घटना की जानकारी लिए। साथ पीड़ित परिवार से रूबरू होते हुए हर संभव सरकारी लाभ दिलाने का आश्वासन दिया है। वही पीड़ित परिवारों का रो रो कर बुरा हाल है।पीड़ित परिवारों ने विभागीय अधिकारी से मुआवजे की मांग की है। वहीं रोशना के हल्का राजस्व कर्मचारी परमानंद यादव ने पीड़ित परिजन से मिलकर जांच पड़ताल करते हुए कागजी प्रक्रिया पूरी कर मुआवजा दिलाने की आश्वासन दिए। उन्होंने कहा कि पीड़ित परिवार को रहने के लिए पॉलिथीन की व्यवस्था अभिलंब होनी थी। लेकिन रविवार रहने के कारण आज पॉलिथीन की व्यवस्था नहीं हो सका जो सोमवार 10:00 बजे तक प्रीत परिवारों को पॉलिथीन की मोहिया कर दी जाएगी।मौके पर पीड़ित परिवार से मिले मुखिया प्रमोद कुमार सिंह, मुखिया जुलुम सिंह, समिति फूलराम मंडल, सरपंच रघुनाथ यादव, सहित वार्ड सदस्य गण मौजूद थे।

### विश्व हाथ धुलाई दिवस पर विद्यालयों में बच्चों को दी गई हैंड वॉश की जानकारी



मदरलैंड कटिहार, विश्व हाथ धुलाई दिवस के अवसर पर कटिहार जिले के आजमनगर के विभिन्न सरकारी विद्यालयों में बच्चों को हाथ धुलाई के सही तरीके की जानकारी शिक्षकों द्वारा दी गई।वहीं बच्चों को स्वच्छता और हाथ धुलाई की शपथ भी दिलाई गई।उत्क्रमित माध्यमिक विद्यालय अरिहाना में इस अवसर पर बाल संसद और मीना मंच के बच्चों के माध्यम से हैंड वाश के सही तरीके का डेमो बच्चों के बीच दिया गया।बाल संसद के प्रधानमंत्री नितिन कुमार, मीना मंच की प्रधान जुली कुमारी तथा जल स्वच्छता एवं सफाई मंत्री गौरव कुमार ने बच्चों के बीच हाथ धुलाई का डेमो देकर बच्चों को हाथ धुलाई की सही जानकारी दी और उन्हें इस संदर्भ में चेतना सत्र के दौरान शपथ भी दिलाई गई।इस दौरान विद्यालय के सहायक शिक्षक श्यामा रविदास तथा विप्लव कुमार ने बच्चों को जानकारी देते हुए बताया कि खाने से पूर्व, शौच के बाद, खांसने- छींकने के बाद तथा कुछ गंदी वस्तु छूने के बाद हाथ साबुन या हैंडवाश से धोना चाहिए।इस दौरान विद्यालय के प्रधानाध्यापक रंजन कुमार विश्वास, सहायक शिक्षक विप्लव कुमार, नूर आलम, अर्जुन कुमार विश्वास, राजकपूर कुशवाहा, चंचला मिश्रा, ममता कुमारी आदि मौजूद रहे।

### कटिहार जिले की अमदाबाद पुलिस ने517लीटर विदेशी शराब को किया जब्त



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले की अमदाबाद पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर भारी मात्रा में विदेशी शराब के साथ एक तस्कर को गिरफ्तार किये जाने का मामला प्रकाश में आया है।अमदाबाद थानेदार शिव शंकर कुमार ने जानकारी देते हुए बताया गुप्त सूचना मिली कि पश्चिम बंगाल से कुछ शराब तस्कर शराब की बड़ी खेप लेकर रात को बिहार की तरफ आराहे है।इसी सूचना के आधार पर हम लोगो ने लक्खी टोला रजक पट्टी से 517.8 एमएल विदेशी शराब के साथ बिना नंबर वाले ट्रैक्टर, अपाची मोटरसाइकिल सहित मैजिक वैन को जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार किया।बाकी शराब तस्कर रात के अंधेरा का फायदा उठाकर मौके से फरार हो गए।गिरफ्तार आरोपी का नाम दुलाल मंडल है।जो साकिन पियारी सरकार थाना रतवा जिला मालदा पश्चिम बंगाल का रहने वाला है। अमदाबाद पुलिस ने आरोपी दुलाल मंडल को न्यायिक हिरासत में कटिहार भेज दिया है।

# बरारी के मरघीया में बड़ा हादसा धान का बोझा लेकर आ रहे मजदूर किसान की नाव डूबी, 7 शव बरामद





» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के बरारी प्रखंड अंतर्गत मरघीया गाँव में भीषण नाव दुघर्टना, एक हीं गाँव के छ्ह लोग की डूबने से हुई मौत, मातमी सन्नाटा पसरा, धान काटकर आ रहे मजदुर व किसान सहीत नौ लोग डूबे, दो हेलकर बाहर निकला, दो का शव बरामद हुआ, प्रशासन मौके पर मौजूद, वार्ड -4 व 2 के लोग शामिल थे, स्वास्थ्य विभाग भी मौके पर मौजूद थे, परिजनों के चित्कार से कांप गया पूरा क्षेत्र, घटना बरंडी नदी में घटी, प्रखंड अन्तर्गत पश्चीमी बरीनगर पंचायत के दर्जन भर मजदुर व किसान पानी में डूबे धान की फसल काटकर नाव में लोडकर सभी लोग घर की ओर रवाना हुए, मो० निजाम धान काटने नाव से मजदूर को ले गया था, बड़ी नाव में धान की बाली काटकर लोड कर ला रहा था कि नाव में पाने लेने लगा, नाव डूबने की आशंका में छोटी नाव में बीच नदी में कटे धान का बोझा बड़ी नाव से छोटी नाव में लोड करते वक्त जान बचाने के लिए लोग नाव में चढ़ने लगा कि नाव अनियंत्रित होकर बरंडी नदी में डूब गया, जगदीश पासवान जो किसी प्रकार अपनी जान बचाकर बाहर निकला उसने बदहवास स्थिति में बताया कि सुवह बरंडी नदी पार लक्ष्मीपुर के निकट धान कटनी करने करीब नौ लोग गये थे, धान काटने के बाद धान का बोझा बनाया गया, धान की फसल मो० निजाम का था, धान काटने नाव से मजदूर को ले गया था, बड़ी नाव में धान की बाली का बोझा काटकर लोड कर वापस मरघीया ला रहा था कि नाव में पाने लेने लगा, सभी इधर उधर देखने लगे कि नाव पानी में डोलने लगा, नाव डूबने की आशंका में तुरंत छोटी नाव लाया गया जो बीच बरंडी नदी में कटे धान का बोझा एवं लोग बड़ी नाव से छोटी नाव में लोड करते वक्त नाव एक दो बार पानी ले लिया, सभी में डर समां गया, जान बचाने के लिए लोग छोटी नाव मैं भी बड़ी. नाव से चढ़ने लगा कि नाव अनियंत्रित होकर बरंडी नदी में डूब गया, दो लोग किसी प्रकार जान बचा पाये, बाकि सात लोग बरंडी में डूब गये, ग्रामीणों के अथक प्रयाश से पहले दो शव झग्गर से बाहर निकाला जबकि पाँच की तलाश जारी रही, डूबने वालों में शकील आलम पिता इफ्तेखार आलम उम्र - 6 वर्ष, कुन्ती देवी पति महेश पासवान उम्र - 42 वर्ष, रूबी कुमारी पिता दिनेश पासवान उम्र - 19 वर्ष, बबीता पिता जगदीश पासवान - उम्र - 19 वर्ष, दुखन पासवान पिता स्व० रामोतार पासवान उम्र - 51 वर्ष, रूचि कुमारी पिता दुखन पासवान उम्र - 16 वर्ष, विकास कुमार उर्फ करकू पिता महेश पासवान उम्र - 14 वर्ष नाव धान सहित बरंडी नदी मरघीया में डूब गया, वहीं बरारी विधायक विजय सिंह, एसडीएम शंकर शरण ओमी, आपदा पदाधिकारी संजय कुमार, मुखिया प्रतिमनधि मो० अबदुल्लाह, नियमातुर रहमान, जिप सदस्य गुणसागर पासवान, जदयु अध्यक्ष मनोज कुशवाहा, बीडीओ पूरण साह, सीओ ललन कुमार मंडल, थानाध्यक्ष विधानचन्द्र, सीआई मृत्युंज्य कुमार देर रात्री तक डटे रहे, संध्या होने के कारण रेस्क्यू में व्यवधान आया तो मुखिया प्रतिनिधि अबदुल्लाह ने नाव में जेनरेटर की व्यवस्था कर लाईट रोशनी में देर रात्री तक छ्ह शव को बरामद करने में कुरसेला के स्थानीय गोताखोर की मदद से बाहर निकाला गया, रविवार को पुनः बच्चे की तलाश हुई गोताखोर ने उसे भी बरामद किया, वहीं पूरा पंचायत परिजनों के क्रंदन से सभी के रोंगटे खड़े हो गये।

# बारसोई सीओ को लगा रुपये 500 का जुर्माना

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। 60 दिनों का समय बीत जाने के बाद भी आदेश का पालन नहीं होने को लेकर अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी कि अनुशंसा पर जिला पदाधिकारी ने आर्थिक दंड के रूप में अंचलाधिकारी अमर कुमार राय को रू500 का जुमार्ना लगाया है। वहीं इस संबंध में लोक शिकायत कोषांग कटिहार के पत्रांक 1606 दिनांक 30 /09/ 2022 के तहत फाइन वाली राशि जमा करने को कहा गया है।बता दें कि प्रखंड के कमरौल पंचायत अंतर्गत फुआ गांव के चार महादलित भूमि हीन वीरेंद्र राय, राधा राय, भोला राय, एवं राजकुमार को सरकारी जमीन के बंदोबस्ती का पर्चा बहुत पहले मिल चुका है। परंतु जमीन पर दबंगों का कब्जा होने के चलते हैं उन लोगों को जमीन पर दखल नहीं मिला है। वहीं इसको लेकर जदयू नेता रोशन अग्रवाल के माध्यम से पीड़ितों ने मुख्यमंत्री से शिकायत की थी। वहीं शिकायत के आलोक में जिला पदाधिकारी को दखल दिलाने का निर्देश दिया गया था। जिला पदाधिकारी ने अनुमंडल लोक शिकायत निवारण पदाधिकारी के यहां अपील दायर कर अंचलाधिकारी को जल्द से जल्द दखल दिलाने को कहा गया था परंतु 2 महीना बीत जाने के बाद भी कार्य में रूचि नहीं लेने को लेकर जिलाधिकारी अमर कुमार राय को रू500 का आर्थिक दंड लगा है। तथा उक्त राशि उनके वेतन से काटने के संबंध में लिखा गया है। ज्ञात हो कि सीओ श्री राय को जमीन नामांतरण इत्यादि आम लोगों से जुड़े कार्य में विलंब करने को लेकर रू500 जुमार्ना इससे पहले भी लग चुका है। यह दूसरा मौका है।

# पैतृक गांव पहुंचते ही नफीस कामरान का किया गया भव्य स्वागत

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। बिहार न्यायिक सेवा प्रतियोगिता के 31 वें बेच की हुई प्रतियोगिता परीक्षा में 42 वां रैंक प्राप्त करने वाले आजमनगर प्रखंड के बघौरा गांव निवासी जहूरूल हक अंसारी के पुत्र नफीस कामरान रविवार के दिन पैतृक गांव बघौरा पहुंचते ही ग्रामीणों द्वारा भव्य स्वागत किया गया ग्रामीणों ने मानव श्रृंखला बनाकर गांव में नफीस कामरान का फूलों से स्वागत किया ग्रामीणों के द्वारा आयोजित एक स्वागत समारोह में सर्वप्रथम गांव के बुजुर्ग तथा नफीस कामरान के चाचा इस्माइल चौधरी इसहाक अंसारी पंचायत के मुखिया ललन कुमार विश्वास सरपंच संजय कुमार साह आदि गणमान्य लोगों के द्वारा गुलदस्ता देकर नफीस कामरान का भव्य स्वागत किया गया इस मौके पर मुफ्ती असरार मौलवी खुर्शीद थाना अध्यक्ष राजीव कुमार झा मास्टर मोहम्मद इम्तियाज महमूद आलम मोहम्मद मुंतखाब आलम डॉक्टर तहसीन फातमा अब्दुल सलाम जीडीएस के मोहम्मद जावेद आलम डॉक्टर सना फातिमा आदि वक्ताओं द्वारा शिक्षा के प्रति अलख जगाने के लिए ग्रामीणों को मोटिवेट करने का काफी प्रयास किया गया साथ ही नफीस कामरान के नक्शे कदम पर चलने की नसीहत दी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नफीस कामरान ने छात्र-छात्राओं तथा अभिभावकों को शिक्षा के प्रति दिलचस्पी लेने शिक्षा का एक माहौल पैदा करने तथा समाज में शिक्षा के प्रति लोगों को मोटिवेट करने हेतु न्यायिक सेवा के अलावे आईएएस आईपीएस तक का सफर तय करने के लिए मोटिवेशनल स्पीच देकर लोगों का दिल जीत लिया इस मौके पर ग्रामीणों में मोहम्मद इमरान अंसारी हबीबुर्रहमान मोहम्मद नदीम अंसारी मोहम्मद जुल्फिकार अंसारी मोहम्मद दाऊद अंसारी मोहम्मद इम्तियाज अंसारी सलीम अंसारी पूर्व मुखिया अनवर अंसारी जमील अंसारी मौलवी खुर्शीद सुखी मोहम्मद मोहम्मद फैयाज अंसारी मास्टर महमूद अंसारी आदि सहित सैकड़ों की तादाद में ग्रामीण उपस्थित रहे।

# रेडक्रोस सोसाइटी ने किया निःशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता



कटिहार। भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी द्वारा सूरज राम गुलाबदेवी ट्रस्ट पूर्णिया के सहयोग से आयोजित निःशुल्क कान जांच शिविर का आयोजन आज अग्रसेन सेवा सदन में किया गया। शिविर में चेयरमैन अनिल चमरिया ने कहा कि सूरज राम गुलाब देवी ट्रस्ट के चेयरमैन डॉ देवी राम द्वारा चिन्हित लोगों को निःशुल्क मशीन मुहैया कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि डॉ देवी राम द्वारा रेडक्रोस को बराबर सहयोग मिलता आया है।पहले भी सैकड़ों लोगों को उनके द्वारा मशीन मुहैया कराई गई है। रोगियों को संबोधित करते हुए शहर के प्रसिद्ध कान नाक गला रोग विशेषज्ञ डॉ जयेंद्र ज्ञानू ने कहा कि नहाते समय इस बात का विशेष खयाल रखें कि कान में पानी न जाए। खासकर स्विमिंग पूल में नहाते समय कान में पानी न जाए इसके लिए विशेष सावधानी बरतें। कान में मैल और गंदगी की परत न जमने दें और कान की साफ-सफाई का विशेष ध्यान रखें। कान में खुजली होने पर किसी भी प्रकार का तेल न डालें। उन्होंने कहा कि आज के युवा वर्ग हेड फोन का इस्तेमाल करते है।उन्हें विशेष ध्यान देना है कि आवाज धीमी हो। सचिव संतोष गुप्ता ने कहा कि ऑडियोलॉजिस्ट एम एफ अकबर एवं गौरव द्वारा ऑडियोमेटरी मशीन द्वारा सभी मरीजों की जांच की गई। संतोष गुप्ता ने कहा आज के शिविर में लगभग 100 लोगों के कानों की जांच कर 60 लोगों का चयन किया गया जिन्हें कान में मशीन लगाई जाएगी। कोषाध्यक्ष पंकज पूर्वे ने बताया कि प्रबंध भारतीय रेडक्रोस सोसाइटी की कटिहार शाखा बिहार में सबसे बढ़िया कार्य करती है। जिसकी प्रसंशा बिहार स्तर पर होती है। उन्होंने कहा कि आगामी छठ पर्व पर घाट पर प्राथमिक चिकित्सा शिविर हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लगाया जाएगा। समिति सदस्य प्रो श्याम नारायण पोद्दार एवं आलोक सिन्हा ने कहा कि आगामी 20 नवंबर को जन्मजात कटे होठ एवं तालु के निःशुल्क आपरेशन हेतु जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। आज के शिविर में आपदा प्रबंध समिति सदस्य मनोज दास, प्रवीण कुमार, सचिदानंद यादव का सहयोग सराहनीय रहा।

# यूनिसेफ एवं एक्शनएड के संयुक्त तत्वावधान मे उड़ान परियोजना के तहत कार्यशाला का हुआ आयोजन

## समन्वयक शाहदा बारी ने बाल अधिकारियों व संरक्षण की दी जानकारी

» मदरलैण्ड संवाददाता





कटिहार। यूनिसेफ एवं एक्शनाइड के संयुक्त तत्वावधान मे चलाए जा रहे बाल संरक्षण को लेकर उड़ान परियोजना के तहत बोलिया पंचायत भवन मे मुखिया मुहम्मद जर्जिश आलम की अध्यक्षता में। बैठक हुई। इसमे पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। जिला समन्वयक शाहदा बारी ने बाल संरक्षण समिति की संरचना, कार्य एवं दायित्व को बताते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य मुफ्त शिक्षा की जानकारी दी। बच्चों को विद्यालय से जोड़ने की बात कही, जो भी बच्चे विद्यालय से बाहर है उनके बाल विवाह व बाल श्रम में जाने का खतरा है, इसके रोकथाम के लिए सरकार द्वारा बनाए गए कानून, विभिन्न सरकारी योजनाओ, जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत प्रत्येक लड़िकयों को बिहार सरकार से मिलने वाली राशि पर विस्तार से जानकारी दिया।

बैठक में मुखिया अध्यक्ष जर्जिस आलम ने उपस्थित सभी सदस्यों से बोलिया पंचायत को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी मुक्त पंचायत बनाने की अपील उपस्थित सदस्यों से की, तथा बच्चों से जुड़े सभी प्रकार की गतिविधियों में सहयोग करने की बात कही।एक्शन एड की ओर से मुखिया को बाल संरक्षण समिति का रजिस्टर उपलब्ध कराया गया। मौके पर मो अनवर आलम उपमुख्यिया, तस्लीम आरीफ सरपंच, सभी वार्ड सदस्य गण, रूबिदा खातून, जीविका, रिम्पल सेविका, इफ्तेखार अहमद शिक्षक, किशोर किशोरी एवं समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

# शादीशुदा युवक ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

» मदरलैण्ड संवाददाता

कटिहार। कटिहार जिले के डंडखोरा थाना क्षेत्र अंतर्गत भमरेली गांव के वार्ड संख्या 3 के निवासी 32 वर्षीय सोनू कुमार साह फांसी लगाकर आत्महत्या करने का मामला प्रकाश में आया है। मृतक की पत्नी नूतन देवी ने थाना में आवेदन देकर आरोप लगाया है कि ननंद डोली देवी तथा नंदोषी कदवा थाना क्षेत्र के हंसोना गांव निवासी अमर कुमार साह के झगड़े एवं प्रताड़ित करने से तंग आकर मेरे पति ने फांसी लगाकर आत्महत्या किया है। मृतक के पिता लक्ष्मण साह ने बताया कि गांव के लोग ही सुबह में बताया कि भमरेली पेट्रोल पंप के समीप आम के पेड़ में सोनू फांसी के फंदे पर लटका हुआ है। इतना सुनते ही सभी परिवार दौड़कर वहां गए तथा कुछ लोगों कि मदद से फांसी से उतारा गया तब तक उनकी मौत हो चुकी थी। मृतक सोनू कुमार के पिता लक्ष्मण साह ने बताया कि रात में करीब 11 बजे तक मृतक सोनू कुमार तथा उसका बहनोई अमर कुमार साह आपस में बातचीत कर रहे थे इसी दरमियान किसी बात को लेकर कहासुनी भी हुई है। लेकिन इसके बाद में आकर सो गया और सुबह इस घटना की जानकारी मिली है। मृतक सोनू कुमार ग्रामीण क्षेत्रों में नाच, तमासा, नाटक तथा विभिन्न कीर्तन भजन सहित सांस्कृतिक कार्यक्रमों में डांसर का काम करता था। मृतक अपने पीछे पत्नी नूतन देवी तथा दो छोटी-छटी बच्ची है।

इस संबंध में थाना अध्यक्ष हरिप्रसाद यादव ने बताया कि शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। परिजनों द्वारा आवेदन दियाा गया है, जिसकी जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# ज्योतिर्लिंग यात्रा स्पेशल ट्रेन 6 नवंबर से चालू करने का निर्णय

» मदरलैण्ड संवाददाता




कटिहार। द्वारका, नागेश्वर, त्रंबकेश्वर, शिरडी, उज्जैन, ओंकारेश्वर, सोमनाथ, शनि सिंगनापुर, स्टेचू ऑफ यूनिटी की होगी दर्शन :श्वामा खुबुंग किशनगंज।इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन के मुख्य सुपरवाईजर श्वामा खुबुंग ने किशनगंज एवं मालदा रेलवे स्टेशन में आयोजित संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि यात्रा का संचालन इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा ज्योतिर्लिंग यात्रा स्पेशल ट्रेन 6 नवंबर से चालू करने का निर्णय लिया गया है। ज्योतिर्लिंग यात्रा स्पेशल ट्रेन भारत दर्शन का कार्यक्रम 11 रात और 12 दिन का होगा। जिसके अंतर्गत 5 ज्योतिर्लिंग तीर्थ स्थान जैसे उज्जैन, ओंकारेश्वर, सोमनाथ, द्वारका, नागेश्वर, त्रंबकेश्वर, शिरडी, शनि सिंगनापुर, स्टेचू ऑफ यूनिटी के दर्शन कराए जाएंगे। मुख्य सुपरवाईजर श्वामा खुबुंग ने कहा कि उपरोक्त यात्रा 6 नवंबर को स्पेशल ट्रेन द्वारा कोलकाता से प्रारंभ होकर दुमका, भागलपुर, जमालपुर में ठहराव होते हुए उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी। इस ज्योतिर्लिंग तीर्थ भारत दर्शन ट्रेन में यात्रा करने के लिए उचित एवं किफायती दर के आधार पर प्रति व्यक्ति एक्सटेंडर श्रेणी 22010 रुपये एवं कंफर्ट श्रेणी के लिए 33020 रुपए प्रति यात्री के लिए 12 दिनों के लिए होगा। मुख्य सुपरवाईजर श्वामा खुबुंग ने कहा कि यात्रियों की सुविधा को देखते हुए दुमका, भागलपुर, जमालपुर को बोर्डिंग प्वाइंट निर्धारित किए गए हैं। इन सभी स्टेशन पर यात्रा की टिकट बुकिंग कराने के लिए सभी यात्रियों हमारे 24 घंटे हेल्पलाइन 85959 04075, 73 एवं 82 पर संपर्क कर सकते हैं। बुकिंग की सुविधा ऑनलाइन जी किया जा सकता है। ऑनलाइन के लिए डब्लू डब्लू डब्लू डॉट आईआरसीटीसी टूरिज्म डॉट कॉम एंड आई आर सी टी सी के फूड प्लाजा पर भी उपलब्ध है। इंडियन रेलवे कैटरिंग एंड टूरिज्म कारपोरेशन लिमिटेड के मुख्य सुपरवाईजर श्वामा खुबुंग ने कहा कि यह ट्रेन 5 वर्ष से नीचे बालक -बालिकाओं के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा। 6 नवंबर को सुबह में कोलकाता से ट्रेन खुलेगी और दोपहर में भागलपुर पहुंचेगी। तत्पश्चात जमालपुर में ठहराव के बाद ट्रेन उज्जैन के लिए प्रस्थान करेगी। उज्जैन 7 नवंबर के सुबह में पहुंचेगी। यह ट्रेन उज्जैन में यात्रियों को होटल में ठहराने के पश्चात ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराया जाएगा, नो नवंबर को महाकालेश्वर का दर्शन कराई जाएगी, 10 नवंबर को नागेश्वर ज्योतिर्लिंग के दर्शन करायी जाएगी। 13 नवंबर को संध्या में ट्रेन नासिक पहुंचेगी। 14 नवंबर कि सुबह में सनी सिगनापुर एवं त्रयंबकेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन कराई जाएगी। तत्पश्चात ट्रेन पुनः वापस होगी। मुख्य सुपरवाईजर श्वामा खुबुंग ने कहा कि इस ट्रेन में यात्रा करने वाले यात्रियों की भोजन ठहरने एवं सुरक्षा का पुख्ता इंतजाम किया गया है। यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा नहीं हो इसके लिए इसका पूरा ध्यान रखा गया है। इस अवसर पर किशनगंज स्टेशन ऑफिसर रितेश कुमार एवं मालदा के स्टेशन अधिकारी लोकरंजन सहित अन्य अधिकारी उपस्थित थे।

संक्षिप्त समाचार

## रेलवे मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन, बैठक में कटिहार के सांसद ने लिया भाग



मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। सोनपुर मंडल की मंडल संसदीय समिति की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में कटिहार के सांसद दुलाल चन्द्र गोस्वामी के अलावा कई सांसदगण ने भाग लिया। बैठक की अध्यक्षता में सारण के सांसद राजीव प्रताप रूडी द्वारा की गयी। सभी सांसदगण द्वारा जनहित से जुड़े मुद्दे एवं रेल के सर्वांगीण विकास हेतु अपने-अपने सुझावों को रखा गया। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनुपम शर्मा, सोनपुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक नीलमणि एवं मुख्य प्रशासनिक अधिकारी, बेला सहित मुख्यालय एवं सोनपुर मंडल के सभी उच्चाधिकारीगण उपस्थित थे। वीरेन्द्र कुमार मुख्य जनसम्पर्क अधिकारी ने बताया की आज की इस बैठक में राज्य सभा के सांसद राकेश सिन्हा, मुजफ्फरपुर के माननीय सांसद अजय निषाद, सांसद महबूब अली कैसर, कटिहार के सांसद दुलाल चंद गोस्वामी, भागलपुर के सांसद अजय कुमार मंडल, वैशाली की सांसद श्रीमती वीणा देवी तथा समस्तीपुर के सांसद प्रिंस राज उपस्थित थे। इनके अलावा गृह राज्य मंत्री भारत सरकार नित्यानंद राय के प्रतिनिधि विधायक अवधेश कुमार सिंह, ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज्य मंत्री, भारत सरकार गिरिराज सिंह के प्रतिनिधि श्री केशव शाण्डिल्य एवं खाद्य प्रसंस्करण उद्योग मंत्री, भारत सरकार पशुपति कुमार पारस के प्रतिनिधि घनश्याम कुमार दाहा एवं अमनौर के विधायक श्री कृष्ण कुमार मंटू उपस्थित थे। सांसदगण एवं उनके प्रतिनिधियों ने रेल विकास व यात्री सुविधाओं में और वृद्धि एवं उसे सुदृढ़ करने के संबंध में बहुमूल्य सुझाव दिये। सांसदगण द्वारा आधारभूत संरचनाओं के विकास से जुड़े कार्यों को प्राथमिकता से पूरा करने पर बल दिया गया। साथ ही बैठक में भविष्य की कार्य योजनाओं पर भी चर्चा हुई। इसके पूर्व बैठक के प्रारंभ में महाप्रबंधक अनुपम शर्मा ने सांसदगण एवं सांसद के प्रतिनिधिगण का स्वागत किया। महाप्रबन्धक ने अपने स्वागत संबोधन में सोनपुर मंडल द्वारा यात्री सुविधा, आधारभूत संरचनाओं के विकास आदि के क्षेत्र में किए गए कार्यों एवं नई परियोजनाओं से माननीय सांसदगण को अवगत कराया। उन्होंने कहा कि सोनपुर मंडल के सभी प्रमुख रेलखंड का दोहरीकरण एवं विद्युतीकरण का कार्य पूर्ण किया जा चुका है। प्रधानमंत्री गतिशक्ति योजना के अन्तर्गत पूर्व मध्य रेलवे का पहला गति शक्ति कारगो टरमिनल बरौनी में शुरू किया गया है महाप्रबन्धक ने सांसदों से प्राप्त बहुमूल्य सुझावों के लिये आभार व्यक्त करते हुए कहा कि यह सुझाव हमें भविष्य में रेल विकास कार्यों की रूप-रेखा तय करने में काफी सहायक सिद्ध होगा।

## नीति आयोग सूचकांक के आधार पर कार्यों में तेजी लाने का दिया निर्देश

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। समेकित बाल विकास परियोजना, आईसीडीएस द्वारा लाभुकों को मिलने वाली योजनाओं का लाभ उचित समय पर मिले, इसके लिए विभाग संकल्पित है। इस दिशा में विभाग द्वारा प्रखंड स्तर पर अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया जा रहा है। इसी बाबत योजनाओं की समीक्षा हेतु आईसीडीएस जिला परियोजना पदाधिकारी राखी कुमारी द्वारा अनुमंडलीय स्तर पर सभी सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षिकाओं के साथ समीक्षा बैठक की गई। बायसी एवं बनमनखी अनुमंडल में आयोजित समीक्षा बैठक में डीपीओ द्वारा सभी अधिकारियों को नीति आयोग सूचकांक के आधार पर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। इसके साथ ही पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना तथा मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के अद्यतन स्थिति की भी जानकारी ली। साथ ही उचित लाभार्थियों तक लाभ उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। बैठक में डीपीओ राखी कुमारी के साथ जिला पोषण अभियान के परियोजना सहायक सुधांशु कुमार सहित सभी सीडीपीओ व महिला पर्यवेक्षिका उपस्थित रहे। आईसीडीएस डीपीओ द्वारा सभी अधिकारियों को नीति आयोग के सूचकांक के आधार पर कार्यों में तेजी लाने का निर्देश दिया। डीपीओ ने कहा कि सभी महिला पर्यवेक्षिका अपने क्षेत्र में सेक्टर के आधार पर बैठक आयोजित करें। इसमें सभी सूचकांक के आधार पर कमजोर आंगनवाड़ी क्षेत्र को चिन्हित कर अविलंब संबंधित सेविकाओं को आवश्यक जानकारी उपलब्ध कराते हुए सूचकांक में सुधार लाना सुनिश्चित किया जाया। डीपीओ ने सभी अधिकारियों को पोषण अभियान, प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना एवं मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना में भी तेजी लाने का निर्देश दिया। वहीं सभी आंगनवाड़ी सेविकाओं द्वारा पोषण अभियान के अंतर्गत सभी लाभार्थी बच्चों का आधार सत्यापन, लाभार्थियों से गृह भेंट की जानकारी, गर्भवती महिलाओं और बच्चों का वजन निगरानी के साथ सामुदायिक गतिविधियों की शत प्रतिशत जानकारी पोषण ट्रैकर पर अपलोड करना सुनिश्चित करें। इसके साथ ही प्रधानमंत्री मातृत्व वंदना योजना और मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के लाभार्थियों का आवेदन लक्ष्य के अनुरूप प्राप्त कर समय पर अपलोड करना सुनिश्चित करेंगे। जिससे कि सभी लाभार्थियों को योजना का लाभ समय पर मिल सके। उन्होंने सभी अधिकारियों को सुचारू रूप से कार्यों में तेजी लाते हुए संबंधित कार्यक्रमों को सफल बनाने का निर्देश दिया है। बनमनखी परियोजना के कुछ महिला पर्यवेक्षिकाओं के कार्यों में शिथिलता देखी गई। वैसे अधिकारियों को चिह्नित कर उनका मानदेय रोकने का निर्देश दिया गया है। कार्यों में प्रगति होने तक उन सभी महिला पर्यवेक्षिकाओं का मानदेय रोकने के लिए बनबनखी सीडीपीओ को आवश्यक निर्देश दिया गया। इसके अलावा आईसीडीएस डीपीओ ने अन्य सभी अधिकारियों को भी सभी आईसीडीएस योजनाओं का क्रियान्वयन समय पर करने का निर्देश दिया गया।

## मद्यनिषेध विभाग में बहाली को लेकर कटिहार में ली जा रही परीक्षा में तीन मुन्ना भाई गिरफ्तार

मदरलैण्ड संवाददाता, कटिहार। कटिहार जिले के विभिन्न परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा केंद्रों पर मद्य निषेध विभाग की तरफ से कई परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा ली जा रही है इसी क्रम में जानकारी के मुताबिक कटिहार जिला मुख्यालय स्थित केबी झा कॉलेज में परीक्षा केंद्र बनाया गया था उक्त परीक्षा केंद्र पर परीक्षा के दौरान 3 परीक्षार्थियों को ब्लूटूथ डिवाइस के साथ शक के आधार पर तलाशी लेने के बाद गिरफ्तार कर लिया गया परीक्षा केंद्र से जानकारी के मुताबिक इन तीनों परीक्षार्थियों को ब्लूटूथ के सहारे परीक्षा में नकल के आरोप में गिरफ्तार किया गया है। बताते चलें कि मद्य निषेध परीक्षा के दौरान तीन परीक्षार्थी पकड़े गए नकल के दौरान, ब्लूटूथ डिवाइस सिम बरामद, नगर क्षेत्र में के बी झा कॉलेज केंद्र से जांच के दौरान हुई कार्रवाई की गई है बहरहाल अब चर्चा होने लगी है कि जब बिहार बोर्ड ऐसे परीक्षा के दौरान परीक्षा केंद्रों पर जैमर की व्यवस्था की जाती है तो इतने बड़े परीक्षा में केबी झा कॉलेज में जेमर की व्यवस्था क्यों नहीं की गई थी जो सिस्टम पर सवाल खड़े करती है जो सिस्टम पर सवाल खड़े करती। मोहम्मद रवान खान पिता हारून वार्ड नंबर 1 कुरसेला अखिलेश कुमार मंडल पिता विष्णुदेव मंडल कटोरिया कुरसेला गोला थाना टीकापट्टी को गिरफ्तार किया गया है।

# ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम हुआ सम्पन्न

» मदरलैण्ड संवाददाता







बेतिया। पश्चिम चम्पारण बेतिया लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान-द्वितीय चरण अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन हेतु उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन बेतिया समाहरणालय सभागार में सम्पन्न हुआ। उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण कार्यक्रम का विधिवत शुभारंभ उप विकास आयुक्त, अनिल कुमार एवं अपर समाहर्ता, राजीव कुमार सिंह सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर सभी प्रखंड विकासपदाधिकारी, पंचायतस्तरीय जनप्रतिनिधिगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे।

इस अवसर पर उप विकास आयुक्त अनिल कुमार ने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान सेकेन्ड फेज अंतर्गत ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन अत्यंत ही महत्वपूर्ण कार्य है। इसके लिए, पंचायत के सभी माननीय जनप्रतिनिधि गणों के उन्मुखीकरण-सह-प्रशिक्षण हेतु कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। सभी जनप्रतिनिधि गण एवं एवं अधिकारी गण अच्छे तरीके से प्रशिक्षण को प्राप्त करें ताकि ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन को सफलतापूर्वक पंचायतों में कार्यान्वित कराया जा सके।

उन्होंने कहा कि लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के प्रथम चरण में सभी को शौचालय की सुलभता उपलब्ध कराते हुए ग्राम पंचायतों को खुले में शौच मुक्त किया गया। अब लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान फेज दो के अंतर्गत सभी गांव को स्वच्छ एवं समृद्ध गांव बनाना है। लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत फेज दो में जिले के 85 पंचायतों का चयन किया गया है।

उन्होंने कहा कि सरकार द्वारा इस उद्देश्य की प्राप्ति हेतु व्यापक योजना तैयार की गई है। योजना क्रियान्वयन के लिए ग्राम पंचायत को अहम जिम्मेदारियां दी गई है। और भली-भांति उसको निभाना है। स्वच्छ गांव समृद्ध गांव बनाने के लिए सरकार का बड़ा प्लान है। योजना का क्रियान्वयन वार्ड प्रबंधन समिति के स्तर से किया जाना है। अभियान के तहत गांव को ठोस व तरल कचरा से मुक्त कराना है।

उन्होंने कहा कि घर में निर्मित शौचालय का उपयोग करें, घरेलू कचरे का वर्गीकरण कर व्यक्तिगत स्तर से निपटारा करें। गीले, सूखे कचरे को वर्मी कंपोस्टिंग विधियों द्वारा जैविक खाद बनाएं। सार्वजनिक स्थानों, गलियों सड़कों एवं नालियों की नियमित साफ-सफाई करें। स्वच्छता का मूल मंत्र है घर से लेकर आसपास के स्थानों को साफ सफाई रखना। जिससे होने वाली कई तरह की बीमारियों से बचा जा सकता है।

जिला समन्वयक विश्वजीत भारती द्वारा फेज-1 एवं फेज-2 में अभियान अंतर्गत किए गए कार्यों एवं ठोस एवं तरल अपशिष्ट प्रबंधन के क्रियान्वयन हेतु कैलेंडर एवं कार्य योजना के विषय में जानकारी दी गई। वहीं जिला सलाहकार शशि रंजन द्वारा अभियान के क्रियान्वयन हेतु जिला, प्रखंड, पंचायत, एवं वार्ड स्तर पर कार्य करने वाले समितियों एवं उनके कार्य दायित्वों के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के समापन के पश्चात विश्व हाथ धुलाई दिवस के तहत हाथ धुलाई महोत्सव मनाया गया। जिसमें उपविकास आयुक्त, अपर समाहर्ता, निदेशक डी० आर० डी० ए० एवं जिला पंचायतीराज पदाधिकारी के साथ अन्य अधिकारी कर्मियों ने भाग लिया।

## 20 एवं 21 अक्टूबर को डीआरसीसी में होगा जॉब कैम्प का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। पश्चिम चंपारण जिला अंतर्गत श्रम संसाधन विभाग अंतर्गत जिला नियोजनालय, पश्चिम चम्पारण द्वारा जिला निबंधन एवं परामर्श केन्द्र डीआरसीसी के प्रांगण में दिनांक-20 एवं 21 अक्टूबर को जॉब कैम्प का आयोजन किया गया है। उक्त तिथि को इच्छुक युवा जॉब कैम्प में पूर्वाह्न 11.00 बजे से अपराह्न 04.00 बजे तक नियोजक से जॉब कैम्प के विषय में जानकारी प्राप्त कर अपना आवेदन एवं बायोडाटा जमा कर सकते हैं।

जिला नियोजन पदाधिकारी, अंकित राज ने बताया कि जॉब कैम्प में डेस्टस प्रा० लि० फॉर नापिनो ऑटो एंड इलेक्ट्रॉनिक्स लि० एवं डेस्टस प्रा० लि० फॉर मिण्डा इन्डस्ट्रीज लि० कंपनियां भाग ले रही है। ये कंपनियां जॉब कैम्प के माध्यम से 280 एनएपीएस फ्लेक्सी आईटीआई तथा ट्रेनी पदों के लिए अभ्यर्थियों का चयन करेगी। अभ्यर्थियों को भिवाड़ी राजस्थान तथा सोनीपत हरियाणा में कार्य करना होगा।

उन्होंने जिले के इच्छुक अभ्यर्थियों से अपील की है कि उक्त जॉब कैम्प से लाभ प्राप्त करें। साथ ही उक्त तिथि को ससमय उपस्थित होकर नियोजकों से जॉब के विषय में जानकारी प्राप्त करें तथा अपना बायोडाटा और आवेदन समर्पित करें।

● 280 रिक्त पदों के लिए युवाओं को नौकरी देगी लिमिटेड कंपनियां




## यूनिसेफ एवं एक्शनएड के संयुक्त तत्वावधान मे उड़ान परियोजना के तहत कार्यशाला का आयोजन

» मदरलैण्ड संवाददाता

● समन्वयक शाहदा बारी ने बाल अधिकारियों व संरक्षण की दी जानकारी


unicef for every child यूनिसेफ संयुक्त राष्ट्र बाल कोष

कटिहार। यूनिसेफ एवं एक्शनाइड के संयुक्त तत्वाधान मे चलाए जा रहे बाल संरक्षण को लेकर उड़ान परियोजना के तहत बोलिया पंचायत भवन मे मुखिया मुहम्मद जर्जिश आलम की अध्यक्षता में। बैठक हुई। इसमे पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति का गठन किया गया। जिला समन्वयक शाहदा बारी ने बाल संरक्षण समिति की संरचना, कार्य एवं दायित्व को बताते हुए बाल विवाह, बाल श्रम, बाल व्यापार के रोकथाम पर विस्तार से चर्चा की उन्होंने शिक्षा के अधिकार के तहत 6-14 वर्ष के सभी बच्चों को अनिवार्य मुफ्त शिक्षा की जानकारी दी। बच्चों को विद्यालय से जोड़ने की बात कही, जो भी बच्चे विद्यालय से बाहर है उनके बाल विवाह व बाल श्रम में जाने का खतरा है, इसके रोकथाम के लिए, सरकार द्वारा बनाए गए कानून, विभिन्न सरकारी योजनाओ, जैसे मुख्यमंत्री कन्या उत्थान योजना के तहत प्रत्येक लड़कियों को बिहार सरकार से मिलने वाली राशि पर विस्तार से जानकारी दिया।

बैठक में मुखिया अध्यक्ष जर्जिस आलम ने उपस्थित सभी सदस्यों से बोलिया पंचायत को बाल विवाह, बाल मजदूरी, बाल तस्करी मुक्त पंचायत बनाने की अपील उपस्थित सदस्यों से की, तथा बच्चों से जुड़े सभी प्रकार की गतिविधियों में सहयोग करने की बात कही एक्शन एड की ओर से मुखिया को बाल संरक्षण समिति का रजिस्टर उपलब्ध कराया गया। मौके पर मो अनवर आलम उपमुखिया, तस्लीम आरीफ सरपंच, सभी वार्ड सदस्य गण, रूबिदा खातून, जीविका, रिम्पल सेविका, इफ्तेखार अहमद शिक्षक, किशोर किशोरी एवं समुदाय के लोग उपस्थित रहे।

## बिजली विभाग के जेई ने उपभोक्ता पर बंधक बनाकर मारपीट का आवेदन दिया

» मदरलैण्ड संवाददाता



● गृहिणी ने अश्लील हरकत अभद्र भाषा तथा चोरी का आरोप लगाकर थाने में दिया आवेदन

बेतिया। बगहा पुलिस जिला के लौकरीया थाना अंतर्गत नयागांव रामपुर पंचायत के धिरौली में शनिवार की दोपहर बाद विद्युत विभाग के जेई व कर्मियों के साथ एक उपभोक्ता के उलझने का मामला प्रकाश में आया है। जिसमें बिजली विभाग के तरफ से तथा उपभोक्ता के तरफ से एक-दुसरे पर विभिन्न आरोपों के साथ अलग-अलग आवेदन स्थानीय लौकरीया थाना में दिया गया है।

विद्युत विभाग के कनीय अभियंता डब्ल्यू महतो ने लौकरीया थाना में आवेदन देकर कहा है कि उपभोक्ता के द्वारा बिजली की शिकायत पर मैं अपनी टीम के साथ उपभोक्ता रंजन दुबे के घर पहुंचा तथा जांच करने का कोशिश किया तो उन लोगों के द्वारा हम लोगों के साथ मारपीट व बंधक बनाकर मेरे जेब में रखे रू5200 निकाल लिया गया।

वहीं उपभोक्ता रंजन दुबे की मां विद्यावती देवी अपने आवेदन में लिखा है कि कनीय विद्युत अभियंता डब्लु महतो अपने अधीनस्थ विद्युत कर्मियों के साथ मेरे घर पहुंचे तथा गृहस्वामी के बारे में पूछें। मेरे द्वारा बताया गया कि अभी घर पर नहीं है तब उन्होंने गाली देते हुए कहा कि तुम लोग अधिक बिजली का इस्तेमाल करते हो तथा बिल आने के बाद आवेदन देते हो। इस दौरान उन्होंने आवेदिका से अश्लील शब्दों में कहा कि तुम मेरी बात मान जाओ तो तुम्हारा बिजली बिल माफ कर दिया जाएगा जिसका आवेदिका के द्वारा विरोध किया गया तो कनीय अभियंता ने धक्का देकर नीचे गिरा दिया। जिससे आवेदिका के सीने में चोट लग गई। विद्यावती देवी के लिए आवेदन के अनुसार इस बीच किसी विद्युत कर्मी के द्वारा उनके गले का मंगलसूत्र जिसकी कीमत करीब रू25000 थे उसको निकाल लिया। इस बीच किसी अन्य विद्युत कर्मी के द्वारा उनके घर में रखें एक पेटी को भी उठा लिया गया जिसमें कुछ जरूरी दस्तावेज व कागजातों के साथ रू55000 नगदी रखा गया था। आवेदिका के अनुसार इतना सब होने के बाद आसपास के लोग इकट्ठा हो गए तथा शोरगुल सुनकर पीछे खेत में कार्य कर रहे उनके पति पत्रकार उमेश दुबे पहुंचे मौके पर पहुंचे। आवेदिका ने थाना में न्याय की गुहार लगाते हुए कहा है कि कौन यह विद्युत अभियंता के इस कुकृत्य से मुझे आर्थिक शारीरिक व मानसिक क्षति हुई है। उचित जांच कर मुझे न्याय मिले।

प्राप्त सूचना के अनुसार पिपरा धिरौली निवासी सह विद्युत विभाग के उपभोक्ता रंजन दुबे की बिजली बिल अगस्त के महीने में करीब रू5500 आया हुआ था जिससे उपभोक्ता परेशान हो गया तथा उसके पिता पत्रकार उमेश दुबे ने एक आवेदन लेकर बगहा के पनसेरवा बर स्थित विद्युत विभाग के कार्यालय में 12 सितंबर को पहुंचे। जहां उन्होंने आवेदन को देते हुए कहा कि मेरे द्वारा प्रत्येक महीने बिजली बिल की राशि जमा कर दी जा रही है तो इतना अधिक बिल आने का क्या कारण है। जिस पर विभाग के द्वारा जांच करने की बात कही गई थी। शनिवार के दिन विद्युत विभाग के द्वारा पटखौली थाना अंतर्गत पटेहरा में राजस्व संग्रह तथा विपत्र सुधार के लिए शिविर का आयोजन किया गया था। जिसके पश्चात कनीय विद्युत अभियंता डब्लू महतो अपने अधीनस्थ विद्युत कर्मियों के साथ आवेदक के घर जांच करने पहुंचे हुए थे। जहां पर आवेदक उमेश दुबे खेत में का कार्य कर रहे थे। उनके बड़े पुत्र सह उपभोक्ता रंजन दुबे अपनी पत्नी के दादाजी का अंतिम संस्कार के लिए वाल्मीकि नगर गए थे तथा दुसरे पुत्र पिछले कई दिनों से नेपाल गया हुआ है। जिस कारण घर में कोई पुरुष सदस्य ससमय उपस्थित नहीं था और इस तरह की घटना हुई।

मामले में लौकरिया थाना अध्यक्ष अभय कुमार ने बताया कि बिजली के जेइ द्वारा दिए गए आवेदन के आलोक में मामला दर्ज कर लिया गया है। वहीं विद्यावती देवी के आवेदन के संबंध में पूछे जाने पर उन्होंने बताया कि जांच के उपरांत उनका मामला दर्ज किया जाएगा।

# डरौल अल अंसार अखाड़ा कमेटी ने आयोजित किया लाठी, भल्ला, खेल प्रतियोगिता

» मदरलैण्ड संवाददाता





बेतिया। गौनाहा प्रखण्ड अंतर्गत रविवार को मटियरीया थाना क्षेत्र के डरौल पंचायत अंतर्गत अल अंसार अखाड़ा कमेटी डरौल के तत्वधान में व्यवस्थापक मोहम्मद यहीया पूर्व बीडीसी के द्वारा प्रत्येक वर्ष की भांति ईस बार भी दो दिवसीय लाठी, भल्ला, तलवार, फरसा, बन्ना, बनईठी इत्यादि परंपरागत खेल प्रतियोगिता के साथ ही मेला के लिए टावर झूला इत्यादि खेल तमासे का आयोजन कराई गई। इस अवसर पर हाजी अली अंसारी, वर्तमान पैक्स अध्यक्ष हाजी मंसूर अंसारी, सेवानिवृत्त शिक्षक, मुजम्मिल हुसैन, पूर्व मुखिया प्रतिनिधि रुस्तम अंसारी, पूर्व बीडीसी मोहम्मद यहीया, वार्ड सदस्य प्रतिनिधि हैदर अली, वार्ड सदस्य शम्स तबरेज, मुस्ताक अंसारी शिक्षक अब्दुल वहीद अंसारी द्वारा संयुक्त रूप से फीता काटकर खेल का उद्घाटन किया गया। ईस खेल प्रतियोगिता में भाग लेन वाले खिलाड़ी मे अल अंसार अखाड़ा कमेटी डरौल, कोलहा चौतरवा, मेघवल मठिया, सोहसा छौघरिया, बिशुनपुरवा, तथा हौदा डुमरा टीम सहित सात दल के खिलाड़ियों ने भाग लिया। जिसमें बारी-बारी से सभी टीम के खिलाड़ियों ने अपना खेल कला का प्रदर्शन प्रस्तुत करते हुए, अपना हुनर दिखाया। खिलाड़ियों द्वारा खेल की कुशल प्रस्तुति पर अल अंसार अखाड़ा कमेटी द्वारा नगद पुरस्कार के साथ अंग वस्त्र मैडल देकर खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया गया। खेल कमेटी द्वारा बारी-बारी सभी खिलाड़ियों को निर्धारित समय में अपनी कला का प्रदर्शन करने का समय दिया गया। जिसके अनुकूल सभी खिलाड़ियों ने अपनी बेहतरीन खेल कला का प्रस्तुति दर्शकों को दिखाते हुए, अपना खेल कला दिखाया। कमेटी के द्वारा खेल प्रतियोगिता प्रथम श्रेणी में बेहतर खेल प्रस्तुत करने वाले खिलाड़ियों को शील्ड मेडल एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया गया। वहीं द्वितीय नंबर पर रहे खिलाड़ियों की प्रस्तुति को लेकर जूनियर शील्ड नगद पुरस्कार एवं मैडल देकर कमेटी द्वारा सम्मानित किया गया। इस अवसर पर खेल संचालन निर्देशक के रूप में हाजी कासिम अंसारी, मोकद्दीर अंसारी सहयोगी सुलेमान अंसारी, शाहनवाज हुसैन, समसुद्दीन अंसारी, आमिर अंसारी, जुनेद अंसारी उस्ताद सत्तार शाह, खलीफा मेराज अंसारी खेल का कमेटी कर रहे हैदर अली आदि हजारों दर्शक उपस्थित रहे। और शांति पूर्ण सम्पन्न हुआ।

## सनातन संत सेवा मंडल के तत्वाधान में एक दिवसीय महासम्मेलन का हुआ आयोजन




» मदरलैण्ड संवाददाता

बेतिया। साठी राम जानकी मंदिर बैतापुर के प्रांगण में सनातन संत सेवा मंडल के तत्वधान में एक दिवसीय महासम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें श्री 108 श्री परमानंद परमार बाबा की अध्यक्षता में संत समाज एवं ग्रामीण जनता के सहयोग से रविवार को आयोजन संपन्न किया गया। संत मंडल के मंडलेश्वर श्री 108 श्री चंद्र भूषण दास जी महाराज अध्यक्ष श्री नारायण दास जी महाराज एवं उपाध्यक्ष जोगी भोलेनाथ, योग गुरु जोगा दास शामिल रहे। इस कार्यक्रम के व्यवस्थापक एवं मंच संचालक महंत लाल बाबा, भगवान दास बाबा, परमानंद परमार्थी बाबा को बैतापुर पुर राम जानकी मंदिर के महंत के रूप में फूल माला से स्वागत करते हुए पगड़ी बांधकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर ग्रामीण एवं संत समाज फलाहारी बाबा, भागवत दास बाबा, भेड़िहर वा मुखिया सनी दुबे सरपंच गजब, हजारी शर्मा बजरंग दल और विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी एवं सदस्यगण अशोक दास बाबा, कन्हैया दास, ललन दास, टेंगर बाबा, मुन्ना राय, टुनटुन साही, धर्मेंद्र यादव, रामचंद्र ठाकुर एवं ग्रामीण गण एवं संत समाज के द्वारा कार्यक्रम को सफलता पूर्वक संपन्न कराया गया।

# सैमसंग के पूरी तरह नए बीस्पोक रेफ्रिजरेटर से सजाइए अपना किचेन

चंडीगढ़ : भारत के सबसेबड़े कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स ब्रांड सैमसंग ने आपके किचेन को एक डिजाइनर कॉर्नरमें बदलने के लिए आज दस बेहद शानदार और कस्टमाइज करनेयोग्य रंगों का मेल किए जा सकने वाले पूरी तरह नए बीस्पोकरेफ्रिजरेटर को लॉन्च करने की घोषणा की। यह बीस्कोप रेफ्रिजरेटर नए दौर केउपभोक्ताओं के विशेष सौंदर्यपूर्ण रुचि को ध्यानमें रखकर डिजाइन किया गया है जो अपने घरों समेत, हर उस बात में अपना सुरुचिपूर्णस्टाइल दशार्ना चाहते हैं, जो उनसे जुड़ी हो। अपनी डिजाइन फिलॉसॉफी झ्र आपके द्वारा, आपके लिए डिजाइनकिया गया झ्र पर पूरी तरह खरा उतरते हुए 936-लीटर क्षमता का सैमसंग का नवीनतमबीस्पोक 4-डोर फ्लेक्स फ्रेंच डोर रेफ्रिजरेटर चार ग्लास पैनलों के साथ आ रहा है,जिन्हें आपस में बदला जा सकता है। चार सौम्य रंगों झ्र ग्लैमह्वाइट, ग्लैम नेवी, ग्लैम पिंक और चारकोल ब्लैक में उपलब्ध बीस्पोकउपभोक्ताओं को अपनी पसंद का रंग समायोजन करने की सुविधा देता है। उपभोक्ता सैमसंग.कॉम पर बीस्पोक सिम्युलेटर काइस्तेमाल कर रंगों का अलग-अलग मेल भी आजमासकते हैं। यहां वे अपने किचेन का टाइप, दीवार, कैबिनेट, फर्श इत्यादि के रंग चुनसकते हैं और इस तरह के इंटीरियर के साथ कौन सा बीस्पोक रेफ्रिजरेटर सबसे ज्यादाखूबसूरत दिखेगा, इसके बारे में सिफारिशें हासिल कर सकते हैं। डिजाइन इनोवेशन केअलावा बीस्पोक रेफ्रिजरेटर कई अत्याधुनिक फीचर भी पेश करता है। आधुनिक प्रदर्शन और महत्वाकांक्षी डिजाइन के परफेक्ट मेल केसाथ नवीनतम बीस्पोक रेफ्रिजरेटर सैमसंग एक्सक्लुसिव स्टोर के अलावा सभी अग्रणीकंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स स्टोर पर 20 सितंबर 2022 से उपलब्ध होगा। सैमसंग इंडिया के कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स बिजनेस मेंसीनियर वाइस प्रेसिडेंट मोहनदीप सिंह ने कहा, ह्लहमाराबीस्पोक रेफ्रिजरेटर हमारे आधुनिक उपभोक्ताओं के घरों में कस्टमाइजेशन को एक नयेदौर में ले जाने के लिए तैयार किया गया है।फैशनेबल, पारंपरिक, स्कैंडिनेवियाई, बोहेमियाई याविस्तृत झ्र किसी भी तरह के इंटीरियर डिजाइन पर आधारित किचेन के लिए उपभोक्तारेफ्रिजरेटर को अपने स्टाइल के मुताबित ढाल सकते हैं। इतना ही नहीं, ड्युअलफ्लेक्स जोन जैसे फीचर्स के साथ उपभोक्ता अपनी जरूरत के मुताबिक स्टोरेज विकल्पोंको भी कस्टमाइज कर सकते हैं। हमें पूरा भरोसा है कि बीस्पोक रेफ्रिजरेटर उपभोक्ताओं की व्यक्तिगत पसंद का पूरा ध्यान रखते हुए एक नया डिजाइन मानक स्थापितकरेगा।




# अमेजन इंडिया ने चंडीगढ़ में अपने ग्राहकों के लिए शुरू किया मेटावर्ल्ड एक्सपीरियंस सेंटर

चंडीगढ़ः अमेजन इंडिया ने आज भारत के सबसे बड़े ऑनलाइन त्योहार झ्र द अमेजन ग्रेट इंडियन फेस्टिवल के एक हिस्से के रूप में चंडीगढ़ में अपने ग्राहकों के लिए ह्यद अमेजन मेटावर्ल्डह्व एक्सपीरिएंस सेंटर की शुरूआत करने की घोषणा की है। ऑनलाइन फेस्टिवल 23 सितंबरसे शुरू हो चुका है और यह स्मार्टफोंस, एप्लाएंसेस, टीवी, कंज्यूमर इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन एंड ब्यूटी, होम एंड किचन, ग्रॉसरी आदि जैसी सभी श्रेणियों में प्रमुख ब्रांड्स के उत्पादों के विस्तृत चयन पर कई आकर्षक डील्स लेकर आता है। सभी डील्स को देखने के लिए यहां क्लिक करें ।निशांत सरदाना, डायरेक्टर, अमेजन इंडिया झ्र मोबाइल फोंस एंड टेलीविजन ने कहा, ह्लचंडीगढ़ में मेटावर्ल्ड कस्टमर आउटरीच को संपन्न करते हुए हमें खुशी है। चंडीगढ़ मार्केट अमेजन इंडिया के लिए एक महत्वपूर्ण मार्केट है, और हमें इस बाजार से निरंतर बहुत अच्छा रुझान मिल रहा है। इस क्षेत्र के ग्राहक स्मार्टफोंस, पर्सनल ऑडियो, स्पीकर्स, कैमरा एक्सेसरीज और टीवी सहित टेक्नोलॉजी प्रोडक्ट्स की खरीदारी कर रहे हैं। हम अपने महीने भर चलने वाले ग्रेट इंडियन फेस्टिवल में इस गति को बनाए रखेंगे और विक्रेताओं, ब्रांड्स और ग्राहकों को जश्न मनाने में मदद करेंगे क्योंकि हम उत्सव की अवधि के केंद्र में हैं।अमेजन मेटावर्ल्ड ग्राहकों को अमेजन यूनिवर्स में लेकर जाएगा, जो एक वर्चुअल डेस्टिनेशन है जो आपको रोमांचक उपहार जीतने के लिए साथी खिलाड़ियों के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी पसंदीदा अमेजन श्रेणियों का अनुभव प्रदान करेगा। अमेजन मेटावर्ल्ड में लोकल स्टोर्स, स्मार्टफोंस, गैजेट्स और इलेक्ट्रॉनिक्स, फैशन और मेकअप, ग्रॉसरी आदि के साथ 9 रोमांचक क्षेत्र शामिल हैं।




## संक्षिप्त समाचार

### कीवे कंपनी की बाइक एस आर 125 पेश

नई दिल्ली, एजेंसी। जानीमानी बाइक निमार्ता कीवे कंपनी ने आखिर अपनी एंट्री लेवल बाइक की दस्तक दे ही दी ।अब कंपनी ने अपनी बाइक एस आर 125 पेश की है। इस मोटरसाइकिल की एक्स शोरूम कीमत का भी कंपनी ने खुलासा कर दिया है और ये ग्राहकों को 1.19 लाख रुपयेमें उपलब्ध होगी। लॉन्चिंग के साथ ही मोटरसाइकिल की बुकिंग भी शुरू की गई है और इसे केवल 1 हजार रुपये से बुक किया जा सकता है। एसआर 125 कीवे कंपनी की एंट्री लेवल मोटरसाइकिल है और इसकी कीमत सबसे कम है। कंपनी के एमडी विकास झाबख ने बताया कि मार्केट की डिमांड और लोगों की पसंद को ध्यान में रखते हुए बाइक को क्लासिक ओल्ड स्कूल डिजाइन दिया गया है। लोगों को इस मोटरसाइकिल पर जबर्दस्त राइडिंग एक्सपीरियंस मिलेगा ।मोटरसाइकिल में रेट्रो स्टाइल बड़ी गोल एलईडी हेडलाइट दी गई है। साथ ही सिंगल राउंड इंस्ट्रूमेंट पॉड और हाई माउंटेड हैंडल बार हैं। इसमें ट्रेडिशनल सिंगल सीट दी गई है। साथ ही पीछे सिंगल रेप्ड अराउंड ग्रेब रेल इसे पूरी तरह से ओल्ड स्कूल बनाते हैं ।इसमें तीन कलर ऑप्शन ग्लॉसी वाइट, ग्लॉसी ब्लैक और ग्लॉसी रेड होंगे। उल्लेखनीय है कि कीवे की ये पिछले 5 महीने में 7वीं मोटरसाइकिल है जो लॉन्च की गई है।

### ओला की फिर बढ़ी मुश्किलें, 6 दिन पहले खरीदा ई स्कूटर दो टुकड़े हुआ

नई दिल्ली , एजेंसी। ओला इलेक्ट्रिक की मुश्किलें खत्म नहीं होती दिख रही हैं। पहले ओला के ई स्कूटर में आग की दिक्कतें सामने आईं और अब एक व्यकित का 6 दिन पहले खरीदा स्कूटर दो टुकड़ों में टूट गया। संजीव जैन नामक इस व्यक्ति ने इस बात की जानकारी एक फेसबुक पोस्ट के हवाले से दी। संजीव जैन ने बताया कि ये स्कूटर उन्होंने 6 दिन पहले ही खरीदा है और अब इसका सस्पेंशन टूट गया है। सस्पेंशन टूटने के चलते स्कूटर का आगे का पहिया निकल कर अलग हो गया है। ओला एस 1 प्रो का टूटे पहिए का फोटो अब सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। संजीव जैन ने इस फोटो को एस 1 प्रो इलेक्ट्रिक स्कूटर नाम के फेसबुक पेज पर पोस्ट किया जिसके बाद लोगों ने इसे तेजी से शेयर करना शुरू किया है। संजीव ने बताया कि वे अपने नए स्कूटर को कॉलोनी में ही चला रहे थे तभी अचानक झटके के साथ सस्पेंशन टूट गया और स्कूटर का आगे का पहिया अलग हो गया। उल्लेखनीय है कि ओला एस 1 प्रो की ऑन रोड कीमत करीब 1.39 लाख रुपये है। गौरतलब है कि ओला स्कूटरर्स में ये पहली बार नहीं है कि कोई शिकायत आई हो। इससे पहले भी ओला के स्कूटर में आग लगने की घटनाएं सामने आई थीं, जब चार्जिंग के दौरान इस स्कूटर ने अचानक आग पकड़ ली थी। ओला ने सितंबर में रिकॉर्ड बिक्री की थी और इलेक्ट्रिक स्कूटर सबसे ज्यादा बेचे थे। इस बात की जानकारी ओला इलेक्ट्रिक के सीईओ भाविश अग्रवाल ने खुद दी थी।

### डीजल और विमान ईंधन के निर्यात पर अप्रत्याशित लाभ कर बढ़ा

नई दिल्ली, एजेंसी। सरकार ने डीजल और विमान ईंधन (एटीएफ) के निर्यात पर लगने वाले अप्रत्याशित लाभ कर (विंडफॉल टैक्स) में बढ़ोतरी करने की घोषणा की है। इसके अलावा घरेलू स्तर पर उत्पादित कच्चे तेल पर भी शुल्क को बढ़ा दिया गया। वित्त मंत्रालय ने एक अधिसूचना में इस वृद्धि की जानकारी दी। अब डीजल के निर्यात पर लगने वाला अप्रत्याशित लाभ कर 10.50 रुपए प्रति लीटर हो गया है। इसमें 1.50 रुपए का सड़क एवं इंफ्रास्ट्रक्चर सेस भी लगेगा। यानी डीजल के निर्यात पर कुल टैक्स अब 12 रुपए प्रति लीटर हो गया है जबकि एटीएफ पर अब यह टैक्स 3.50 रुपए प्रति लीटर लगेगा। वहीं घरेलू स्तर पर निकाले गए कच्चे तेल पर शुल्क को 3,000 रुपए तक बढ़ाकर 11,000 रुपए प्रति टन करने की घोषणा की गई। नई दरें रविवार लागू हो गई हैं। इससे पहले लगातार दो समीक्षा बैठकों में विंडफॉल टैक्स में कटौती की गई थी. 2 अक्टूबर को केंद्र ने डोमेस्टिक क्रूड ऑयल पर विंडफॉल टैक्स को घटाकर 10,500 रुपए प्रति टन से घटाकर 8,000 रुपए प्रति टन कर दिया था। फ्यूल जेट के निर्यात पर यह टैक्स खत्म और डीजल के निर्यात पर इसे आधार कर दिया गया था। हालांकि, वैश्विक स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में हाल में हुई बढ़ोतरी को देखते हुए इस बार कच्चे तेल, डीजल और एटीएफ पर शुल्क बढ़ाने का फैसला किया गया।

### भारत से मिले कर्ज से श्रीलंका लगाएगा सौर पैनल

कोलंबो, एजेंसी। बिजली के बढ़ती कीमतों को लेकर व्यापक विरोध प्रदर्शनों का सामना कर रही श्रीलंका की सरकार ने कहा कि भारत से मिली 10 करोड़ डॉलर की ऋण-सुविधा का इस्तेमाल वह सरकारी इमारतों और धार्मिक संस्थानों में छतों पर सोलर पैनल लगाने पर करेगी। श्रीलंका ने नौ साल के अंतराल के बाद अगस्त में बिजली की दरों में वृद्धि की थी। उस समय बिजली के दाम औसतन 75 फीसदी बढ़ाए गए थे। उसके इस निर्णय का बड़े स्तर पर विरोध हो रहा है। श्रीलंका के ऊर्जा मंत्री कंचन विजयशेखर ने कहा कि भारत ने छतों पर सोलर पैनल लगाने के लिए 10 करोड़ डॉलर का जो कर्ज दिया है उसका उपयोग करते हुए स्कूलों, विश्वविद्यालयों, शैक्षणिक संस्थानों, अस्पतालों, सरकारी इमारतों और धार्मिक संस्थानों में सौर पैनल लगाए जाएंगे।

# टियागो का इलेक्ट्रिक वर्जन उपलब्ध है 9 लाख रुपये में

नई दिल्ली , एजेंसी। स्वदेशी कंपनी टाटा ने हाल ही में अपने हैचबैक सेगमेंट की गाड़ी टियागो का इलेक्ट्रिक वर्जन 9 लाख रुपये से भी कम कीमत पर लॉन्च किया। लोगों ने इसकी तेजी से बुकिंग भी करवाई। लेकिन फिर भी 8.49 लाख रुपये हर किसी के लिए अफोर्डेबल नहीं हैं ।ऐसे में अब बजट ईवी कार लेने का सपना देखने वाले लोगों के लिए मॉरिस गैराज खास लॉन्च की तैयारी में है। बताया जा रहा है कि मॉरिस अपनी कम बजट की ईवी बना रही है और ये गाड़ी 2023 के शुरूआती महीनों में ही लॉन्च की जाएगी। इस कार की कीमत के बारे में तो फिलहाल कंपनी ने कोई खुलासा नहीं किया है लेकिन कहा जा रहा है कि इसकी कीमत 8 लाख रुपये के आसपास रहने की उम्मीद है ।एमजी की इस खास कार का नाम भी कुछ हट कर ही होगा। सूत्रों के अनुसार इस कार का नाम एमजी सिटे ईवी हो सकता है। वहीं इस कार को कंपनी अपने फ्लैगशिप मॉडल वुलिंग एयर ईवी के प्लेटफॉर्म पर तैयार कर रही है। वुलिंग एयर काफी पहले इंडोनेशिया में लॉन्च की जा चुकी है। बताया जा रहा है कि एमजी की ये कार टू डोर कूप होगी और इसका डिजाइन कुछ कुछ बॉक्सी होगा।2023 कार लॉन्च को लेकर खास रहने वाला है। साल की शुरूआत में ही दो बड़ी कंपनियां अपनी ई कार को लॉन्च कर सकती हैं। इनमें एमजी के साथ ही होंडा का भी नाम है। होंडा भी साल 2023 की शुरूआत में अपने सबसे पॉपुलर मॉडल सिटी का इलेक्ट्रिक वर्जन लॉन्च कर सकती है। वहीं अपनी कार के बारे में जानकारी देते हुए एमजी के इंडिया प्रेसिडेंट राजीव चाबा ने बताया कि हम सबसे सस्ती कार देने से ज्यादा कम कीमत में बेस्ट और लेटेस्ट तकनीक देने में बिलीव करते हैं। हम लोगों के लिए एक खास ईवी तैयार करने पर काम कर रहे हैं।

# सन 2028 तक दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी आर्थिक ताकत बन जाएगा भारत : आईएमएफ

नई दिल्ली, एजेंसी। भारत सन 28 तक जर्मनी और जापान को पछाड़कर दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन सकता है। अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के वर्ल्ड इकोनॉमिक डाटाबेस के हवाले से यह बात कही गई है। यूएस और चीन शीर्ष 2 अर्थव्यवस्थाएं बनी रहेंगी। हाल ही में यूके को हटाकर भारत दुनिया की 5वीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बना है।

विशेषज्ञों का कहना है कि भारत उन सभी उभरती अर्थव्यवस्थाओं का अग्रणी रहने वाला है, जिनकी अगले एक दशक में कुल वैश्विक जीडीपी में आधी हिस्सेदारी होगी। रिपोर्ट के मुताबिक, महामारी और युद्ध के कारण उपजी महंगाई ने अधिकांश विकसित अर्थव्यवस्थाओं को पीछे धकेल दिया है और इनमें ग्रोथ की संभावना काफी कम है।




ऐसा नहीं है कि वैश्विक परिस्थितियों ने भारत को प्रभावित नहीं किया है। कई राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय रेटिंग एजेंसी व वित्तीय संस्थानों ने भारत की ग्रोथ रेट को पहले से घटा दिया है। इसमें आईएमएफ की हालिया प्रोजेक्शन भी शामिल है। इसके बावजूद भारत इस साल और अगले साल सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा। आईएमएफ के अनुसार, भारत 2022 में 6।8 और 2023 में 6.1 फीसदी की दर से वृद्धि करेगा। भारत की वृद्धि को भी धक्का लगा है लेकिन इसकी गति फिर भी ठीक बनी रहने की उम्मीद है। अन्य कई करेंसी के मुकाबले रुपये में हुई गिरावट काफी कम है। रिपोर्ट में कहा गया है कि भारत में महंगाई अभी आसमान नहीं छू रही है। चालू खाता घाटा अधिक है लेकिन आने वाले कुछ समय में इसमें भी कमी आने की उम्मीद है। देश की वित्तीय स्थिति दुरुस्त है। बैंक मजबूत हुए हैं और क्रेडिट में वृद्धि दर्ज की गई है। आईएमएफ के अनुसार, भारत की प्रति व्यक्ति जीडीपी 2,520 डॉलर (2.07 लाख रुपए) है। आईएमएफ और विश्व बैंक की बैठक में शामिल होने यूएस गईं देश की वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने मजूबत आर्थिक स्थिति को लेकर कहा कि वैश्विक चुनौतियों के बावजूद भारत उन चुनिंदा देशों में से है जो शानदार प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने आईएमएफ के ही अनुमान का जिक्र करते हुए कहा कि भारत सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था बना रहेगा।

# मारुति ने बाजार में उतारी नई सीएनजी कार, 32 किमी के का किफायती एवरेज, दाम भी कम


नई दिल्ली, एजेंसी। देश की सबसे बड़ी कार निमार्ता कंपनी मारुति सुजुकी इंडिया ने कार बाजार में अपनी नई सीएनजी कार उतार दी है बाजार में सीएनजी कारों का दबदबा कायम है। ऐसे में भारत की प्रमुख ऑटोमोटिव ब्रांड मारुति सुजुकी ने एक और सीएनजी कार बहुत ही कम कीमत में लॉन्च कर दी है। मारुति सुजुकी ने अपनी माइक्रो एसयूवी एस-प्रेसो का नया सीएनजी वर्जन लॉन्च कर दिया है। मारुति सुजुकी का दावा है कि यह कार सीएनजी पर 32.73 किलोमीटर प्रति किलो माइलेज देगी। यह एआरएआई द्वारा भी प्रमाणित किया गया है।

मारुति एस प्रेसो एस सीएनजी में कंपनी ने 1.0 लीटर डुअल जेट, डुअल वीवीटी नेक्स्ट जनरेशन के सीरीज इंजन को दिया है। एस-प्रेसो एस का नया सीएनजी इंजन 5,300 आरपीएम पर 41.7किलोवाट (56.69 पीएस) का पीक पावर आउटपुट और सीएनजी मोड में 3,400 आरपीएम पर 82.1एनएम का अधिकतम टॉर्क पैदा करता है। पेट्रोल से चलने पर यह इंजन 5,500 आरपीएम पर 65.26 पीएस की पीक पावर और 3,500 आरपीएम पर 89 एनएम की टॉर्क देता है। एस-प्रेसो 5-स्पीड मैनुअल गियरबॉक्स के साथ-साथ 5-स्पीड एएमटी के साथ उपलब्ध है। मारुति एस-प्रेसो एस-सीएनजी 5-स्पीड मैनुअल ट्रांसमिशन के साथ काम करती है। मारुति ने इस कार में एंड्रॉयड ऑटो और एप्पल कारप्ले की कनेक्टिविटी वाला 7 इंच का टचस्क्रीन इंफोटेनमेंट सिस्टम दिया है। इसके साथ ही इसमें आपको डिजिटल इंस्ट्रूमेंट क्लस्टर, फ्रंट पावर विंडो, कीलेस एंट्री, फ्रंट सीट पर डुअल एयरबैग्स, रियर पार्किंग सेंसर्स, स्पीड अलर्ट, ईबीडी के साथ एंटी लॉक ब्रेकिंग सिस्टम, फ्रंट सीटबेल्ट रिमाइंडर जैसे फीचर्स देखने को मिलते हैं। केवल एस-प्रेसो एलएक्सआई एस-सीएनजी और वीअक्सआई एस-सीएनजी वैरिएंट में ही सीएनजी उपकरण मिलते हैं।

# केंद्रीय कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 9 फीसदी बढ़ा

## डीए की नई दरें 1 जुलाई 2022 से लागू

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने पांचवे व छठे वेतन आयोग के तहत वेतन प्राप्त कर रहे कर्मचारियों के महंगाई भत्ते (डीए) में वृद्धि कर दी है. इस वृद्धि के बाद छठे वेतन आयोग के तहत वेतन ले रहे कर्मचारियों का महंगाई भत्ता 203 फीसदी से बढ़कर 212 फीसदी हो गया है। डीए की नई दरें 1 जुलाई 2022 से लागू मानी जाएंगी। इसके अलावा पांचवें वेतन आयोग के तहत वेतन ले रहे केंद्रीय कर्मचारियों के डीए को 15 फीसदी बढ़ाकर 396 फीसदी कर दिया गया है। इन कर्मचारियों के लिए भी बढ़ोतरी 1 जुलाई से ही लागू मानी जाएगी। महंगाई भत्ता किसी कर्मचारी के बेसिक वेतन के आधार पर तय किया जाता है। अगर किसी केंद्रीय कर्मचारी की बेसिक सैलरी 43000 रुपए प्रति माह है तो उसे पुराने डीए (203 फीसदी) के तहत 87,290 रुपए मिलते होंगे। वहीं डीए 212 फीसदी होने के बाद ये बढ़कर 91,160 रुपए हो जाएगा। इससे उनके वेतन में करीब 3800 रुपए का इजाफा हो जाएगा। बता दें कि डिपार्टमेंट ऑफ एक्सपेंडिचर (डीओआई) ने 12 अक्टूबर को एक ऑफिस मेमोरेंडम जारी कर डीए बढ़ोतरी की सूचना दी थी। सातवें वेतन आयोग के तहत वेतन या पेंशन ले रहे कर्मचारियों का डीए व डीआर (महंगाई राहत) सितंबर में 34 फीसदी से बढ़ाकर 38 फीसदी कर दिया गया था। इसके बाद से ही छठे व पांचवें वेतन आयोग के तहत वेतन या पेंशन ले रहे कर्मचारी, पूर्व कर्मचारी डीए या डीआर बढ़ाने की मांग कर रहे थे।



सरकार अपने कर्मचारियों और पेंशनभोगियों को महंगाई से मुकाबले के लिए भत्ता देती है। इसी को महंगाई भत्ता (कर्मचारियों के लिए) और महंगाई राहत (पेंशनभोगियों के लिए) कहते हैं। केंद्र सरकार जुलाई और जनवरी में इसकी समीक्षा करती है। डीए इस बात पर भी निर्भर करता है कि कर्मचारी किस क्षेत्र में काम करता हैं। यानी शहरी क्षेत्र, लघु शहरी और ग्रामीण क्षेत्र में काम करने वाले कर्मचारियों का डीए अलग-अलग होता है। डीए किसी कर्मचारी के बेसिक वेतन के आधार पर होता है। बेसिक पे में किसी अन्य तरह का विशेष भुगतान नहीं होता है और ये शुद्ध वेतन होता है।

# एफपीआई ने भारतीय शेयर बाजार से अक्टूबर में की बड़ी बिकवाली

नई दिल्ली, एजेंसी। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (एफपीआई) ने अक्टूबर के पहले दो हफ्तों में भारतीय शेयर बाजारों से करीब 7,500 करोड़ रुपए निकाले हैं। अमेरिकी का केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व तथा विश्वभर के अन्य केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति सख्ती की चिंताएं धारणा को प्रभावित कर रही हैं। डिपॉजिटरी के आंकड़े बताते हैं कि विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने 2022 में अब तक 1.76 लाख करोड़ रुपए निकाले हैं। कोटक सिक्योरिटीज के एक इक्विटी शोध प्रमुख ने कहा कि आने वाले महीनों में भू-राजनीतिक जोखिमों और बढ़ती मुद्रास्फीति आदि के कारण एफपीआई प्रवाह अस्थिर रह सकता है। आंकड़ों के मुताबिक, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों ने तीन से 14 अक्टूबर के दौरान शेयर बाजार से 7,458 करोड़ रुपए निकाले। सितंबर में उन्होंने शेयर बाजार से 7,600 करोड़ रुपए से अधिक निकाले थे। इससे पहले एफपीआई ने अगस्त में 51,200 करोड़ रुपए का और जुलाई में करीब 5,000 करोड़ रुपए का निवेश किया था। जुलाई से पहले विदेशी निवेशक पिछले साल अक्टूबर से लगातार नौ महीने तक शुद्ध बिकवाल बने रहे थे। एक अन्य शोध प्रमुख ने कहा कि एफपीआई द्वारा हालिया निकासी व्यापक रूप से अमेरिका एवं अन्य देशों के केंद्रीय बैंकों द्वारा मौद्रिक नीति में सख्ती से उपजी चिंताओं की वजह से की गई।

# सेंसेक्स की 10 प्रमुख कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण 78,163 करोड़ घटा

नई दिल्ली, एजेंसी। बीते सप्ताह सेंसेक्स की 10 प्रमख कंपनियों में से छह का बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) 78,163 करोड़ रुपए घट गया। सबसे अधिक नुकसान में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 271.32 अंक के नुकसान में रहा। रिलायंस इंडस्ट्रीज, भारती एयरटेल, आईसीआईसीआई बैंक, एचयूएल, बजाज फाइनेंस और एसबीआई के मूल्यांकन में गिरावट आई जबकि टीसीएस, एचडीएफसी बैंक, इंफोसिस तथा एचडीएफसी लाभ में रहे। हालांकि चारों कंपनियों को 30,467.03 करोड़ रुपए का जो लाभ हुआ है वह छह कंपनियों को हुए घाटे की तुलना में कम है। समीक्षाधीन सप्ताह में रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजार पूंजीकरण 42,113.47 करोड़ रुपए गिरकर 16,04,069.19 करोड़ रुपए रहा। भारती एयरटेल का बाजार पूंजीकरण 15,159.81 करोड़ रुपए घटकर 4,26,226.99 रहा। आईसीआईसीआई बैंक की बाजार हैसियत 8,272.37 करोड़ रुपए गिरकर 6,06,317.50 करोड़ रुपए और हिंदुस्तान यूनिलीवर (एचयूएल) की 5,404.06 करोड़ रुपए घटकर 6,05,219.47 करोड़ रुपए रह गई। वहीं बजाज फाइनेंस का बाजार पूंजीकरण 4,268.28 करोड़ रुपए की गिरावट के साथ 4,40,295.38 करोड़ रुपए और भारतीय स्टेट बैंक का 2,945.12 करोड़ रुपए कम होकर 4,70,371.66 करोड़ रुपए रहा है।

इस रुख के विपरीत टीसीएस की बाजार हैसियत 11,965 करोड़ रुपए की बढ़त के साथ कुल 11,33,446.05 करोड़ रुपए हो गई। इंफोसिस का भी बाजार पूंजीकरण 9,383.46 करोड़ रुपए बढ़कर 6,20,254.82 करोड़ रुपए हो गया।

# हिमालया ने बच्चों में क्लेफ्ट लिप और पैलेट की जागरुकता बढ़ाने के लिए अपना मुख्य अभियान -एक नई मुस्कान पुन: पेश किया

चंडीगढ़ :भारत के अग्रणी वैलनेस ब्रांड्स में से एक, हिमालया वैलनेस कंपनी ने आज बैंगलुरू में अपने ह्यएक नई मुस्कानह्वह्व अभियान के सातवें संस्करण का लॉन्च किया। मुस्कान हिमालया का एक प्रमुख सामाजिक कार्यक्रम है, जिसका उद्देश्य बच्चों में क्लेफ्ट लिप और पैलेट के बारे में जागरुकता बढ़ाना है। यह अभियान स्माईल ट्रेन के सहयोग से निर्मित व क्रियान्वित किया गया है, जो क्लेफ्ट की विकृति पर जागरुकता बढ़ाने और वंचित वर्गों को चेहरे के इस जन्मजात विकार को ठीक करने में 100 फीसदी निशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी एवं विस्तृत क्लेफ्ट केयर प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है। इस साल यह अभियान हिमालया ने क्लेफ्ट के कारण उत्पन्न होने वाले सामाजिक कलंक को संबोधित करने और समाज को इस बारे में जागरुक बनाने के लिए एक कार्यक्रम के आयोजन के साथ किया कि क्लेफ्ट से पीड़ित बच्चे पूर्ण व सेहतमंद जीवन व्यतीत कर सकते हैं। इस कार्यक्रम में अनेक दिलचस्प गतिविधियाँ जैसे बच्चो के लिए गेमिंग जोन, आर्ट वर्कशॉप, एवं इंटरैक्टिव इंस्टॉलेशन थे। इस कार्यक्रम में बच्चों को विभिन्न इंस्टाग्राम इन्फ्लुएंसर्स जैसे नेहा चटलानी, नम्रता कुमारी, स्वाति गांधी, दीक्षा, और पलक भंडारी के साथ संवाद करने का अवसर भी मिला ।हिमालया वैलनेस कंपनी के जनरल मैनेजर, कंज्यूमर प्रोडक्ट्स डिवीजन, श्री सुशील गोस्वामी ने कहा, ह्यह्यमुस्कान अभियान हमारे दिलों के काफी नजदीक है, पिछले सालों में हमने सैकड़ों बच्चों को क्लेफ्ट रिपेयर सर्जरी कराने के बाद सेहतमंद और प्रसन्नचित्त जीवन पाते देखा है। हमें उम्मीद है कि अपने लक्ष्य के अनुरूप हमें भविष्य में भी कई बच्चों के चेहरों पर यही मुस्कान देखने को मिलेगी। कंपनी के रूप में हमने हमेशा वैलनेस के साथ खुशी पाने में यकीन रखा है, और यही हमारे काम और संचालन का मूल है। हिमालया लिप केयर का यह अभियान हमें अपने मिशन को ऑनग्राउंड चलाने और वह प्रभाव उत्पन्न करने में मदद करेगा, जो हम देखना चाहते हैं। मुस्कान के साथ हम इन साहसी बच्चों के सफर में साझेदारी करना चाहते हैं, ताकि वो अपने सपनों को पूरा कर एक स्वस्थ व प्रसन्नचित्त जीवन व्यतीत कर सकें ।इस अभियान पर जोर देते हुए मिस अंजलि कटोच, सीनियर डायरेक्टर कम्युनिकेशन एंड डेवलपमेंट, स्माईल ट्रेन इंडिया ने कहा, क्लेफ्ट से पीड़ित बच्चों को खाने, साँस लेने, और बोलने में मुश्किल होती है और उन्हें ईएनटी संक्रमणों का जोखिम भी ज्यादा होता है। इससे उनका मानसिक और सामाजिक जीवन भी काफी प्रभावित हो सकता है। क्लेफ्ट की सर्जरी कराके उनके जीवन में परिवर्तन लाया जा सकता है, लेकिन भारत में सैकड़ों हजारों बच्चे गरीबी और जागरुकता की कमी के कारण अभी भी क्लेफ्ट के इलाज के इंतजार में हैं। मुस्कान और हिमालया वैलनेस कंपनी के साथ हमारी साझेदारी द्वारा हमारा उद्देश्य क्लेफ्ट के बारे में जागरुकता बढ़ाना और निशुल्क क्लेफ्ट सर्जरी और विस्तृत क्लेफ्ट केयर को भारत में ज्यादा से ज्यादा बच्चों तक पहुँचाना है।



newsdesk@motherlandvoice.org
editor@motherlandvoice.org



# टी20 पुरुष विश्वकप क्रिकेट : पहले ही क्वालिफाइंग मैच में नामीबिया ने श्रीलंका को हराकर उलटफेर किया

## प्लेयर ऑफ द मैच बने फ्राइलिंक




जिलॉन्ग, एजेंसी। यहां रविवार को गाबा मैदान में शुरू हुए आईसीसी पुरुष टी20 विश्वकप क्रिकेट टूनार्मेंट के क्वालिफाइंग राउंड के पहले ही मैच में नामीबिया ने एशियाकप विजेता श्रीलंका को 55 रनों से हराकर सबको हैरान कर दिया। इस मैच में शानदार प्रदर्शन के लिए नामीबिया के फ्राइलिंक को प्लेयर ऑफ द मैच का अवार्ड मिला।

ऑस्ट्रेलिया के गाबा मैदान में हुए इस मैच में श्रीलंकाई टीम ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया। नामीबिया ने पहले बल्लेबाजी करते हुए जेन फ्राइलिंक के 44 और जे. स्मिट के 31 रनों की सहायता से निर्धारित 20 ओवरों में सात विकेट पर 163 रन बनाये। वहीं श्रीलंका की ओर से मधुसन ने दो विकेट लिए जबकि बाकि गेंदबाजों को एक-एक विकेट लिया। इसके बाद जीत के लिए मिले 164 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए एशियाई चैम्पयन श्रीलंका की टीम केवल 108 रनों पर ही सिमट गयी। लक्ष्य का पीछा करते हुए श्रीलंकाई टीम की शुरूआत अच्छी नहीं रही और उसने केवल चार ओवर में ही 21 रन के स्कोर पर तीन विकेट खो दिये। कुसल मेंडिस 6, पाथुम निसानका 9 और दनुष्का गुणथिलका खाता खोले बिना ही पेवेलियन लौट गये हालांकि इसके बाद धनंजय डी सिल्वा और भानुका राजपक्षे ने संभालने की कोशिश की पर वह कुसल मेंडिस (6), पाथुम निसानका (9) और दनुष्का गुणथिलका (0) के अहम विकेट गंवा लिए। हालांकि इसके बाद धनंजय डी सिल्वा और भानुका राजपक्षे ने संभालने की कोशिश की इसके बाद श्रीलंकाई टीम के मैच में वापसी के सभी प्रयास विफल रहे। उसकी बल्लेबाजी इतनी लचर रही कि केवल 4 बल्लेबाज ही दो अंकों तक पहुंच पाये। सबसे ज्यादा 29 रन कप्तान दसुन सनाका ने बनाए जबकि अन्य बल्लेबाज नाकाम रहे। वहीं नामीबिया की ओर से इस मैच में डेविड वीज, बरनार्ड, बेन और जेन फ्रेलिंग ने 2-2 विकेट लिए।

इससे पहले इस मैच में पहले बल्लेबाजी नामीबियाई टीम की शुरूआत भी अच्छी नहीं रही। टीम ने 35 रनों के स्कोर पर ही अपने तीन विकेट गंवा दिए थे। इसके बाद फ्राइलिंक और स्मिट के बीच 33 गेंद में 69 रनों की तेज साझेदारी ने मैच पलट दिया और नामीबियाई टीम 163 रनों का एक अच्छा स्कोर बनाने में सफल रही। इस मैच में जीत के साथ ही नामीबिया ने एक बड़ी उपलब्धि हासिल कर ली है। नामीबिया टी20 अंतरराष्ट्रीय में एसोसिएट टीम के तौर पर पूर्ण सदस्य टीम पर सबसे बड़ी जीत दर्ज करने वाली तीसरी टीम बन गई है।

# 16 दिसंबर को होगी आईपीएल नीलामी

- मेगा नीलामी की रकम 95 करोड़ रुपये होने होने की उम्मीदें
- कोरोना काल से पहले के मूल प्रारुप में होंगे मुकाबले

मुंबई, एजेंसी। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के 2023 सत्र के लिए नीलामी इस साल के अंत में 16 दिसंबर को बेंगलुरु में होने की संभावना है। इसके साथ ही, मेगा नीलामी में जो रकम 90 करोड़ रुपये थी, उसे भी बढ़ाकर अगले सत्र से 95 करोड़ रुपये किये जाने की उम्मीद है। यह नीलामी 16 दिसंबर को होगी.




आईपीएल 2023 के सत्र से कोरोना काल से पहले के अपने मूल प्रारूप में खेला जाएगा। इसमें टीमें अपने घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलती थी। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष सौरव गांगुली ने इसको लेकर सभी मान्यता प्राप्त इकाइयों को जानकारी दे दी है।

गौरतलब है कि साल वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी फैलने के कारण यात्राओं को टालने के लिए आईपीएल कुछ स्थानों पर ही आयोजित किया गया था। वर्ष 2020 में इसका आयोजन संयुक्त अरब अमीरात के तीन स्थानों दुबई, शारजाह और अबुधाबी में खाली स्टेडियमों में किया गया था। वहीं वर्ष 2021 में इस टी20 टूनार्मेंट का आयोजन चार स्थानों दिल्ली, अहमदाबाद, मुंबई और चेन्नई में किया गया पर अब कोरोना महामारी नियंत्रण में है और इसलिए यह लीग घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान के पुराने प्रारूप में खेली जाएगी।

गांगुली ने सितंबर माह के अंत में राज्य इकाइयों को भेजे गए संदेश में कहा, ह्यआईपीएल को अगले साल से घरेलू मैदान और विरोधी टीम के मैदान पर मैच खेलने के प्रारूप में आयोजित किया जाएगा। सभी 10 टीमें अपने घरेलू मैच अपने तय स्थल पर खेलेंगी।ह्व

## संक्षिप्त समाचार

### विश्व कप के लिए फार्म में नजर नहीं आती भारतीय टीम : आकिब

लाहौर, एजेंसी। पाकिस्तान क्रिकेट टीम के पूर्व तेज गेंदबाज आकिब जावेद ने कहा है कि टी-20 विश्व कप के लिए भारतीय टीम फार्म में नजर नहीं आती है। भारतीय टीम ने साल यूएई में टी-20 विश्व कप समाप्त होने के बाद से ही 8 द्विपक्षीय टी-20 सीरीज जीती है और केवल एक में उसे दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 2-2 से ड्रॉ खेलना पड़ा था पर इसके बाद भी जावेद का मानना है कि मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के नहीं रहने से भारतीय टीम का गेंदबाजी आक्रामक प्रभावित होगा। इस पूर्व खिलाड़ी के अनुसार बाकि बचे तेज गेंदबाजी आक्रमण के नाम पर केवल मध्यम तेज गेंदबाजों की भीड़ भर है। अकीब ने इसके साथ ही ऑलराउंडर हार्दिक पंड्या की भी जमकर प्रशंसा की है। उन्होंने कहा कि पंड्या मैच में अंतर पैदा कर देते हैं। उन्होंने कहा, ह्य भारतीय टीम की हालत ज्यादा अच्छी नहीं है क्योंकि उसके खिलाड़ी लय में नहीं हैं। बुमराह के बाहर होने के बाद उनकी जगह मो शमी को शामिल किया गया है पर शमी को अभ्यास की कमी के कारण लय हासिल करने में परेशानी आयेगी। ऐसे में पाकिस्तान टीम को लाभ मिलेगा।

### दिलशान चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप से बाहर हुए

सिडनी, एजेंसी। श्रीलंकाई क्रिकेट टीम के तेज गेंदबाज दिलशान मधुशंका चोटिल होने के कारण टी20 विश्व कप क्रिकेट टूनार्मेंट से बाहर हो गये हैं। दिलशान को प्रशिक्षण के दौरान यह चोट लगी थी। जिसके बाद हुई एमआरआई जांच में उन्हें चोट लगने की पुष्टि हुई थी। अब श्रीलंकाई क्रिकेट (एसएलसी) शीध्र ही उनकी जगह किसी अन्य खिलाड़ी के नाम की घोषणा कर सकता है। दिलशान के चोटिल होन से श्रीलंकाई टीम को करारा झटका लगा है क्योंकि इस तेज गेंदबाज ने एशिया कप में अपनी टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई थी। श्रीलंका के पास वर्तमान में जो रिजर्व खिलाड़ी हैं उन्हीं में से किसी एक का चयन किया जाएगा।

### मैक्सवेल के खराब फार्म से ऑस्ट्रेलियाई टीम की परेशानी बढ़ी

नई दिल्ली, एजेंसी। खिलाड़ी की फिटनेस से जूझ रही ऑस्ट्रेलियाई टीम अब अपने स्टार ऑलराउंडर ग्लेन मैक्सवेल के खराब फार्म से परेशान है। ऑस्ट्रेलियाई टीम को अगर खिताब बचाना है तो उसके लिए मैक्सवेल का फार्म में आना जरुरी है। मैक्सवेल टीम के एक मैच विजेता खिलाड़ी हैं। वह गेंदबाजी के साथ ही अपनी आक्रामक बल्लेबाजी के लिए भी जाने जाते हैं पर हाल के कुछ दिनों से वह न ही रन बना पा रहे हैं और न ही विकेट लेने में सफल हो रहे। मेजबान ऑस्ट्रेलियाई टीम को हाल में खेली गयी टी20 सीरीज में भारत और इंग्लैंड के हाथों हार का सामना करना पड़ा है। इन दोनों ही सीरीज में मैक्सवेल नाकाम रहे थे। उनके प्रदर्शन का स्तर इतना खराब हो गया है कि पिछली सात पारियों में बल्लेबाजी करते हुए वह दो अंकों तक भी नहीं पहुंच पाये हैं। भारत के अलावा वह वेस्टइंडीज के खिलाफ टी20 सीरीज में भी रन नहीं बना पाये। इंग्लैंड के खिलाफ खेली गई तीन मैचों की टी20 सीरीज में भी मैक्सवेल संघर्ष करते दिखे। पिछले सात टी20 मुकाबले में उनकी गेंदबाजी भी अच्छी नहीं रही और वह इन मुकाबलों में केवल दो विकेट ही ले पाये हैं। भारत, वेस्टइंडीज और इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में भी वह विकेट नहीं ले पाये।

### टी20 विश्व कप की अंतिम ग्यारह में शमी और अर्शदीप को मिलेगा अवसर : उथप्पा

मेलबर्न, एजेंसी। पूर्व भारतीय क्रिकेटर रॉबिन उथप्पा ने कहा है टी20 विश्व कप के लिए भारत की अंतिम ग्यारह टीम में तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी और युवा अर्शदीप सिंह भी शामिल रहेंगे। वहीं अगर भारतीय टीम तीन तेज गेंदबाजों के साथ खेलने का फैसला करती है तो भुवनेश्वर कुमार और हर्षल पटेल में से किसी एक को ही अंतिम ग्यारह में जगह मिल पायेगी।

# टी-20 विश्व कप के लिए पसंदीदा नहीं माने जाने से निराश नहीं विलियमसन



मेलबर्न, एजेंसी। न्यूजीलैंड क्रिकेट टीम के कप्तान केन विलियमसन ने कहा है कि टी-20 विश्व कप खिताब के लिए उनकी टीम को प्रबल दावेदार नहीं माने जाने से वह निराश नहीं है। विलियमसन के अनुसार उनका ध्यान अपनी टीम के खेल पर रहेगा और उन्हें इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि कौन क्या सोच रहा है।

विलियमसन ने टी-20 विश्व कप से पहले सभी कप्तानों के कार्यक्रम में कहा,ह्वहमारे पास वास्तव में कोई विकल्प नहीं है कि लोग हमें क्या कहते हैं, हम यहां खेलने आए हैं और हमारा ध्यान अपने खेल पर ही रहेगा।

विलियमसन ने आगे कहा,ह्वहर किसी के पास अलग-अलग टैग और रैंकिंग होती है जो साल भर ऊपर और नीचे जाती है और मुझे लगता है कि वे अलग-अलग नामों के साथ समाप्त होते हैं। ऐसे टूनार्मेंटो में कुछ भी हो सकता है, आप खेल में कभी भी ऊपर आ सकते हैं।ह्व

गौर हो कि न्यूजीलैंड का पिछले कुछ समय से आईसीसी टूनार्मेंट्स में शानदार प्रदर्शन रहा है। इसके बाद भी प्रशंसक उसे प्रबल दावेदारों में नहीं गिनते हैं।



ऑकलैंड में महिला विश्वकप के ग्रुप ए के रग्बी मुकाबले में खेलती हुई इटली की मारिया मैगाटी व कनाडा की गिलियन बैग और एलीसा एलेरिया।

# तकनीकी बदलाव कर विश्वकप के लिए तैयार हो रहे फिंच

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेट टीम के कप्तान आरोन फिंच पिछले कुछ समय से खराब फार्म से गुजर रहे हैं। ऐसे में वह टी20 विश्व कप में सफल होने के लिए अपने खेलने की तकनीक में बदलाव कर रहे हैं। फिंच ने टी20 पर ध्यान देने के लिए पिछले दिनों एकदिवसीय टीम की कप्तानी भी छोड़ दी थी। फिंच इंग्लैंड के खिलाफ तीन टी20 मैचों में केवल 25 रन ही बना पाये थे।



फिंच ने कहा ,ह्यह्य टी20 क्रिकेट में सलामी बल्लेबाज के लिए सभी प्रकार के अवसर होते हैं। इसमें आक्रामक खेलकर आप आप के पास टीम को अच्छी शुरूआत देने के साथ ही लंबी पारी भी खेल सकते हैं लेकिन इसके साथ ही शुरूआत में विकेट खोने का जोखिम भी रहता है।ह्लह्ल

फिंच ने कहा ,ह्यह्य इसी को देखते हुए मैने कुछ तकनीकी बदलाव किये हैं जिससे अब मैं विश्व कप के लिये पूरी तरह से तैयार हूं।ह्लह्ल विश्वकप में ऑस्ट्रेलिया का पहला मुकाबला 22 अक्टूबर को सिडनी में न्यूजीलैंड से होगा। फिंच ने कहा कि उनके पास काफी संतुलित टीम है। उन्होंने कहा,ह्यह्यकेवल 11 खिलाड़ी ही विश्व कप नहीं जीतते बल्कि इसमें सभी 15 खिलाड़ियों का सहयोग होता है। उन्होंने कहा कि हमारे पास काफी संतुलित टीम है जिसमें कई मैच विजेता खिलाड़ी शामिल हैं।ह्लह्ल कप्तान ने माना कि टीम को पिछले दिनों कई बार असफलता का सामना करना पड़ा है। उसे पिछली तीन में से दो टी20 सीरीज में हार का सामना करना पड़ा है पर इस बार टीम बुलंद इरादों से अपना खिताब बरकरार रखने उतरेगी।

# भारत-पाक महामुकाबले में हो सकती है बारिश

मेलबर्न, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया के मेलबर्न में 23 अक्टूबर को होने वाले भारत-ऑस्ट्रेलिया महामुकाबले पर बारिश का साया मंडरा रहा है। इस मैच का प्रशंसक बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं और इसी कारण इसके सभी टिकट भी बिक गये हैं। अगर बारिश हुई तो प्रशंसकों को झटका लगने के साथ ही विश्वकप का रोमांच भी कम हो जाएगा।




मौसम विभाग के अनुसार 23 अक्टूबर को मेलबर्न में सुबह और शाम को बारिश के अनुमान हैं। यहां के कुछ इलाकों में पिछले दिनों से बारिश चल रही है। उसको देखते हुए मौसम विभाग का आंकलन नकारा भी नहीं जा सकता है। इससे पहले हुए एशिया कप में भी दोनो टोमों के बीच दो मुकाबले हुए थे। जिसमें दोनो ही टीमें एक-एक मुकाबला जीतीं थीं। पाक ने इस टूनार्मेंट के लिए चोटिल उस्मान कादिर की जगह फखर जमान को टीम में शामिल किया है। फखर इससे पहले एशिया कप में घुटने की चोट के कारण शामिल नहीं किये गये थे हालांकि अब वह चोट से उबर गये हैं और खेलने के लिए तैयार हैं। वहीं मुख्य तेज गेंदबाज शाहीन अफरीदी की भी टीम में वापसी हुई है। शाहीन के आने से खेल में प्रतिस्पर्धा और कड़ी होगी। वहीं भारतीय टीम ने अपने मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की जगह पर मो शमी को शामिल किया है। बुमराह पीठ में दर्द के कारण इस सीरीज में नहीं खेलेंगे।

# जीत से उत्साहित नामीबियाई कप्तान बोले , अभी काफी कुछ करना शेष

जिलॉन्ग, एजेंसी। श्रीलंका के खिलाफ टी20 विश्व कप क्रिकेट टूनार्मेंट के ग्रुप ए के पहले ही मैच में मिली जीत के बाद नामीबिया के कप्तान गेरहार्ड इरास्मस ने खुशी व्यक्त की है पर कहा कि अभी उन्हें इस टूनार्मेंट में काफी कुछ करना शेष है।



मैच के बाद गेरहार्ड ने कहा, पिछला साल हमारे लिए विशेष रहा था। इस दौरान हमने काफी सफलता हासिल की हालांकि इस पूरे टूनार्मेंट में अभी बहुत कुछ करना शेष है। यह हमारे लिए ऐतिहासिक दिन रहा है। उद्घाटन के दिन मिली जीत हमारे लिए और भी अहम है पर हम यहां से बड़ी शुरूआत करना चाहते हैं और अब हमारा लक्ष्य सुपर 12 चरण के लिए क्वालीफाई करना है। हमारी इस सफलता का श्रेय कोच पियरे डी ब्रुइन को मिलना चाहिये। उन्होंने बेहतर कोचिंग देने के साथ ही जीत की संस्कृति शुरू की है। पियरे ने सीमित संसाधनों के साथ ही यह उपलब्धि हासिल की है। नामीबिया ने इस मैच में श्रीलंकाई टीम को 55 रनों से हराकर सबको हैरान किया है।

# 17 से 19 अक्टूबर, 2022 को तालकटोरा स्टेडियम में 23वीं नेशनल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप का होगा आयोजन

नई दिल्ली। स्वस्थ हृदय, तन मन और आत्मा को बनाए रखने के लिए खेल और फिटनेस गतिविधियाँ बहुत अच्छी हैं। फिट इंडिया पहल को बढ़ावा देने के लिए, रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आर.एस.एफ.आई) 1 से 19 अक्टूबर 2022 तक तालकटोरा इंडोर स्टेडियम, नई दिल्ली में 23वीं नेशनल रोप स्किपिंग चैंपियनशिप का आयोजन कर रहा है, जिसमें लगभग 700 छात्रों के भाग लेने की उम्मीद है। छात्र भारत भर के 20 विभिन्न राज्यों से आ रहे हैं ।

कार्यक्रम का उद्घाटन श्रीमती मीनाक्षी लेखी, (विदेश राज्य मंत्री और संस्कृति राज्य मंत्री) 17 अक्टूबर 2022 को मुख्य अतिथि के रूप में करेंगी और 19 अक्टूबर को समापन समारोह के दौरान श्री जितेंद्र सिंह, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और पृथ्वी विज्ञान मंत्रालय के राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) और प्रधान मंत्री कार्यालय के राज्य मंत्री मुख्य अतिथि होंगे जो खिलाड़ियों को मेडल,ट्राफी पर प्रशस्ति पत्र प्रदान करेंगे ।

दिल्ली भाजपा के पूर्व अध्यक्ष और एनडीएमसी के उपाध्यक्ष श्री. सतीश उपाध्याय ने इस साल से रोप स्किपिंग फडरेशन ऑफ इंडिया के संरक्षक बनने के लिए अपनी सहमति दे दी है। उन्होंने पहल करने के लिए आर.एस.एफ.आई को बधाई दी। ह्यआर.एस.एफ.आई के प्रयास सराहनीय हैं और फिट इंडिया के आंदोलन के साथ जुड़े हुए हैं, हमारे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी का सपना साकार हो रहा है। उन्होंने जोर देकर कहा कि शिक्षा विभाग, एनडीएमसी के कर्मचारी अपने पाठ्यक्रम के तहत रस्सी कूदने की गतिविधियों को रखेंगे ताकि कर्मचारियों और छात्रों को फिट रखा जा सके ताकि एक फिट राष्ट्र बन सके।

रोप स्किपिंग फेडरेशन ऑफ इंडिया (आरएसएफआई) के महासचिव श्री. निर्देश शर्मा ने स्टेट एसोसिएट एसोसिएशन और कोचों की अपनी पूरी टीम के प्रयासों की सराहना की, जिन्होंने वेबिनार के रूप में तकनीकी विज्ञान का उपयोग करते हुए महामारी के दौरान भी अपने छात्रों को पढ़ाने के लिए लगातार प्रयास किए। ह्वरोप स्किपिंग किसी भी खेल के लिए बुनियादी वार्मअप गतिविधि है और रोप स्किपिंग अपने आप में बहुत बड़ी है और आप हर खेल के प्रतिभागियों को रोप स्किपिंग में प्रतिस्पर्धा करने और खुद को फिट और फाइन रखने के लिए देखना चाहेंगे।ह्व महामारी के बाद रोप स्किपिंग का यह पहला बड़ा आयोजन है क्योंकि इसमें विभिन्न शैलियों और भिन्नताओं के कुल

# उमरान टीम के लिए फायदेमंद रहते : अरुण

नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व गेंदबाजी कोच भरत अरुण ने कहा है कि टी20 विश्व कप के लिए तेज गेंदबाज उमरान मलिक को शामिल किया जाना था। भरत के अनुसार उमरान टीम के लिए लाभदायक साबित होते। उमरान ने आईपीएल 2022 में लगातार 150 किमी प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से गेंदबाजी कर बल्लेबाजों को परेशान कर दिया था। अरुण ने कहा, 'उमरान मलिक एक अच्छा खिलाड़ी हैं। ऑस्ट्रेलियाई विकेटों को देखते हुए मुझे लगता है कि भारत ने ती स्पिनरों को लेकर सही नहीं किया है जबकि उमरान जैसे गेंदबाज तेज गेंदबाज अधिक प्रभावी रहता।'



अरुण ने कहा, 'ऑस्ट्रेलियाई विकेटों पर काफी उछाल है। मैदान बड़े हैं , ऐसे में तेज गेंदबाजों की भूमिका अहम साबित हो सकती है। किसी भी समय आप टीम में केवल एक स्पिनर को अवसर दे सकते हैं और आपके पास दो का विकल्प होगा। इसलिए मेरा मानना है कि चयनकताओं को एक स्पिनर की जगह पर उमरान मलिक को शामिल करना था।' पीठ की चोट के कारण मुख्य तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह टीम में नहीं हैं। ऐसे में मोहम्मद शमी को टीम में शामिल किया गया है जबकि मोहम्मद सिराज और शार्दुल ठाकुर को रिजर्व खिलाड़ी के रूप में शामिल किया गया है।

# रेगासा और इरिन दिल्ली हाफ मैराथन में विजेता बने

## स्टीपल चेज में भारत के अविनाश और संजीवनी शीर्ष पर रहे

नई दिल्ली, एजेंसी। इथोपियाई एथलीट चाला रेगासा और कीनिया की इरिन चेप्टाई ने शानदार प्रदर्शन करते हुए रविवार को यहां आयोजित वेदांता दिल्ली हाफ मैराथन में पुरुष और महिला वर्ग के मुकाबले जीते हैं। रेगासा ने पुरुष वर्ग में एक घंटे 30 सेकंड के समय निकालकर दौड़ जीती जबकि महिला वर्ग में इरिन ने 1:06:42 का सर्वश्रेष्ठ समय निकालकर पहला स्थान हासिल किया। वहीं कीनिया के ही फेलिक्स किपकोच और इथियोपिया के बोकी डिरिबा पुरुष वर्ग में 1:00:33 और 1:00:34 का समय निकालकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे जबकि 1:08:02 और 1:08:11 का समय निकालकर इथोपिया की डाविट सीयूम और युगांडा की स्टेला चेसांग महिलाओं की दौड़ में दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।




वहीं स्टीपल चेज के पुरुष वर्ग में भारत के अविनाश साबले 1:04:00 का समय निकाल कर पहले स्थान पर रहे। उन्होंने कार्तिक कुमार और श्रीनु बुगाथा को 0.04 सेकंड के अंतर से पीछे छोड़ा। दूसरी ओर महिला वर्ग में संजीवनी यादव ने 1:17:53 का समय लेकर शीर्ष स्थान हासिल किया जबकि मोनिका अथारा और प्रीति लांबा 1:18:39 और 1:19:06 का समय निकालकर दूसरे और तीसरे स्थान पर रहीं।

# गर्म पानी पीने के फायदे

पानी हमारे शरीर का एक महत्पूर्ण कंटेंट है। आपने यह तो सुना ही होगा कि हमारे खून का अधिकतर हिस्सा पानी ही होता है। यही कारण है कि हमारे शरीर का हाइड्रेटेड रहना बहुत ज़रूरी होता है। गर्म हो या सामान्य तापमान का हमें शरीर की जरूरत के अनुसार पर्याप्त पानी पीते रहना चाहिए। हालांकि इस मामले में बहुत ज्यादा वैज्ञानिक शोध नहीं किए गए हैं, लेकिन लोग अपने ख़ुद के अनुभवों और अपने पूर्वजों के ज्ञान के आधार पर कहते हैं कि गर्म पानी पानी, ठंडा पानी पीने की तुलना में कहीं अधिक फायदेमंद होता है। हमने गर्म पानी पीने के कुछ फायदों की पड़ताल करने की सोची, खासकर यह देखते हुए कि गर्म पानी को पाचन में सुधार और कब्ज़ से मुक्ति का रामबाण उपाय सुनने के बाद।



**पाचन सुधरता है :** गर्म पानी पीने से पाचन तंत्र स्वस्थ बना रहता है। जैसे-जैसे गर्म पानी आपके पेट और आंतों से होकर गुज़रता है, शरीर के पाचनतंत्र से मल की निकासी में मदद मिलती है। मल की निकासी में मददगार होने के अलावा यह भी माना जाता है कि गर्म पानी भोजन के पाचन में भी सहायता करता है। इसके पीछे यह तर्क दिया जाता है कि हमारे द्वारा खाई गई कुछ ऐसी चीजें होती हैं, जिनको पचाने में पेट को काफी परेशानी होती है। गर्म पानी पीने से वे पदार्थ घुल जाते हैं, जिसके कारण उन्हें ब्रेक करना आसान हो जाता है।

**सर्दी-ज़ुकाम से बंद नाक खुलती है :** जुकाम होने पर गर्म पानी पीने की सलाह आपको भी मिली होगी। आज़माने पर आपने फर्क भी महसूस किया होगा। जो नाक बुरी तरह जाम हो गई थी, गर्म पानी की चुस्की लेने से खुलती है। गले की ख़राश में आराम मिलता है। दरअसल गर्म पानी से आपका बंद साइनस खुलता है। साइनस के चलते होनेवाला सिरदर्द भी कम होता है। सर्दी-ज़ुकाम में साइनस और गले में म्यूकस मेंब्रेन जमा होते हैं, जिसकी वजह से सबकुछ जाम-जाम सा हो जाता है। गर्म पानी पीने से वे पिघलते हैं।

**कब्ज दूर करने में मदद मिलती है :** आपने कभी ग़ौर किया है, जब आप लगातार कुछ दिनों तक पानी कम पीते हैं, तब आपको कब्ज़ की शिकायत होने लगती है। मल भी कठोर हो जाता है, जिसके कारण शौच के समय दिक़्क़त होने लगती है। समय रहते कब्ज़ पर ध्यान नहीं दिया गया तो पाइल्स जैसी दर्दनाक बीमारियां आपको परेशान करने के लिए तैयार बैठी हैं। कब्ज़ दूर करने के प्रभावी घरेलू तरीक़ों में एक है गर्म पानी पीना। गर्म पानी पीने से न केवल शरीर हाइड्रेटेड रहता है, बल्कि मल भी नरम हो जाता है। नरम मल के कारण शौच करते समय अधिक प्रयास नहीं करना पड़ता। गर्म पानी को रूटीन का हिस्सा बनाकर आप कब्ज़ के कब्ज़े से ख़ुद को आसानी से बाहर खींच लाते हैं।

**ब्लड सर्कुलेशन सुधरता है :** शरीर में रक्त संचार सुचारू रूप से होते रहना बहुत ज़रूरी है, आख़िर यह ब्लड प्रेशर के साथ-साथ हमारे हृदय के स्वास्थ्य से जुड़ी बात है। जब आप गर्म पानी से नहाते हैं, तब ब्लड सर्कुलेशन में महत्वपूर्ण भूमिका निभानेवाली धमनियां और नसों में प्रसरण होता है, जिसके कारण रक्त को कंडक्ट करने की उनकी कैपिसिटी बढ़ती है। लगभग ऐसा ही प्रभाव गर्म पानी पीने से भी होता है।

# टमाटर में छिपा है कुदरती खूबसूरती का राज



टमाटर न सिर्फ खाने के लिए बेस्ट है बल्कि चेहरे की खूबसूरती और त्वचा को निखारने के भी काम आता है। चेहरा आपके शरीर का महत्वपूर्ण अंग होता है। टमाटर में मौजूद विटामिन सी, एंटी ऑक्सीडेंट, पोटैशियम, लाइकोपेन चेहरे को सुंदर और रंग में निखार लाता है। इसके अलावा एंटी एजिंग के प्रभाव को काबू करने में भी मददगार साबित होता है। इसका इस्तेमाल कर त्वचा से अतिरिक्त ऑयल खत्म किया जा सकता है। इसके लिए टमामट के गूदे को त्वचा पर रगड़ें और पांच मिनट बाद धो लें।

टमाटर के जूस को त्वचा पर लगाएं। उसमें मौजूद लाइकोपेन स्किन की टोन को बेहतर करेगा और आपको ताजगी भी देगा। टमाटर रोम छिद्रों को कंट्रोल करने में मददगार साबित होता है। उसका रस चेहरे पर लगाकर रगड़ें। यहां तक कि चेहरे के रोम छिद्र में अच्छी तरह पहुंच जाएं। त्वचा के रोम छिद्र में रस शामिल होने के 20 मिनट बाद धो लें।

दो चम्मच टमाटर का जूस, दो चम्मच दही और एक चम्मच नींबू का रस मिलाकर रुई के जरिए त्वचा पर मसाज करें। 15 मिनट बाद चेहरे को धो लें। प्रतिदिन इस विधि को अपनाकर झुर्रियों को काबू में किया जा सकता है। जली हुई स्किन और मृत कोशिकाओं को कंट्रोल करने में टमाटर आपकी मदद कर सकता है। इसके लिए पाबंदी से उसका रस चेहरे पर लगाएं। चेहरा धूप की किरणों से काला पड़ जाए तो टमाटर को रगड़ा जा सकता है।

# धूप के कारण काले पड़ गए हैं हाथ-पैर



धूप में लगातार घूमने के कारण चेहरे ही नहीं हाथों, गर्दन व पैरों पर भी टैनिंग हो जाती है। बेशक यह आम-सी समस्या है लेकिन अगर समय पर कोई ट्रीटमेंट ना किया जाए तो धीरे-धीरे प्रभावित हिस्से की स्किन काली पड़ जाती है, जो देखने में काफी भद्दी लगता है। हालांकि बहुत-सी लड़कियां इसके लिए मार्केट में मिलने वाले प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल करती हैं लेकिन उसके केमिकल्स से स्किन को नुकसान भी पहुंच सकता है। ऐसे में आप किचन में मौजूद कुछ चीजों से टैनिंग की छुट्टी कर सकती हैं, वो भी कम खर्च और बिना किसी साइड-इफैक्ट के।

**दही**

दही में लैक्टिक एसिड मौजूद होता है जो त्वचा में नमी को बरकरार रखता है। इसे आप क्लींजर के तौर पर भी इस्तेमाल कर सकती हैं।

**क्या करें?**

इसके लिए 2 बड़े चम्मच दही और 1 बड़ा चम्मच नींबू का रस मिलाएं। इस पेस्ट को 20 मिनट के लिए हाथों पर लगा कर छोड़ दें। फिर सादे पानी से धो लें।

**टमाटर**

टमाटर में ब्लीचिंग गुण और कई तरह के यौगिक होते हैं, जो टैन को कम करने के साथ त्वचा को निखारने में भी मदद करते हैं।

**क्या करें?**

इसके लिए टमाटर के पल्प को टैनिंग वाली जगह पर 20 मिनट लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। इसके अलावा टमाटर को आधा काटकर उसपर मलाई लगाएं। फिर इससे प्रभावित हिस्से पर मसाज करें। इससे भी टैनिंग रिमूव हो जाएगी।

**नींबू रस**

एंटी-पिगमेंट्री और विटामिन सी से भरपूर नींबू स्किन के लिए ब्लीच की तरह काम करता है, जिससे टैनिंग दूर हो जाती है। ध्यान रखें कि इसे सीधा स्किन पर ना लगाएं और अगर एलर्जी है तो इससे दूर रहें।

**क्या करें?**

नींबू के रस में थोड़ा-सा पानी मिलाएं। इसमें कॉटन बाल को भिगोकर हाथों या टैनिंग वाली जगह पर 20 मिनट तक लगाएं और फिर ताजे पानी से धो लें। नियमित ऐसा करने से आपको फर्क दिखेगा।

**एलोवेर**

एलोवेरा में विटामिन सी, कैरोटीन होता है, जो स्किन सेल्स को बढ़ावा देता है और टैनिंग की समस्या को भी कम करता है।

**क्या करें?**

इसके लिए 2 चम्मच एलोवेरा जेल में 1 चम्मच शहद मिला लें। इस मिश्रण को प्रभावित हिस्से पर 15 मिनट तक लगाकर रखें और फिर धो लें।

**खीरा**

खीरे में मॉइश्चराइजिंग और बायोएक्टिव गुण होते हैं जो सनटैन के प्रभाव को कम करते हैं। साथ ही इसके हाइड्रेटिंग गुण त्वचा में नमी भी बनाए रखते हैं।

**क्या करें?**

1 खीरा के रस में 1 चम्मच एलोवेरा जेल मिलाएं। इस मिश्रण को हाथों और टैनिंग वाले हिस्से पर 20 मिनट तक लगाएं। इसके बाद ताजे पानी से धो लें। हफ्ते में कम से कम 3-4 बार ऐसा करें।



# ब्रेस्ट कैंसर से छुटकारा दिलाती है काली मिर्च

काली मिर्च हर किचन में मसाले के रूप में पायी जाती है। काली मिर्च में आयरन, पोटेशियम, मैग्नीशियम, मैंगनीज, जिंक, क्रोमियम, विटामिन ए और सीए और अन्य पोषक तत्त्व मौजूद हैं। काली मिर्च का प्रयोग खाने में किया जाता है। इसके सेवन से कैंसर जैसी खतरनाक बीमारी से भी बचा जा सकता है।

**काली मिर्च के फायदे:**

- काली मिर्च कैंसर जैसी जानलेवा बीमारी से शरीर की सुरक्षा करता है। ब्रेस्ट कैंसर को होने से रोकने में काली मिर्च काफी सहायक है। काली मिर्च के नियमित सेवन से स्तन कैंसर की गांठ नहीं बनती है।
- काली मिर्च टेस्ट बड्स से पेट को संकेत भेजता है और हाइड्रोक्लोरिक एसिड का उत्पादन करने के लिए प्रेरित करता है। इस एसिड से पेट की पाचन क्रिया सही होती है। यह एसिड भोजन सामग्री को पचाने में सहायक है।
- नियमित काली मिर्च का सेवन करने से वजन पर भी नियंत्रण पाया जा सकता है। इसमें शक्तिशाली फाइटोन्यूट्रीसियंस होते हैं जो वसा की बाहरी परत को तोड़ने में सहायक होते हैं।
- काली मिर्च पेट की गैस से राहत दिलाती है। काली मिर्च में वातहर गुण पाया जाता है, इसके सेवन से पेट में गैस नहीं बनती है और पेट ठीक रहता है। काली मिर्च शरीर की ये समस्या दूर करने में सबसे कारगर साबित होती है।

# 40 के बाद इन एक्सरसाइज से रखें खुद को फिट



**अगर आपकी उम्र भी 40 के पार है और आप खुद को फिट रखना चाहते हैं तो इन 5 एक्ससाइज को रोजाना करेंगे तो आप फटि रहेंगे।**

1 सबसे पहले सुबह उठकर एक्सरसाइज शुरू करते ही आप सबसे पहले सीधे खड़े हो जाएं। पैरों के बीच में गैप रखें। अब एक हाथ से अपोजिट पैर को छुएं और फिर दूसरे हाथ से दूसरे पैर को छुएं। इस एक्सरसाइज को कम से कम 10 मिनट जरूर करें।

2 पैरों की साइकलिंग को बहुत अच्छी एक्सरसाइज माना जाता है। इसे सुबह-सुबह जरूर करें। इसके लिए सबसे पहले पीठ के बल लेट जाएं और फिर दोनों पैरों को थोड़ा उठाएं और साइकिल के पैडल पर पैर चलाते है ठीक उसी तरह से पैरों को चलाएं। इस तरह कम 15 मिनट करें।

3 थाई एक्सरसाइज से आपके मांसपेशियां में होने वाली अकड़न दूर होती है। इसके लिए सबसे पहले आप सीधे खड़े हो जाएं और दोनों हाथों को कमर पर रखें और अपना पैर फोल्ड करके खड़े हो और आगे और पीछे की तरफ झुके। यह एक्सरसाइज को करने से आपकी थाई के अलावा घुटने को भी मजबूत करती है।

4 साइड लेग एक्सरसाइज पैरों के लिए बहुत अच्छा माना जाता है। इसके लिए आप जमीन पर करवट लेकर लेट जाएं और एक हाथ को शरीर के नीचे और दूसरे हाथ को कमर पर रखें। एक पैर को दूसरे पर रखते हुए फिर आपनी टागें तानकर सीधा करें। ऐसा तब तक करें कि जब तक आपके हिप्स पर दबाव महसूस ना हो।

5 इनके साथ-साथ हाथ और गर्दन की स्ट्रेंचिंग करना भी बहुत जरूरी है। इसके लिए आप दोनों पैरों को फोल्ड करके बैठ जाए और अपनी गर्दन को चारों दिशाओं में घुमाएं। ऐसा करने से गर्दन में आराम मिलेगा। हाथों की स्ट्रेंचिंग के लिए दोनों हाथों को फैलाएं और फिर सिर के ऊपर और नीचे लेकर जाएं।

# ऑफ़िस में ऐसी न हो आपकी बॉडी लैंग्वेज

**जिस तरह ऑफ़िस में हम सबसे एक शालीन भाषा व व्यवहार की अपेक्षा रखी जाती हैं, उसी तरह हमारी देहभाषा यानी बॉडी लैंग्वेज भी शालीन होनी चाहिए। ऐसा इसलिए क्योंकि आपकी बॉडी लैंग्वेज बिना कुछ कहे आपके बारे में बहुत कुछ कह जाती है। आइए जानें, बॉडी लैंग्वेज से संबंधित पांच ग़लतियां, जिनसे आपको हर हाल में बचना है।**

**गलती नंबर 1**

**कंधे झुकाकर रखना :** कंधे झुकाने को थक जाने या हार मानने का प्रतीक माना जाता है। जब ऑफ़िस में आपके कंधे झुके होते हैं तो उससे यह अंदाज़ा लगाया जाता है कि आपमें एनर्जी नहीं है। और तो और आपको किसी चीज़ की ज़्यादा परवाह नहीं है। आपको ऑफ़िस के काम में इंट्रेस्ट नहीं है। आप काम को सीरियसली नहीं लेते हैं। आपके झुके हुए कंधे कुल मिलाकर ऑफ़िस में आपकी नेवगेटिव क्षवि बनाते हैं। तो जब अगली बार आपके बॉस या सहकर्मी आपसे बात कर रहे हों तो चौकस रहें। उनकी बातों को ध्यान से सुनें। आप अपनी कुर्सी पर थोड़ा-सा आगे की ओर सरक जाएं और बीच-बीच में अपना सिर हिलाते हुए यह जताएं कि आप उनकी बातों पर गौर कर रहे हैं। हां, जरूरत से ज्यादा सिर हिलाने से यह लग सकता है कि आप दिखावा कर रहे हैं या बेहद नर्वस हैं। आपको इससे भी बचना है।

**गलती नंबर 2:**

**बात करते हुए यहां-वहां देखना**

जब कोई आपसे बात कर रहा हो तो आपको उसकी आंखों में देखना चाहिए कहने का मतलब आई कॉन्टैक्ट प्रॉपर रखना चाहिए। यहां-वहां देखने को ठीक नहीं माना जाता। इसका यह मतलब लगाया जाता है कि आपको सामनेवाले की बातों में कोई रुचि नहीं है। पर कुछ लोग आई कॉन्टैक्ट को इतना सीरियसली ले लेते हैं कि वे सामनेवाले को इस तरह घूरने लगते हैं कि वह असहज हो जाता है। ऐसे में करें क्या? इसका सबसे अच्छा तरीक़ा है बातचीत करते समय 3 से 5 सेकेंड तक सामनेवाले की आंखों में देखें, फिर अपनी आंखें हटा लें और उसके बाद दोबारा 3 से 5 सेकेंड का आई कॉन्टैक्ट बनाएं।

**गलती नंबर 3:**

**एकदम से पास आकर बैठ जाना**

जब आप ऑफ़िस में किसी अकेले व्यक्ति या व्यक्तियों के समूह के साथ बात कर रहे हों तो आपको इस बात का ख़ास ध्यान रखना होगा कि आपके और उनके बीच ठीक-ठाक फ़ासला हो। एकदम से पास जाकर बात करना ठीक नहीं माना जाता। वहीं एक और बात भी ज़रूरी है। जब कोई आपसे बात करने आए तो अपने काम में लगे रहने के बजाय उसकी ओर ध्यान दें। अगर आप कम्प्यूटर या लैपटॉप पर काम कर रहे हों या कुछ पढ़-लिख रहे हों तो काम करना बंद करके बातचीत करें। अगर आपका काम बहुत अर्जेंट और महत्वपूर्ण हो तो उस व्यक्ति को यह बताते हुए कुछ देर बाद आने कहें।

**गलती नंबर 4:**

**बातचीत के दौरान हाथों का कुछ ज्यादा ही मूवमेंट**

कई लोग बातचीत करते समय आई कॉन्टैक्ट बनाने जैसा बेसिक नियम तो फ़ॉलो करते हैं, पर उनके हाथों की उंगलियां कुछ और करती रहती हैं। मसलन वे उंगलियां चटकाते रहते हैं या किसी चीज़ से खेल रहे होते हैं। आजकल तो बेवजह मोबाइल की स्क्रीन पर स्वाइप कर रहे होते हैं। इस बॉडी लैंग्वेज से यह इम्प्रेशन जाता है कि मुझे तुम्हारी बातों में कोई खास रुचि नहीं है।

**गलती नंबर 5:**

**बांहें क्रॉस करके रखना**

जब बॉस या दूसरे सहकर्मी आपसे बात कर रहे हों और आप बांहें क्रॉस करके खड़े हों तो मतलब यह है कि आप डिफ़ेंसिव मुद्रा में हैं और बातचीत में बहुत ज़्यादा इंट्रेस्ट नहीं ले रहे हैं। तो अगली बार जब बॉस आपसे बात कर रहा हो या कोई ब्रीफ़ दे रहा हो तो सीधे बैठें या खड़े रहें। आपके कंधे और हाथ रिलैक्स्ड होने चाहिए। अगर आप खड़े हैं तो अपने दोनों हाथों को शरीर के आगे की ओर रखें।



# डेंगू से निपटने के घरेलू उपाय

अक्सर बारिश के मौसम में मच्छरों से फैलने वाला बुखार, डेंगू संक्रमण के कारण होता है, जो शरीर के लिए घातक भी साबित होता है। इससे होने वाले बुखार बहुत तेज होता है। जैसा कि हम जानते हैं कि रोकथाम भी एक प्रकार का इलाज ही है तो आज हम आपको डेंगू की रोकथाम के घरेलू उपचार के बारें में बताने जा रहे हैं।



**डेंगू की रोकथाम के उपाय:**

रात्री को सोते वक्त मच्छरदानी का इस्तेमाल करें, और अगरबत्ती या मच्छर से बचाने वाले स्प्रे का इस्तेमाल करें। अपने आसपास साफ-सफाई का स्पेशल ख्याल रखें और आसपास खुले में पानी एकत्रित न होने दें।

हल्दी एक एंटी बायोटिक दवा है। इसके हर रोज उपयोग से हम डेंगू से बच सकते हैं। तुलसी को उबालकर शहद संग पीने से भी डेंगू से बचाव संभव है। तुलसी को चाय या काढ़े में भी डालकर पी सकते हैं।

तुलसी में एंटी-बैक्टीरियल तत्व पाए जाते हैं जो डेंगू के वायरस से बचाव में फायेदमंद होते हैं। डेंगू से होने वाली कमज़ोरी और रक्त की कमी को ठीक करने के लिए अनार का उपयोग भी करना चाहिए।

गिलोय हर प्रकार की बीमारी का रामबाण उपचार है। इसकी डाली को तोड़कर, कूटकर और उबाल कर काढ़ा पिने से यह रोग प्रतिरोधक क्षमता को बहुत अधिक बढ़ा देता है।

# जीरे से बनाएं स्क्रब

## चेहरे को साफ करने का है सबसे आसान तरीका

**रसोई में रखा जीरा तड़का लगाने के काम आता है। लेकिन क्या आप जानती हैं कि जीरे से चेहरे पर भी निखार लाया जा सकता है। वैसे तो जीरा सेहत और पेट के लिए लाभकारी होता है। वहीं जीरे से बना स्क्रब चेहरे को अंदर तक साफ करता है। तो चलिए जानें जीरे से स्क्रब बनाने का तरीका जो स्किन को आसानी से साफ करेगा और आपके पार्लर का भी पैसा बचाएगा। जीरे में मौजूद एंटीबैक्टीरियल और एंटीऑक्सीडेंट प्रॉपर्टीज स्किन को हमेशा यूथफूल बनाए रखते हैं।**

**ऐसे बनता है जीरे का स्क्रब**

दो चम्मच जीरा, आधा कप चीनी, बड़ा चम्मच शहद, तीन से चार बूंदे बादाम के तेल की और टी ट्री ऑयल की बीस बूंदे। इन सारी चीजों को एक बाउल में लेकर मिला लें। जीरे के साथ चीनी को अच्छी तरह से मिक्स करें। फिर किसी शीशी में भरकर इसे रख दें। जीरे से तैयार ये स्क्रब स्किन के लिए बहुत फायदेमंद है। स्किन की टैनिंग को हटाने के लिए जीरे को पीसकर इसमें दही मिला दें। फिर गुलाबजल मिलाकर स्किन पर लगाएं।

**चेहरे पर निखार**

चेहरे को साफ और गोरा करने के लिए जीरा पाउडर में हल्दी पाउडर और शहद मिलाकर लगाएं, इससे आपके चेहरे की फेयरनेस बढ़ने के साथ निखार भी आएगा।


**चेहरे के रिंकल्स**

बढ़ती उम्र के साथ चेहरे पर आने वाले रिंकल्स को दूर रखने के लिए भी जीरे का इस्तेमाल किया जाता है। इसके लिए जीरे को बेसन व कच्चे दूध में मिलाकर चेहरे पर लगाएं। इस पेस्ट को चेहरे पर लगाने से रिंकल्स दूर होते हैं।



**आज की रेसिपी**

# रसमलाई



**सामग्री :**

- 2 लीटर दूध फुल क्रीम
- चीनी आवश्कतानुसार
- केसर एक चुटकी
- कटे हुए बादाम
- छेना 500 gram
- छोटी इलायची 3 से 4 पीसी हुई

**विधि :**

- सबसे पहले छेने को किसी बर्तन में डालकर अपने हाथो से अच्छी तरह मथ के बाद नर्म कर ले।
- इसके बाद यह बिलुल गुथा हुआ आटा के समान हो जाएगा। इसमें से कुछ छेना अलग निकाल ले और बाकि की छोटी -छोटी गोलिया बना कर रख ले।
- उसके बाद आप चीनी की सहायता से चाशनी को तैयार करे जब चाशनी बनकर तैयार हो जाए तब उन गोलियों को गर्म चशनी में डाल दे और 15-20 मिनट तक रहने दे , उन गोलियों का आकार बड़ा हो जाएगा अब इनको चाशनी में से निकलकर ठंडा होने के लिए साफ जगह पर रख दे।
- अब दूध में चीनी डालकर उबाल ले और तब तक उबाले जब तक दूध आधा न रह जाए साथ ही दूध में इलायची, बादाम भी डाल दे अब ह्मारा दूध रसमलाई के लिए बिलकुल तैयार है। अब उन रसमलाई की गोलियों को चाशनी में से निकालकर दूध में डाल दे।
- अब रसमलाई को अलग बर्तन में निकालिए, और पिस्ते,काजू से सजाये और फ्रिज में रख दीजिए। अब स्वाद से भरपूर रसमलाई तैयार है।